CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-27-2026 22:51 Color:

महानगर > मुंबई > बुधवार, 28 जनवरी 2026 > माघ 8 शक संवत 1947 माघ शुक्ल, दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 23 > मूल्य ₹5.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

भारत Vs न्यूज़ीलैंड
चौथा T20 7:00pm से, विशाखापत्तनम में स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर ▶p10

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

हार्वर्ड की इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेगी प्रियंका ▶p11

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 3, 5, 10

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-7

अंतर्ज्ञान

दुनिया वैसी नहीं है, जैसी दिखती है। दुनिया वैसी है, जैसी आपकी दृष्टि है। अगर दृष्टि में धुंध है, तो हर व्यक्ति गलत लगेगा, हर परिस्थिति कठिन लगेगी। दृष्टि की मरम्मत आत्म-चिंतन से होती है। जब दृष्टि साफ होती है, तो वही दुनिया जो पहले बोझ थी, अब सुंदर लगने लगती है। दृष्टि बदलते ही प्रतिक्रिया बदलती है और प्रतिक्रिया बदलते ही जीवन की गुणवत्ता बदल जाती है। स्पष्ट दृष्टि आपको चीजों को वैसा देखने देती है जैसा वे हैं, न कि जैसा आपका भय उन्हें दिखाता है। दृष्टि में शुद्धता ही जीवन में शांति लाती है। दृष्टि बदलने का अर्थ है अंधकार को हटाना, प्रकाश को नहीं। और जब दृष्टि साफ होती है, तो जीवन अपने आप सरल हो जाता है।

फटाफट खबरें

अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग को कहा अलविदा

बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर अरिजीत सिंह ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर बड़ा ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को बताया कि वह पार्श्वगायक के रूप में अपनी यात्रा को विराम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि वह आगे कोई भी नया असाइनमेंट नहीं लेंगे। ▶▶पेज 11

लाउडस्पीकर गिरने से 4 वर्षीय बच्ची की मौत

विक्रोली पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्टैंड पर रखा लाउडस्पीकर गिरने से एक 4 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे टैगोर नगर की एक गली में हुई। पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ▶▶पेज 3

ट्रक की टक्कर से 4 श्रद्धालुओं की मौत

डोंबिवली (प.) के उमेशनगर इलाके के श्रद्धालुओं से भरी एक गाड़ी को सोलापुर के मंगलवेढ़ा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 8 लोग घायल हैं। मृतकों में कल्याण-डोंबिवली के 3 और मुंबई का 1 श्रद्धालु शामिल है। ▶▶पेज 6

मदरसे में बिरयानी खाने से 23 बच्चे हुए बीमार

कोलाबा के एक मदरसे में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान फूड पॉइजनिंग की शिकायत के बाद 23 बच्चों को सेंट जॉर्ज अस्पताल में भर्ती कराया गया। 10 बच्चों को सोमवार रात को भर्ती किया गया, जबकि 13 बच्चों को मंगलवार को अस्पताल लाया गया। बच्चों की उम्र 9 से 14 वर्ष के बीच है। ▶▶पेज 5

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
मुंबई	158265 (+4573)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
मुंबई	344564 (+26859)

अर्थसार

सेंसेक्स	81,857.48 (+319.78)
निफ्टी	25,175.40 (+126.75)
रु/यूएस डॉलर	91.72 (-0.229)
रु/यूरो	109.0443 (+1.131)

मौसम

कोलाबा	27.6	22.4
सांताक्रूज	27.8	22.6
सूर्यास्त बुधवार	6:29 बजे	
सूर्योदय गुरुवार	7:14 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल मार्ग द्वारा सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

भारत और EU के बीच फ्री ट्रेड डील पर बातचीत हुई पूरी

यूरोप बोला मेड इन इंडिया

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अमेरिका से टैरिफ पर तनाव के बीच भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) के बीच फ्री ट्रेड अग्रीमेंट (FTA) की राह बन गई। पीएम नरेन्द्र मोदी ने भारत-EU शिखर सम्मेलन में बातचीत पूरी होने का ऐलान किया। EU प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा की मौजूदगी में पीएम ने समझौते को ऐतिहासिक बताया।

US से टैरिफ पर तनाव के बीच भारत के लिए राहत

समझौते से भारत से यूरोप भेजे जाने वाली 93% चीजों पर टैरिफ खत्म हो जाएगा। लेदर एंड फुटवेयर, टेक्सटाइल्स, समुद्री उत्पादों, जेम्स-ज्वेलरी, दवाओं, चाय, कॉफी, मसाला सहित एग्री प्रोडक्ट्स के निर्यात को फायदा होगा। वैल्यू के आधार पर भारत से EU को होने वाले निर्यात के 99% तक हिस्से पर टैरिफ में छूट मिलेगी। मल्टीनैशनल कंपनियों के लिए एक मैसेज होगा कि वे भारत में फैक्ट्री लगाकर वहां से निर्यात करें तो EU के 27 देशों में उन्हें इंपोर्ट ड्यूटी में बड़ी छूट मिलेगी। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने उम्मीद जताई कि समझौता 2026 में लागू हो जाएगा। ▶▶पेज 2, 9

डील पर मुहर पीएम ने ट्रेड डील पर बातचीत पूरी होने का ऐलान किया।

6.4 लाख करोड़ का निर्यात भारत ने पिछले साल किया था

2.87 लाख करोड़ से अधिक के एक्सपोर्ट पर 27 देशों में टैरिफ जीरो हो जाएगा

99% भारत के निर्यात को EU में मिलेगी टैरिफ से छूट

25% भारत और EU का हिस्सा है ग्लोबल GDP में

"यह समझौता अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता है। यह डील भारत को दुनिया में मजबूत आर्थिक शक्ति बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।" -नरेन्द्र मोदी, पीएम

"हम 2 अरब लोगों के लिए बाजार बना रहे हैं। यह दुनिया की दूसरी और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की कहानी है।" -उर्सुला वॉन डेर लेयेन, अध्यक्ष, EU

लग्ज़री कारें और चॉकलेट होंगे सस्ते

यूरोप से आने वाली मर्सिडीज, लैंबोर्गिनी, पोर्श, ऑडी और BMW जैसी लग्जरी कारों के दाम घट सकते हैं। प्रीमियम कारों पर भारत 70% से 110% तक कस्टम्स ड्यूटी लगाता है। इसे चरणबद्ध ढंग से घटाकर 5 वर्षों में 10% किया जाएगा। यूरोप से आने वाली वाइन पर टैरिफ 20% तक किया जाएगा। ब्रेड, पेस्ट्री, बिस्किट और चॉकलेट जैसे प्रोसेस्ड फूड पर टैरिफ 50% तक है, जिसे धीरे-धीरे घटाकर खत्म कर दिया जाएगा।

भारतीय प्रोफेशनल्स को भी मिलेगा फायदा

यूरोप ने सर्विसेज के 144 सब-सेक्टर्स में भारतीय प्रोफेशनल्स को रियायत देने की हामी भरी है। इससे भारत के IT, एजुकेशन और दूसरी बिजनेस सर्विसेज के पेशेवर लोगों को यूरोप में काम करने में आसानी होगी। यूरोप में पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्क वीजा के बारे में भी बात की गई है। प्रोफेशनल्स के घरवालों की आसान आवाजाही हो सकेगी।

UGC नियम पर बोले प्रधान, किसी के साथ गलत नहीं होगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

UGC के नए नियमों के विरोध के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि किसी के साथ गलत नहीं होगा। शिक्षा मंत्रालय कानूनी सलाह भी ले रहा है।

धर्मेंद्र प्रधान

प्रधान ने कहा कि वह भरोसा दिलाते हैं कि अत्याचार के लिए इन प्रावधानों का दुरुपयोग नहीं करने दिया जाएगा। यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में आई है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी वर्ग, समुदाय या व्यक्ति के साथ अन्याय न हो। UGC के सूत्रों ने कहा कि अगर किसी भी छात्र के साथ भेदभाव होता है तो वह शिकायत कर सकता है। संस्थान के प्रमुख और भेदभाव रोकने वाली कमिटी हर छात्र की शिकायत सुनेगी।

PTI

विरोध दिल्ली समेत देश के शहरों में नियम के खिलाफ प्रदर्शन किया गया।

छात्रों का आरोप, अराजकता फैलेगी

जनरल कैटिगरी के छात्रों ने दिल्ली समेत कई शहरों में UGC नियमों के खिलाफ प्रदर्शन किया। UGC हेडक्वॉर्टर के बाहर स्टूडेंट्स ने कहा कि नए नियम परिसरों में अराजकता पैदा कर सकते हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक दलों के भीतर भी उबाल है। BJP के अंदर भी इस नियम का विरोध हो रहा है।

दोनों एयरपोर्ट को जोड़ने वाली मेट्रो को मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनैशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट को जोड़ने वाली मेट्रो को राज्य की कैबिनेट इंफ्रास्ट्रक्चर कमिटी ने मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस पर करीब 22,862 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें 20% हिस्सा केंद्र सरकार, 20% राज्य सरकार और शेष हिस्सा पीपीपी ऑपरेटर का होगा। सरकार ने इसे तीन साल में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

प्रोजेक्ट की खास बातें: इस मेट्रो प्रोजेक्ट की लंबाई 35 किलोमीटर है। इसमें 9.25 किलोमीटर भूमिगत और 24.636 किलोमीटर हिस्सा एलिवेटेड होगा। कुल 20 स्टेशन होंगे, जिसमें 6 भूमिगत और 14 एलिवेटेड रहेंगे। 30.7 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की जरूरत होगी, जिस पर लगभग 388 करोड़ रुपये खर्च आएगा। यह लाइन कुर्ला स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस सहित कई महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों को भी जोड़ेगी। तीन अन्य मेट्रो लाइनों के साथ इंटरचेंज होगा।

BJP-शिंदे सेना के पार्षदों का जॉइंट ग्रुप!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को फोन करने के बाद शिंदे गुट के नगरसेवकों की कोंकण भवन जाकर रजिस्ट्रेशन कराने की तैयारी रुक गई। सूत्रों के मुताबिक आज बीजेपी के 89 और शिंदे सेना के 29 नवनिर्वाचित नगरसेवक जॉइंट ग्रुप के रूप में रजिस्ट्रेशन कराएंगे। शिंदे सेना के एक नेता ने बताया कि सीएम और डीसीएम के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद हमें पार्टी से संदेश मिला कि अब कोंकण भवन जाकर अलग रजिस्ट्रेशन नहीं करना है।

CM फडणवीस ने DCM शिंदे को किया फोन

मुंबई में मेयर पद को लेकर वर्षा बंगले में सीएम फडणवीस के नेतृत्व में चुनाव समिति की बैठक हुई। बैठक में बीएमसी के सत्ता गठन में शिंदे सेना की हिस्सेदारी और मुंबई का मेयर कौन होगा, इस पर गंभीर चर्चा हुई। बीजेपी के एक नेता ने बताया कि बैठक में मुंबई के साथ ठाणे और मीरा-भाईंदर में शिंदे सेना के साथ कैसे सत्ता का गठन होगा, इस पर भी चर्चा की गई। ▶▶पेज 4

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: cci Time: 01-27-2026 22:41 Color:

व्यक्तिगत रूप से मैं पाकिस्तान को वर्ल्ड कप में खेलते देखना चाहता हूं। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं और हमारे क्रिकेट को बड़े टूर्नामेंटों में टीम के अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है। *-इंजमाम उल हक, पूर्व कप्तान, पाकिस्तान*

4

विकेट 10 रन देकर लिए थे दीपक हुडा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2022 में माउंट माउंगानुई में खेले गए टी20I मैच में। यह भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी20I मैच में बेस्ट बोलिंग फिगर है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी20I में बेस्ट बोलिंग फिगर का रेकॉर्ड किसके नाम है?
A) प्रवीण कुमार B) मिचेल सैंटनर C) दीपक हुडा D) ईश सोढ़ी
2. इवा योविच किस देश की टेनिस प्लेयर है?
A) यूक्रेन B) चेक रिपब्लिक C) यूएसए D) सर्बिया

कल के जवाब
1. C) 16 2. D) बिहार

लकी WINNER

1. उषा किरण, नजफगढ़, दिल्ली
2. हितेंद्र सिंह, गाजियाबाद, यूपी
3. बिमल भारद्वाज, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

अश्मिता मेन ड्रॉ में
■ **बैंकॉक:** भारत की अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो मुकाबले जीतकर महिला सिंगल्स मेन ड्रॉ में जगह बनाई। अश्मिता ने अपने पहले क्वॉलिफिकेशन मैच में चीनी ताइपे की हग यी-टिंग को 21-15, 12-21, 21-12 से शिकस्त दी। इसके बाद कोरिया की किम यू जून की कड़ी चुनौती को 21-11, 10-21, 21-16 से खत्म किया।

मार्टिन हुए गिरफ्तार
■ **बड़ोदरा:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन ने मंगलवार तड़के बड़ोदरा जिले में अपनी लग्जरी एसयूवी चलाते हुए कथित तौर पर शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी तीन कारों में टक्कर मार दी। हादसे के कुछ घंटे बाद 53 वर्षीय मार्टिन को हिरासत में लिया गया। मार्टिन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

अतिका का उम्दा आग़ाज़
■ **कोका:** भारत की 11 वर्षीय रेसिंग सनसनी अतिका मीर ने डब्ल्यूएसके सुपर मास्टर कार्टिंग सीरीज में शानदार शुरुआत की। वह 37 ड्राइवरों के क्वॉलिफाइंग ग्रिड में दूसरा सबसे तेज समय निकालने वाली पहली भारतीय बन गई। अतिका ने 49.76 सेकंड का समय निकाला।

यश विदर्भ टीम में
■ **नागपुर:** मौजूदा रणजी चैंपियन विदर्भ ने यूपी के खिलाफ यहां 29 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। दो बार की चैंपियन विदर्भ एलीट ग्रुप-ए में आंध्र और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

मौजूदा सीरीज़ में भारतीय फिरकीबाज़ नहीं कर पाए हैं उम्दा प्रदर्शन

स्पिनर्स को छोड़नी होगी छाप

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** सीरीज में अब तक खेल के लगभग हर विभाग में अपना दबदबा बनाने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले चौथे टी20 इंटरनैशनल मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी। हालांकि, मेजबान टीम चाहेगी कि उसके फिरकीबाज भी बाकी बचे दो मैच में अपनी छाप छोड़ें। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पहले तीन मैच जीत कर सीरीज अपने नाम कर ली है। इस बीच टीम के दो प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

कुलदीप या बिश्नोई में कोई एक: कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए हैं। तीसरे मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। कुलदीप इससे पहले वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। वरुण को पिछले मैच में रेस्ट दिया गया था, लेकिन पहले दो मैच में उनकी बोलिंग में वह धार नहीं दिखी, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई (गुवाहाटी में 18 रन देकर दो विकेट) को ही इलेवन में बनाए रखा जाए और कुलदीप को रेस्ट देने के लिए उनकी जगह वरुण को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि उंगली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं। भारत इस सीरीज में वर्ल्ड कप से पहले बोलिंग डिपार्टमेंट में अपने चरम पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बैटिंग में उसका कोई सानी नहीं दिख रहा। भारतीय बल्लेबाजों ने अब तक धमाकेदार प्रदर्शन किया है।

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, चौथा मैच
स्पिनर वरुण चक्रवर्ती तीसरे टी20I में रेस्ट के बाद कर सकते है वापसी

आमना-सामना
17 भारत | 10 न्यूजीलैंड | 28 कुल मैच | 1 टाई

संभावित प्लेइंग XI
भारत: अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे, टिम सफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, मिचेल सैंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, ईश सोढ़ी

टेलिकास्ट: शाम 7:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क, जियोहॉटस्टार पर

3 हजार टी20 इंटरनैशनल रन से सिर्फ 41 रन दूर है सूर्यकुमार यादव। भारत की तरफ से सिर्फ रोहित शर्मा (4231) और विराट कोहली (4188) ही यह आंकड़ा पार कर पाए है

5 विकेट दूर है ईश सोढ़ी टी20I में न्यूजीलैंड की ओर से सबसे सफल बोलर बनने से। टिम साउदी (164) टॉप पर है। ओवरऑल सोढ़ी से ऊपर साउदी और राशिद (187) ही है

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बदलेगा संजू का बैटिंग ऑर्डर!
टी20 सीरीज में भारत के लिए चिंता का सबब संजू सैमसन की खराब फॉर्म है। वह तीन मैचों में 5.33 औसत से 16 रन ही बना पाए है। इससे टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए है। हालांकि, तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण बाहर होने से टीम मैनेजमेंट संजू को खुद को साबित करने के लिए और मौका दे सकता है। संजू को तीसरे नंबर पर भी उतारने का विचार किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो अभिषेक के साथ ईशान पारी की शुरुआत करेंगे।

विहान का शतक, भारत की बड़ी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत के 'यंग-गंस' ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी जीत का सिलसिला लगातार चार मैचों तक बढ़ाते हुए मंगलवार को ग्रुप-2 के सुपर-6 मुकाबले में जिंबाब्वे को 204 रन से हराया। बुलावायो में खेले गए मैच में भारतीय टीम की जीत के नायक विहान मल्होत्रा रहे जिन्होंने 109* रन की उम्दा पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच विहान के अलावा वैभव सूर्यवंशी तेजतर्रार 52 रन और अभिज्ञान कुंडू की 61 रन की आकर्षक पारी की बदौलत भारतीय टीम ने आठ विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में जिंबाब्वे की टीम 37.4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। अंबरीश ने 19 रन देकर दो विकेट लिए जबकि उधव मोहन (3/20) और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 4 ओवर में केवल 14 रन देकर तीन विकेट निकालकर मैच को फटाफट खत्म कर दिया। जिंबाब्वे की ओर से लिरॉय चिवाउला ने सर्वाधिक 62 रन बनाए।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

वैभव का विस्फोट जारी: भारतीय टीम को ओपनर आरोन जॉर्ज और वैभव सूर्यवंशी ने तेज शुरुआत दी। दोनों ने महज चार ओवर में ही बोर्ड पर 44 रन टांग दिए। आरोन 16 गेंद पर 23 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन वैभव ने एक छोर से प्रहार करना जारी रखा। वैभव ने 30 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। कप्तान आयुष म्हात्रे और वेदांत त्रिवेदी का विकेट भी जल्दी-जल्दी गिरा।

प्लेयर ऑफ द मैच विहान मल्होत्रा
Social Media

भारत Vs जिंबाब्वे सुपर-6 का मैच

भारत का अगला मैच पाकिस्तान से होगा
भारत ने ग्रुप स्टेज में यूएस, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की टीम को शिकस्त दी थी। टीम ग्रुप-बी में टॉप पर रही थी। अजेय रथ पर सवार टीम इंडिया की अगली टक्कर 1 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगी। भारतीय प्लेयर्स एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार का हिसाब चुकता करना चाहेंगे।

ब्रीफ स्कोर
इंडिया U19: 352/8 (विहान मल्होत्रा 109*, कुंडू 61, वैभव सूर्यवंशी 52, तातेंडा चिमुगोरो 3/49)
जिंबाब्वे U19: 148/10 (लीरॉय चिवौला 62, कियान ब्लिगनट 37, आयुष म्हात्रे 3/14, उधव मोहन 3/20, अंबरीश 2/19)

अभी रिटायरमेंट का विचार नहीं: राहुल

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन वह जानते है कि अभी इसमें 'कुछ समय बाकी है' और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है। राहुल ने कहा, 'मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा।'

केएल राहुल

बांग्लादेशी मीडिया को वीजा की उम्मीद जगी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) भारत में टी20 वर्ल्ड कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए 'मीडिया एक्रिडिटेशन' पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था। ICC आवेदन प्रक्रिया में बदलाव कर रही है क्योंकि बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने दावा किया कि उनके 'एक्रिडिटेशन' (मान्यता) के अनुरोध को खारिज कर दिया गया था।

ICC के सूत्रों ने कहा, 'प्रक्रिया पर फिर से काम किया जा रहा है क्योंकि अनुरोध की संख्या और कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। एक्रिडिटेशन लिस्ट उसी हिसाब से तैयार की जा रही है। बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने अपनी टीम के टूर्नामेंट से हटने के बावजूद टूर्नामेंट कवर करने में दिलचस्पी दिखाई थी, उन्हें मंजूरी मिलनी शुरू हो गई है।' बांग्लादेश के लगभग 80-90 पत्रकारों ने एक्रिडिटेशन के लिए अनुरोध किया था और सूत्रों ने कहा कि भले ही उनकी टीम ICC टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही होती, तब भी सभी के अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता था।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

स्कॉटलैंड को आशा: क्रिकेट स्कॉटलैंड की सीईओ टूडी लिंडब्लेड को भरोसा है कि उनके राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप के लिए भारत की यात्रा करने के लिए समय पर वीजा मिल जाएगा। स्कॉटलैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के पेसर सफयान शरीफ भी शामिल है। भारतीय वीजा के लिए आवेदन करने वाले पाकिस्तानी मूल के आवेदकों की गहन जांच की जाती है, जिसके कारण प्रक्रिया में अधिक समय लगता है।



स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन

स्कॉटलैंड की टीम घोषित
टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह शामिल किए गए स्कॉटलैंड ने टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है, जिसमें अफगानिस्तान में जन्मे पेसर जैनुल्लाह इहसान को भी शामिल किया गया है। इहसान एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

स्कॉटलैंड टीम: रिची बेरिंग्टन (कप्तान), टॉम ब्रूस, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैडली करी, ओलिवर डेविडसन, क्रिस ग्रीव्स, जैनुल्लाह इहसान, माइकल जोंस, माइकल लीस्क, फिनले मैकक्रीथ, ब्रैंडन मैकमुलन, जॉर्ज मुंसी, सफयान शरीफ, मार्क वाट, ब्रैडली व्हील। **रिजर्व खिलाड़ी:** जैस्पर डेविडसन, जैक जार्विस।

अल्काराज ने पहली बार ली सेमीफाइनल में एंट्री

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने क्वॉर्टर फाइनल में एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 6-2, 6-1 से हराया और इस टूर्नामेंट में पहली बार अंतिम-4 में जगह बनाई। यह जीत अल्काराज के लिए डी मिनौर पर उनकी बढ़त को 6-0 तक ले गई। सेमीफाइनल में अल्काराज का सामना जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

सबालेंका भी सेमी में: विमिंस सिंगल्स में नंबर-1 अरिना सबालेंका ने भी अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा योविच को 6-3, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में 3-0 से बढ़त बनाकर इवा पर शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया। इस बीच, मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया।

गॉफ ने निकाला गुस्सा
एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की तीसरी वरीय कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी। गॉफ ने इस बीच गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, 'मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था।'

20 मैच खेले है कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में और 16 में जीत हासिल की है

संजू बस एक पारी दूर हैं: मोर्केल

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** भारतीय क्रिकेट टीम के बोलिंग कोच मोर्ने मोर्केल ने संजू सैमसन पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह ओपनर फॉर्म और आत्मविश्वास हासिल करने से बस एक अच्छी पारी दूर है। सैमसन ने पिछले तीन टी20I में सिर्फ 16 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे टी20I मैच की पूर्व संध्या पर मोर्केल ने कहा, 'संजू बस एक पारी दूर है, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिलेगा और फॉर्म में वापसी हो जाएगी। हमारे लिए वर्ल्ड कप की तैयारी के लिहाज से यह जरूरी है कि खिलाड़ी सही समय पर अपनी फॉर्म हासिल करें। वह अच्छी तरह अभ्यास कर रहे हैं और गेंद को बहुत अच्छे से मार रहे हैं।' मंगलवार को ऑप्शनल नेट सेशन था, लेकिन सैमसन ने 30 मिनट से अधिक समय तक प्रैक्टिस की। शुरुआती कुछ मिनटों की जद्दोजहद के बाद सैमसन का जाना-पहचाना अंदाज देखने को मिला।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

टीम इंडिया के बोलिंग कोच मोर्ने मोर्केल

ओरम की टीम को नसीहत: अभिषेक, ईशान और सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी ने मौजूदा टी20I सीरीज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए 'संयम बनाए रखना' मुश्किल कर दिया है। न्यूजीलैंड के बोलिंग कोच जैकब ओरम ने खिलाड़ियों से इस चुनौती को स्वीकार करने और उससे निपटने के तरीके इजाद करने की सलाह दी है। ओरम ने कहा, 'मैदान पर थोड़ी अराजकता जैसी स्थिति रही है। गेंद हर बार बाउंड्री के बाहर जा रही है। ऐसे में संयम और नियंत्रण बनाए रखने के साथ अपनी योजनाओं को अमल में लाना जरूरी है। हालांकि, यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है।' भारतीय बैटर सहजता से बड़े शॉट्स खेल रहे हैं।

स्पेन का दावा, फाइनल मैच की मेज़बानी करेंगे

■ **एजेंसियां, मेड्रिड:** फीफा ने अभी तक यह नहीं बताया है कि साल 2030 में होने वाले वर्ल्ड कप के नॉकआउट चरण के मैच कहां खेले जाएंगे, लेकिन स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्पेन फाइनल की मेजबानी करेगा। चार साल बाद होने वाले फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेजबानी स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को संयुक्त रूप से करनी है। खास बात यह है कि इस वर्ल्ड कप के एक-एक मैच की मेजबानी उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे भी करेंगे। वर्ल्ड कप फुटबॉल का शताब्दी वर्ष इन तीन देशों के लिए खास है। स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष राफेल लुज़ान ने मीडिया को बताया कि फाइनल मैच स्पेन में होगा, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह किस शहर या किस स्थान पर खेला जाएगा। उन्होंने कहा, 'स्पेन वर्ल्ड कप में टॉप पर रहेगा और फाइनल यहीं खेला जाएगा।' वैसे मोरक्को भी फाइनल की मेजबानी करना चाहता है। संभव है कि राफेल के दावे से दोनों मेजबानों के बीच कोई विवाद पैदा हो जाए।

फीफा वर्ल्ड कप 2030

वर्ल्ड कप में ओस फैक्टर की काट वरुण होंगे: कुंबले

■ **एजेंसियां नई दिल्ली:** दिग्गज क्रिकेटर अनिल कुंबले ने अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारत के स्पिन अटैक की अगुआई करने के लिए लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का समर्थन किया है। कुंबले का मानना है कि उन्हें शाम की ओस से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होगी, जो कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर के लिए ज्यादा परेशानी वाली हो सकती है। कुंबले ने कहा कि टूर्नामेंट में ओस निश्चित रूप से भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, 'खासकर फरवरी और मार्च में वर्ल्ड कप के दौरान, जब मैच देर शाम खेले जाएंगे। यह आसान नहीं होने वाला है। भारत को हालांकि एक बात से निश्चित राहत मिल सकती है। ओस वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी को प्रभावित करेगी। वह गेंद को जिस तरह से पकड़ते हैं, जिस गति से बोलिंग करते हैं, उससे वह प्रभावित नहीं होंगे। ओस वरुण को ज्यादा परेशान करेगी।'

एक्सपर्ट की राय

अनिल कुंबले

इटली ने आयरलैंड पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत

■ **एजेंसियां, दुबई:** इटली की क्रिकेट टीम ने सीरीज के तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में आयरलैंड को चार विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। यह किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली अंतरराष्ट्रीय जीत है। तीन मैचों की यह सीरीज आयरलैंड ने 2-1 से अपने नाम की। आयरलैंड द्वारा दिए गए 155 रन के टारगेट का पीछा करते हुए इटली को आखिरी ओवर में 16 रनों की दरकार थी। ग्रांट स्टीवर्ट ने बैरी मैकार्थी की शुरुआती तीन गेंदों पर सिक्स जड़कर तीन बॉल बाकी रहते मैच जीत लिया। स्टुअर्ट ने 19 गेंदों में 33* रन बनाए। कप्तान वेन मैडसन ने 39 रन जोड़े। आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। इटली के क्रिशन कालुगमागे 28 रन देकर तीन विकेट झटके।

टी20 इंटरनैशनल



इटली के बैटर ग्रांट स्टीवर्ट

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आपकी राशि का स्वामी मंगल, मकर का होकर दशम राज्य प्रमुख कर्म केंद्र भाव में है, आज का दिन कोई विशेष व्यवस्था करने में बीतेगा। आपका नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण आज के दिन कुछ बदल सकता है। सावधानी से ही काम करने की चेष्टा करें, जिससे आपका आत्म सम्मान बढ़े।

TARUS 20 Apr - 19 May
आपकी राशि का स्वामी शुक्र नवम भाव में संचार कर रहा है। शुक्र संपूर्ण शुभ दृष्टि से प्रथम लग्न केंद्र भाव को देख रहा है। राज्य मान प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन संपत्ति दायक है। आज चंद्रमा भी प्रथम भाव में सुख शांति कारक है। व्यवसाय के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे। इससे लाभ प्राप्त होगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आपकी राशि का स्वामी बुध अष्टम प्रमुख शत्रु भाव में विराजमान मकर राशि में है। फलस्वरूप आज का दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में व्यतीत होगा। पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। अतिथि और मेहमान भी कुछ लंबा पड़ाव डालना चाह रहे हैं। इसके लिए तैयार रहें।

CANCER 22 Jun - 22 July
कर्क राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से एकादश का चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्चा भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद-प्रमोद का वातावरण रहेगा। बहुत समय से रुके हुए किसी कार्य को बनाने की चेष्टा करें। मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

LEO 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर अपने जन्म स्थान छठे भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध के छठे भाव में होने से व्यावसायिक स्थान परिवर्तन आपके लिए अत्यंत श्रेष्ठ सिद्ध होगा। व्यापार में नियंत्रण सहयोगी के प्रति अपनी जमी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे, उदारता दया से काम लेते हुए सबका सम्मान करें। यही लोग आगे चलकर आपके काम आएंगे। नौकरी या कार्य व्यवसाय के क्षेत्र में चुस्त रहना ही आज लाभकारक रहेगा। अकारण बहस व टकराव से बचें। पत्नी से सहयोग मिलेगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से चौथे भाव में शुभ उच्च व मान संतोषकारक है। आज का दिन आनंद में बीतेगा। गुरु का चंद्रमा आठवें पद भी कुंडली के अनुसार श्री एवं सौंदर्य में वृद्धि करेगा। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। यात्रा का संयोग भी बन रहा है।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल मकर राशि तृतीय भाव में पराक्रम आठवें घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन काम काज को सुलझाने में विशेष योगदान दे रहा है। इसलिए जरूरी कामों को निपटा लें। किसी विशिष्ट की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज बहार के दिन आने वाले है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आपकी राशि का स्वामी देवगुरु बृहस्पति पिछले कई दिनों से मिथुन राशि में चल रहा है, चंद्रमा भी आज छठे भाव में आकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष वृद्धि कर सकता है। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से तीसरे घर में और चंद्रमा पांचवें भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें, हो सकता है आगे समय न मिले।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपकी राशि से पंचम में गुरु व राहु का योग और उच्च राशि में चंद्रमा भाग्य वृद्धि करेगा। धन धर्म कीर्ति की वृद्धि होगी। शत्रु चिंता का दमन, प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी अंत में सर्वत्र विजय विभूति सफलता की प्राप्ति हर्ष प्राप्त होगा और मंगलमय परिवर्तन होंगे।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति अपनी मित्र का होकर चतुर्थ पराक्रम देशाटन राज्य भाव में चल रहा है। मनोवांछित सिद्धि कारक है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि व निकट की यात्रा भी संभव है। यात्रा के लिए पूर्व से तैयारी रखें। रात का कुछ समय परिवार के साथ बिताना ही अच्छा रहेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं
इस वर्ष मंगल वर्ष का स्वामी है। चंद्रमा एकादश भाव में होने से आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता का हर्ष होगा। कल जातकों को जनवरी से लेकर फरवरी और मार्च तक अनिश्चित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इस वर्ष अप्रैल में मंगल ग्रह आपके कर्म क्षेत्र में हावी रहेगा, यह समय मई की शुरुआत से लेकर 30 जून तक रहेगा। इस वर्ष जुलाई महीने से अगस्त महीने तक का समय नए व्यावसायिक कार्य करने के लिए श्रेष्ठ है। लंबे समय से अगर किसी व्यापार की योजना बना रहे, तो इस समय शुरुआत करने से सफलता मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। सितंबर के बाद अधिकारवर्ग जातकों का भाग्योदय अपने पुरुषार्थ एवं बुद्धि बल से होगा। अपने काम में थोड़ा परिश्रम करने से आपको मनवांछित लाभ की प्राप्ति होगी। अक्टूबर माह विद्यार्थियों के लिए उत्साह जनक होगा। नवंबर का मध्य महिलाओं के लिए दांपत्य जीवन सुखी व समृद्धकारक विशेष रूप से रहेगा। यात्रा के संयोग बन रहे है। इसलिए अपनी तैयारी पहले से ही करके रखें। 1 दिसंबर से 15 जनवरी 2027 तक हनुमान जी पर प्रत्येक शनिवार को चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर चढ़ाना शुभ रहेगा। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 29 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 9, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, एकादशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 16, शाबान 9, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 29 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल अपराह्न 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। एकादशी तिथि अपराह्न 1 बजकर 56 मिनट तक के बाद द्वादशी तिथि का आरंभ। रोहिणी नक्षत्र सुबह 7 बजकर 32 मिनट तक के बाद मृगशिरा नक्षत्र का आरंभ। ऐंद्र योग रात 8 बजकर 28 मिनट तक इसके बाद वैधृति योग का आरंभ। विष्टि करण अपराह्न 1 बजकर 56 मिनट तक के बाद बालव करण का आरंभ। चंद्रमा शाम 6 बजकर 31 मिनट तक वृष के बाद मिथुन राशि पर संचार करेगा।

सुडोकू

		8			6	9	4	
	5				2		8	
2					9	1		
7	4						9	
5		9				3		7
	2						6	4
		2	7					6
	7		4				3	
	9	1	2			7		

TELEVISION

big magic

09:00 बब्लू डब्लू	13:30 भ से भड़े
10:00 बड़बुक बुड़बक	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बब्लू डब्लू
12:30 हम पांच	19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-27-2026 22:36 Color:

Enterटेनमेंट masalamix

हाई कोर्ट से विजय की फिल्म को राहत नहीं

दलपति विजय की फिल्म 'जन नेता' को सेंसर सर्टिफिकेट देने के सिंगल जज के आदेश को मद्रास हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने मामले पर नए सिरे से विचार के लिए इसे फिर से सिंगल बेंच के पास भेज दिया है।

आज लोग इंसान से ज्यादा AI पर भरोसा कर रहे हैं : वरुण

जालंधर से आए उस लड़के ने जिन फिल्मी सितारों को सिर्फ फिल्मों में देखा था, उन्हीं के साथ आगे चलकर उन्हें स्क्रीन साझा करने का मौका मिला। मगर इंडस्ट्री तक पहुंच बनाने के लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़ा और एक दिन फुकरे ने उनकी जिंदगी बदल दी। हाल ही में फिल्म राहु केतु से चर्चा में आए वरुण शर्मा से एक खास बातचीत।

Rekha.Khan@timesofindia.com

एक कॉमिक एक्टर के रूप में वरुण शर्मा अपनी हर भूमिका में सराहे गए हैं। उनकी कॉमिक इमेज काफी स्ट्रॉन्ग है। वरुण इससे खुश हैं। वे कहते हैं, 'मुझे लोगों को हंसाना पसंद है। लोग कहते हैं कि मैं टाइपकास्ट हो जाऊंगा, मगर मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं लगातार लोगों का मनोरंजन करता रहूं।'

मम्मी को फोन कर कहता, पैसे खत्म हो गए हैं

आज वरुण शर्मा के लिए रोल लिखे जाते हैं, मगर स्ट्रगल तो उन्होंने भी किया है। वे कहते हैं, 'मैं जालंधर से आया हुआ लड़का था। ये सभी स्टार्स मेरे लिए आसमान के सितारों की तरह हुआ करते थे। मगर यहां आने के बाद इंडस्ट्री ने मुझे भर-भर कर मौके दिए। हालांकि मैं रिजेक्शन के दौर से भी गुजरा। फुकरे से पहले, जब मैं थिएटर किया करता था, तो अश्वत्थामा और अंधा युग जैसे हार्डकोर और इंटेंस नाटकों में काम करता था। मैंने कास्टिंग डायरेक्टर का काम भी किया है। कॉमिडी की शुरुआत मेरी फुकरे के साथ हुई। लोगों ने इन किरदारों को अपना लिया और भरपूर प्यार भी दिया। दो हीरो और तीन हीरो फिल्मों का दौर ने मुझ जैसे अदाकार के लिए मौके क्रिएट किए। मैं आज शाहरुख खान, काजोल से लेकर कई बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ काम कर चुका हूं। मेरे लिए इंडस्ट्री बहुत वेलकमिंग रही। मैंने कभी कोई टॉक्सिसिटी नहीं सही। हां, शुरुआती दिनों में मुझे काफी रिजेक्शन झेलना पड़ा। एक बार तो मेन रोल का भरोसा दिलाकर अंत में जूनियर आर्टिस्ट का छोटा-सा किरदार पकड़ा दिया गया। ऑडिशन पर ऑडिशन होते थे और 'नेक्स्ट टाइम, नेक्स्ट टाइम' सुनते-सुनते मैं थक जाता। फिर मैं घर लौट आता और मम्मी को फोन करके कहता, 'पैसे खत्म हो गए हैं, थोड़ा भेज दो ना।' मम्मी पैसे भेज देती थीं।'

मां को समय देना, मेरा सबसे बड़ा लाइफ लेसन है

अपनी मम्मी के बारे में वे बताते हैं, 'वक्त के साथ मैं अपनी जिंदगी और करियर का एक सबक तो सीख चुका हूं, जिस पर मैं इंप्लिमेंट भी कर रहा हूं और वो है कि उनसे बात करना कितना जरूरी होता है। मैं आज किसी को भी उनके फोन लॉग चेक करने कहूं, तो समझ आएगा कि आपने अपने काम से संबंधित लोगों या दोस्तों से अगर आठ-दस मिनट बात की होगी, तो अपनी मां से एक मिनट भी नहीं। आप हर बार यही कहकर फोन रख देते हैं, 'हां खाना खा लिया, अभी करता हूं, मीटिंग में हूं, रात को बात करता हूं' वो कौन लोग जो हैं, जो सबसे ज्यादा आपकी मां, भाई-बहन पर परिवार वालों के साथ होनी चाहिए क्योंकि उन्हीं के साथ और ब्लेसिंग से आप यहां तक पहुंचे हैं। आपको उनको रोजाना, हमेशा वक्त देना होगा। ये मेरी लाइफ का सबसे बड़ा लेसन है।

आज लोग अपनी अंदर की बातें AI से करने लगे हैं

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वरुण कहते हैं, 'आज जो सबसे डरावनी चीज है कि हमने लोगों से बात करना छोड़ दिया है। हम एक इंसान के बजाय AI पर ज्यादा भरोसा करते हैं। आज हम अपने इमोशन्स, डर और इनसिक्योरिटीज को AI के साथ शेयर करने लगे हैं। मेरे कई दोस्तों ने बताया कि वे कैसे AI से अपनी समस्याओं का समाधान जान रहे हैं। मुझे लगता है, आज के दौर में जो हम लोगों में कम्युनिकेशन गैप हुआ है और हम लोग बात नहीं करते, अपने सोशल मीडिया स्टेटस के जरिए सूचनाएं पहुंचाते हैं, वो ठीक नहीं है। ऐसे में हमारे अंदर बहुत कुछ जमा होता जाता है, जो स्ट्रेस, डिप्रेशन या किसी अटैक के जरिए एक बार में ही बहुत खतरनाक होकर निकल सकता है। हर जीव को चाहे वो पशु-पक्षी हो या इंसान कम्युनिकेशन निकलना इसीलिए मिली है कि वे आपस में बात कर सकें। इसका इस्तेमाल बहुत जरूरी है।'

कृति सेनन खास दोस्त, परिवार की तरह है

आम तौर पर बॉलिवुड के बारे में कहा जाता है कि यहां कोई किसी का दोस्त नहीं होता, इस पर वरुण कहते हैं, 'मैं अपने आपको बहुत खुशकिस्मत मानता हूं कि इंडस्ट्री में मुझे ऐसे दोस्त मिले, जो मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। पुलकित (सम्राट) मेरा एक ऐसा दोस्त है, जिसका घर मुझसे 45 मिनिट्स दूर है, मगर फोन उठाने में 45 सेकंड्स भी नहीं लगते। मुझे पता है कि अगर रात के तीन बजे भी अगर मुझे पुलकित की जरूरत पड़े, तो वो मेरे लिए हाजिर रहेगा। पुलकित के अलावा कृति सेनन मेरी बहुत खास और अच्छी दोस्त है। वो मेरे लिए परिवार की तरह है। वे ही क्यों, उनकी बहन भी मेरी प्यारी दोस्त है। वरुण धवन मेरा गहरा दोस्त है, मैं आयुष शर्मा के भी बहुत करीब हूं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर भी मेरे उन फ्रेंड्स में से हैं, जिनसे मैं कुछ भी शेयर कर सकता हूं। देखिए, हमारे करियर स्पेस में ऐसे दौर आते हैं, जब हमारी फिल्में नहीं चलती या उस शुक्रवार को आप बॉक्स ऑफिस पर जितने आंकड़ों की उम्मीद कर रहे हो, वो आपको नहीं मिलते, तब आपको स्वाभाविक तौर पर दुख होता है। ऐसे में इंडस्ट्री के आपके जो क्लोज फ्रेंड्स होते हैं, वो आपके दुख-दर्द को समझ सकते हैं, तो यह मिथ है कि इंडस्ट्री में दोस्ती नहीं हो सकती।'

हार्वर्ड की इंडिया कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगी प्रियंका

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के छात्रों की ओर से आयोजित होने वाले 23वें इंडिया कॉन्फ्रेंस में प्रियंका चोपड़ा जोनस हिस्सा लेंगी। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 14 और 15 फरवरी 2026 को अमेरिका के बोस्टन शहर में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'द इंडिया वी इमैजिन' रखी गई है। इस सम्मेलन में प्रियंका चोपड़ा के अलावा डॉ. शशि थरूर, अभिताव आचार्य समेत बिजनेस, शिक्षा और राजनीति से जुड़ी कई हस्तियां हिस्सा लेंगी।

गौरतलब है कि यह सम्मेलन भारत से बाहर पढ़ रहे भारतीय समुदाय के छात्रों, पेशेवरों और विचारकों को एक मंच पर लाता है जिसमें पहचान, इनोवेशन और वैश्विक भूमिका पर खुलकर चर्चा होती है। प्रियंका चोपड़ा इस मौके पर सांस्कृतिक रणनीतिकार अंजुला आचार्य के साथ संवाद करेंगी। बातचीत में वह प्रवासी भारतीयों के अनुभव और पहचान को वैश्विक स्तर पर आगे ले जाने और एकतरफा धारणाओं को चुनौती देने जैसे विषयों पर बात करेंगी। प्रियंका बताएंगी कि कैसे सांस्कृतिक समझ व आत्मविश्वास से भारत और भारतीयों की वैश्विक छवि को नया रूप दिया जा सकता है। फिल्मों की बात करें तो प्रियंका आने वाले दिनों में द ब्लफ, सिटाडेल सीजन 2 व एसएस राजामौली की वाराणसी में नजर आएंगी।

प्रियंका चोपड़ा कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक रणनीतिकार अंजुला आचार्य के साथ संवाद करेंगी।

मशहूर गायक अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग को कहा, बाय

'अगर तुम साथ हो', 'केसरिया', 'तुम ही हो', 'हवाएं', 'कलंक', 'तुम क्या मिले', 'जालिमा' जैसे अनगिनत गीतों को अपनी मखमली आवाज से सजाने वाले अरिजीत सिंह ने हाल ही में अपने एक फैसले से फैंस और इंडस्ट्री को हैरान कर दिया। आज के दौर में पार्श्व गायकी में शीर्ष पर विराजमान अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग को अलविदा कह डाला है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से उन्होंने ऐलान किया कि प्ले बैक सिंगर के रूप में वे कोई नया काम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने अपने सफर को खुशनुमा बताया है। अरिजीत सिंह ने आज इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर इस बारे में जानकारी दी कि वो प्लेबैक सिंगिंग से पूरी तरह से अलविदा कह रहे हैं। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'हैलो, आप सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। इतने वर्षों तक श्रोताओं के रूप में मुझे इतना प्यार देने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि अब से मैं प्लेबैक सिंगर के रूप में कोई नया काम नहीं लूंगा। मैं इस पेशे को अलविदा कह रहा हूं। यह एक शानदार सफर रहा।' इंडियन म्यूजिक इंडस्ट्री में बड़ा नाम रखने वाले अरिजीत ने हालांकि ये भी साफ किया कि वे संगीत का दामन नहीं छोड़ेंगे और संगीत क्रिएट करना जारी रखेंगे। उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि वे अपने पेंडिंग कमिटमेंट्स को पूरा करेंगे और संगीत उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बना रहेगा।'

मेरा गांव, मेरे पास

महाकुंभ भगदड़: 30 दिन में मुआवजा देने को कहा

■ NBT रिपोर्टर, प्रयागराज: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुंभ 2025 में हुई भगदड़ में मृत महिला के परिजनों को 30 दिन में मुआवजे का भुगतान करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने जांच आयोग की फाइनल रिपोर्ट आने के बाद मामलों का निस्तारण करने की राज्य सरकार की मांग नामंजूर कर दी है।

2025 में संगम क्षेत्र में मची थी भगदड़

हाईकोर्ट ने मेला प्राधिकरण और आयोग को भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के पति को 30 दिन के भीतर मुआवजे का भुगतान करने को कहा है। कोर्ट ने चेतावनी दी कि आदेश का पालन न करने पर इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। गौरतलब है कि 29 जनवरी 2025 की सुबह संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में तीन दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। पिछले साल छह जून को मामले की सुनवाई करते हुए वेकेशन बेंच ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को अनुग्रह राशि मुआवजा देने में देरी को लेकर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने राज्य के इस रवैये को अस्वीकार्य और नागरिकों की दुर्दशा के प्रति उदासीनता का प्रतीक बताया था।

'शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन'

उमा भारती ने विवाद का समाधान निकलने की उम्मीद जताई

■ भाषा, भोपाल: उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित संगम में मौनी अमावस्या स्नान को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के मध्य जारी विवाद के बीच मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मंगलवार को कहा कि किसी के शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रशासन और कानून-व्यवस्था पर नियंत्रण रखने की नसीहत देते हुए भारती ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस विवाद का कोई सकारात्मक समाधान निकलेगा। उल्लेखनीय है कि माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या स्नान करने से मेला प्रशासन और पुलिस द्वारा कथित तौर पर रोके जाने को लेकर विवाद हो गया था।

उमा भारती के इस पोस्ट को जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध में देखा जाने लगा तो उन्होंने कुछ देर बाद एक अन्य पोस्ट में कहा कि योगी विरोधी खुशफहमी ना पालें, मेरा कथन योगी जी के विरुद्ध नहीं है। मैं उनके प्रति सम्मान, स्नेह एवं शुभकामना का भाव रखती हूं। किंतु मैं इस बात पर कायम हूं कि प्रशासन कानून-व्यवस्था पर सख्ती से नियंत्रण करे, लेकिन किसी के शंकराचार्य होने का सबूत मांगना मर्यादा का उल्लंघन है। यह सिर्फ शंकराचार्य या विद्वत परिषद कर सकते हैं।

किन्नर अखाड़े से ममता निष्कासित

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर टिप्पणी करने पर किन्नर अखाड़ा ने श्रीयामाई ममतानंद गिरि (ममता कुलकर्णी) को निष्कासित कर दिया है। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें उन्होंने ममता कुलकर्णी के निष्कासन की घोषणा की है। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा है कि उनके गुरु स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती और शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के बीच चल रहा था। इसके तमाम पहलू हैं, जिस पर उन्हें कुछ नहीं कहना।

कफ सिरप तस्करी: 3 आरोपी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, वाराणसी: वाराणसी पुलिस ने मंगलवार को कोडीनयुक्त कफ सिरप तस्करी केस में वांछित विकास सिंह नरवे, आकाश पाठक और अंकित श्रीवास्तव को सिद्धार्थनगर में नेपाल बॉर्डर के पास गिरफ्तार किया। इन तीनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी था। डीसीपी (क्राइम) सरवणन टी ने बताया कि आजमगढ़ निवासी विकास तस्करी रैकेट के सरगना शुभम जायसवाल का सबसे खास सहयोगी था। उस पर 50 हजार का इनाम था। जांच में पता चला है कि विकास ने ही शुभम को अमित टाटा और STF के बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह से मिलवाया था। विकास के खिलाफ कई जिलों में केस दर्ज हैं। उससे पूछताछ में तस्करी के इंटरनैशनल रैकेट का ब्योरा मिल सकता है।

सिद्धार्थनगर में नेपाल बॉर्डर के पास दबोचे गए

इंदौर दूषित जल त्रासदी: हाई कोर्ट ने विशेषज्ञों की रिपोर्ट पर उठाए सवाल

16 लोगो की मौत का दूषित पानी से संभावित संबंध: रिपोर्ट

■ भाषा, इंदौर

File Photo

मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत को लेकर दायर अलग-अलग जनहित याचिकाओं की सुनवाई जारी है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की बेंच के सामने भागीरथपुरा के कुल 23 मृतकों के 'डेथ ऑडिट' की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें संभावना जताई गई कि इनमें से 16 लोगों की मौत का संबंध दूषित पेयजल के कारण महीना भर पहले फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप से हो सकता है।

कोर्ट में भागीरथपुरा के कुल 23 मृतकों के 'डेथ ऑडिट' की रिपोर्ट पेश की गई

शहर के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पांच विशेषज्ञों की समिति की तैयार रिपोर्ट में कहा गया कि चार लोगों की मौत का इस प्रकोप से कोई संबंध नहीं है, जबकि इस इलाके के तीन अन्य व्यक्तियों की मृत्यु के कारण को लेकर किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचा जा सका है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रदेश सरकार से जानना चाहा कि उसकी इस रिपोर्ट के पीछे आखिर कौन-सा वैज्ञानिक आधार है? रिपोर्ट के संबंध में प्रदेश सरकार की ओर से इस्तेमाल 'वर्बल ऑटोप्सी' (मौखिक शव परीक्षण) शब्द पर अचरज भी जताया और कटाक्षपूर्ण लहजे में कहा कि उसने यह शब्द पहली बार सुना है।

कोर्ट में बहस के दौरान एक याचिकाकर्ता के वकील अजय बागड़िया ने रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि प्रदेश सरकार ने भागीरथपुरा में उल्टी-दस्त के प्रकोप के दौरान लोगों की मौत की निष्पक्ष जांच नहीं की है।

बागड़िया ने रिपोर्ट को अस्पष्ट करार देते हुए कहा कि यह दस्तावेज "अनिश्चितताओं और खामियों" से भरा है और प्रदेश सरकार भागीरथपुरा की पेयजल त्रासदी की हकीकत पर परदा डालने के लिए अदालत से जान-बूझकर तथ्य छिपा रही है।

जनहित याचिकाओं पर बहस के दौरान प्रदेश सरकार के एक वकील ने कहा कि भागीरथपुरा में लोगों की मौत के कारण को लेकर अदालत के सामने विस्तृत रिपोर्ट पेश की जाएगी और याचिकाकर्ताओं के वकील इस पर अपना जवाब पेश कर सकते हैं।

मनोरंजन

FARNAZ

महाकालेश्वर मंदिर में VIP दर्शन पर SC सख्त

■ भाषा, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में 'वीआईपी दर्शन' और गर्भगृह में विशेष प्रवेश व्यवस्था को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि धार्मिक रीति-रिवाजों और मंदिर में प्रवेश की व्यवस्था तय करना ऐसा मामला नहीं है, जिस पर न्यायालय फैसला करे।

धार्मिक रीति-रिवाजों और मंदिर में प्रवेश की व्यवस्था पर न्यायालय नहीं कर सकता फैसला: कोर्ट

भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने हालांकि याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी की ओर से पेश वकील विष्णु शंकर जैन से कहा कि वह इस बारे में संबंधित प्राधिकरण के सामने अभ्यावेदन पेश करें। चूंकि, पीठ याचिका पर विचार करने के लिए इच्छुक नहीं थी इसलिए जैन ने

इस संबंध में अधिकारियों के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की छूट के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें भगवान महाकाल पर जल चढ़ाने के लिए अतिविशिष्ट हस्तियों (वीआईपी) को दी जाने वाली प्राथमिकता के खिलाफ आपत्तियां खारिज कर दी गई थीं। जैन ने कहा कि गर्भगृह में प्रवेश के मामले में हर नागरिक के साथ बराबरी का व्यवहार होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि मंदिर प्रबंधन में न्यायालय के हस्तक्षेप की एक सीमा होती है और ऐसे मुद्दों पर फैसला उन लोगों को करना है जो व्यवस्था संभालते हैं।

मेरठ: मां ने डांटा तो छात्र ने दी जान

■ NBT न्यूज, मेरठ: मेरठ में मां की डांट से नाराज कक्षा नौ के छात्र ने सोमवार को फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक छात्र को उसकी मां ने पतंग उड़ाने को लेकर डांट लगाई थी। परिजनों ने पुलिस के सामने किसी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

MUMBAI SLUM IMPROVEMENT BOARD
A REGIONAL UNIT OF
(MAHARASHTRA HOUSING AND AREA DEVELOPMENT AUTHORITY)
Tender Notice No. EE/City/MSIB / e-tender/ UE/13/2025-26

Executive Engineer (City) Division, Mumbai Slum Improvement Board, (Unit of MHADA) Room No. 539, 4th floor, Griha Nirman Bhavan, Bandra (East), Mumbai 400 051 Phone Number (022) 66405485 is calling e-Tender for the **05** number of works in the form of B1 (Percentage rate) from Un-employed Engineers registered with Mhada/PWD in appropriate class in Mumbai Suburban District vai online e-tendering system. Detailed Tender Notice & Tender Documents shall be available & can be downloaded from Government of Maharashtra portal **https://mahatenders.gov.in** Bidding documents can be loaded on the website. The tender Document sale start on **dated 29.01.2026, 1.05 am** to Document sale end **date 05.02.2026, 17.35 pm** Corrigendum / Amendments if any could be published only on the **https://mahatenders.gov.in** website. The Competent Authority reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of Conditional offers will not be accepted.

MHADA-Leading Housing Authority in the Nation
Follow us @mhadaofficial

Sd/-
Executive Engineer (City),
M. SIB Board, Mumbai

CPRO/A/41

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-27-2026 23:31 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज हुआ था स्पेस का सबसे बड़ा हादसा

आज ही के दिन 1986 को अमेरिका का अंतरिक्ष यान चैलेंजर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। फ्लोरिडा से उड़ान भरने के 73 सेकंड के भीतर इसमें विस्फोट हो गया था। इसमें सवार सभी सात अंतरिक्ष यात्रियों की मौत हो गई थी। मरने वालों में एक शिक्षक भी था, जिसका चयन अंतरिक्ष में जाने वाले पहले असैनिक शख्स के तौर पर किया गया था। इसे स्पेस का सबसे बड़ा हादसा माना जाता है।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। मुंबई

बुधवार, 28 जनवरी 2026, पेज 12

भविष्य में सेफ और आम होगी स्पेस यात्रा

ChatGPT के मुताबिक, भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा सुरक्षित, नियमित और आम हो जाएगी। अहवास रीयूजेबल स्पेसक्राफ्ट, अत्यधिक भरोसेमंद रॉकेट सिस्टम और AI इंसानी गलतियों को बहुत हद तक कम कर देंगे। रेडिएशन से सुरक्षा के लिए नए मटीरियल और आर्टिफिशल मैग्नेटिक शील्ड विकसित हो चुके होंगे। मेडिकल साइंस शरीर को माइक्रोग्रैविटी के अनुकूल बना देगी, जिससे हड्डियों और मांसपेशियों पर असर नहीं पड़ेगा।

AI Images

भारत और EU का समझौता क्यों कहा जा रहा है

मदर ऑफ ऑल डील्स...

शिखर सम्मेलन में भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) ने फ्री ट्रेड अग्रिमेंट (FTA) होने का ऐलान कर दिया है। यूरोपियन यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स (सबसे बड़ा समझौता) बताते हुए कहा कि हमने ये कर दिखाया। आइए जानते हैं इस डील की खास बातें और इससे भारत को क्या फायदे होंगे....

PTI

FTA का ऐलान करते पीएम नरेंद्र मोदी, उर्सुला वॉन डेर लेयेन, एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा।

25% सम्मिलित हिस्सा है ग्लोबल GDP में भारत और EU का

33% हिस्सेदारी है भारत और EU की वैश्विक व्यापार में

99% निर्यात (भारत के) को EU में मिलेगी छूट, वैल्यू के आधार पर

97.5% EU से आयात के हिस्से पर भारत टैरिफ घटाएगा

90.7% भारत के एक्सपोर्ट पर EU डील लागू होने के पहले दिन से टैरिफ जीरो कर देगा

$33 बिलियन के एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो होगा भारत से टेक्सटाइल्स, लेदर, समुद्री उत्पादों, जेम्स एंड जूलरी जैसी वस्तुओं पर

20% कर दिया जाएगा 150% तक के टैरिफ को घटाकर यूरोपियन वाइन पर

50% किया जाएगा यूरोपियन बीयर पर 110% के टैरिफ को चरणबद्ध ढंग से

30% EU से आयात पर टैरिफ जीरो करेगा भारत डील लागू होने के पहले दिन से

10 साल में भारत, EU से आने वाले माल पर टैरिफ धीरे-धीरे घटाकर जीरो करेगा

10% पर लाया जाएगा EU से आने वाली लग्जरी कारों पर कोटा बेस्ड सिस्टम में टैरिफ 5 साल में

07 साल में EU धीरे-धीरे भारत से जाने वाले माल पर टैरिफ घटाकर जीरो करेगा

37 सेक्टरों में कॉन्ट्रैक्चुअल सर्विस सप्लायर्स और 17 में इंडिपेंडेंट प्रफेशनल्स के लिए छूट देगा EU

144 सब-सेक्टरों में (EU के सर्विसेज सेक्टर के) भारतीय पेशेवरों के लिए आसान नियम

घटेंगे यूरोपियन वाइन और चॉकलेट के दाम? यूरोप से आने वाली प्रीमियम वाइन पर टैरिफ घटाकर 30% और बाकियों में 20% किया जाएगा। ब्रेड, पेस्ट्री, बिस्किट और चॉकलेट पर टैरिफ धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाएगा।

5 साल में... लग्जरी कारों पर

कस्टम्स ड्यूटी 110% से 10% लाएगा भारत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FTA लागू होने के बाद यूरोप से आने वाली मर्सिडीज, लेम्बोर्गिनी, पोर्श, ऑडी और BMW जैसी लग्जरी कारों के दाम घट सकते हैं। इन पर भारत 70% से 110% तक कस्टम्स ड्यूटी लगाता है। इसे चरणबद्ध ढंग से घटाकर 5 साल में 10% किया जाएगा। यह रियायत कोटा आधारित होगी। यानी, यह नहीं होगा कि यूरोप से जितनी चाहें, उतनी कारें आयात हों और उन पर टैरिफ कम लगे। कोटा चरणबद्ध ढंग से बढ़ाया जाएगा और तय कोटे से ज्यादा की कारों पर ड्यूटी में कोई छूट नहीं मिलेगी। इलेक्ट्रिक कारों के मामले में कोटा सिस्टम डील लागू होने के पांचवें साल से शुरू होगा।

EV में कोटा सिस्टम डील के पांचवें साल से शुरू होगा

EU से नहीं आएंगी सस्ती कारें

कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने कहा, 'भारत में मुख्य रूप से 25 लाख रुपये तक की कारें ज्यादा बिकती हैं और EU की इसमें खास दिलचस्पी नहीं है। इसलिए तय किया गया है कि 15000 यूरो यानी टैक्स वगैरह मिलाकर यहां 25 लाख रुपये तक की पड़ने वाली कारें EU से नहीं आएंगी। वे चाहें तो यहां कारें बनाएं और यहां से निर्यात करें। इससे यहां वैल्यू एडिशन होगा और युवाओं के लिए नए रोजगार के मौके बनेंगे।'

लेकिन, कारों के दाम पर नहीं पड़ेगा ज्यादा असर

Khalid.Amin@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत-यूरोप फ्री ट्रेड एग्रीमेंट एक बड़ी घटना है जो आने वाले समय में भारत की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकती है लेकिन जहां तक ऑटोमोबाइल सेक्टर की बात है तो गाड़ियों की कीमतों पर इसका तुरंत कोई नहीं दिखने जा रहा है। वजह यही है कि पिछले कुछ सालों में 'मेक इन इंडिया' पर सरकार का काफी जोर रहा है और ज्यादा ऑटो कंपनियों ने देश में ही अपने पोर्टफोलियो की ज्यादातर गाड़ियों को बनाना शुरू कर दिया है। ऐसे में लोअर इंपोर्ट टैक्स का ज्यादा असर पॉपुलर गाड़ियों पर नहीं दिखाई देने वाला। मास सेगमेंट की तो लगभग सभी गाड़ियां इंडिया में ही बनाई जाती हैं। लग्जरी सेगमेंट में जरूर कंपनियां अपनी कुछ गाड़ियों को इंपोर्ट करती हैं। लेकिन यहां भी सीन चेंज हो चुका है। लग्जरी सेगमेंट में मर्सडीज और BMW मिलकर करीब 65 से 70 फीसदी बाजार पर कब्जा किए हुए हैं। मर्सडीज की 90 पर्सेंट का ज्यादा बिक्री इंडिया में बनी हुई गाड़ियों से ही होती है। वहीं, BMW के भी 95 पर्सेंट से ज्यादा मॉडल्स इंडिया में ही बन रहे हैं। आउडी और JLR भी अपनी काफी मॉडल्स इंडिया में ही बना रही हैं। ऐसे में लग्जरी सेगमेंट में भी कोई बहुत बड़ा प्राइस रिडक्शन फिलहाल को नहीं दिखाई दे रहा है।

FTA कब लागू होगा, ये भी सवाल: समझौते का ऐलान तो हो गया है, लेकिन ऑटो इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के मुताबिक, इसे पूरी तरह लागू होने में 2028 के मध्य तक का वक्त लग सकता है। वहीं, 2025 में रुपया, यूरो के मुकाबले 19% कमजोर हो गया है। इसका मतलब, अगर कल को इंपोर्ट ड्यूटी कम भी हो जाए, तो भी यूरोप से कार खरीदना महंगा ही रहेगा।

भारत के 93% निर्यात पर हटेगा यूरोपियन यूनियन का टैरिफ

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI image

NBT EXPLAINER

■ **नई दिल्ली :** भारत-यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) की बात मंगलवार को बन गई। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत और यूरोपियन यूनियन के शिखर सम्मेलन में FTA पर बातचीत पूरी होने का ऐलान किया। पीएम ने कहा कि इससे यूरोप के बाजारों में देश के निर्यात की आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। यह महज व्यापार समझौता नहीं, बल्कि साझा खुशहाली का नया ब्लूप्रिंट है। इससे भारत से भेजे जाने वाले 93% माल पर टैरिफ खत्म हो जाएगा और टेक्सटाइल्स, लेदर एंड फुटवियर, जेम्स एंड जूलरी जैसे ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सेक्टरों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

Q भारत को क्या मिला?

वैल्यू के आधार पर भारत से EU को होने वाले निर्यात के 99% तक हिस्से पर टैरिफ में छूट मिलेगी। इससे एक बड़ा संदेश मल्टीनैशनल कंपनियों को जाएगा कि वे भारत में कारखाने लगाकर चीजें बनाएं और यहां से निर्यात करें तो EU के 27 देशों के बाजार में उन्हें इंपोर्ट ड्यूटी में बड़ी छूट मिलेगी। ऐसे विदेशी निवेश से मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा और भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके बनेंगे। निर्यातकों के संगठन FIEO के प्रेसिडेंट एस. सी. रल्हन ने इसे सराहा है।

Q कब लागू होगी डील?

अभी बातचीत पूरी हुई है। अब दोनों पक्ष FTA की कानूनी शब्दावली पर काम करेंगे। इसके बाद भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल और यूरोप में वहां की संसद की मंजूरी की जरूरत होगी। हालांकि, यूरोप के 27 देशों से अलग-अलग मंजूरी नहीं लेनी होगी। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने कहा, 'यह वंडरफुल एग्रीमेंट है। उम्मीद है कि यह समझौता 2026 में लागू हो जाएगा।'

Q कौन कब घटाएगा ड्यूटी?

डील के तहत EU, भारत से निर्यात के 99% हिस्से पर टैरिफ घटाएगा। भारत, EU से आयात के करीब 97% हिस्से पर ड्यूटी घटाएगा। खास बात यह है कि EU को जहां 7 वर्षों में टैरिफ जीरो करना है, वहीं भारत 10 वर्षों में धीरे-धीरे यूरोपियन चीजों पर ड्यूटी घटाएगा। FTA लागू होने के पहले दिन से EU, भारत के 90.7% एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो कर देगा, लेकिन भारत उस दिन EU के केवल 30% आयात पर टैरिफ खत्म करेगा।

Q किन सेक्टरों को फायदा?

गाड़ियों और स्टील को छोड़कर भारत से जाने वाले 93% माल पर ड्यूटी खत्म हो जाएगी। ऑटोमोबाइल्स सहित बाकी चीजों के लिए EU कोटा तय कर ड्यूटी में रियायत देगा। भारत के लेदर एंड फुटवियर, टेक्सटाइल्स, समुद्री उत्पादों, जेम्स एंड जूलरी, बेस मेटल्स, दवाओं, चाय, कॉफी, मसाला सहित एग्री प्रोडक्ट्स और स्पोर्ट्स गुड्स के निर्यात को बड़ा फायदा होगा, इन पर टैरिफ जीरो हो जाएगा। इन चीजों के 33 बिलियन डॉलर के एक्सपोर्ट पर टैरिफ जीरो हो जाएगा। अभी समुद्री उत्पादों पर EU का टैरिफ 26% तक, केमिकल्स पर 12.8% तक, लेदर गुड्स पर 17% तक, टेक्सटाइल्स और अपैरल पर 12% तक, दवाओं पर 11% तक, फर्नीचर पर 10.5% तक और जेम्स एंड जूलरी पर 4% तक है। कुछ समुद्री उत्पादों, प्रिजर्व्ड फूड और हथियारों सहित भारत के निर्यात के 2.9% हिस्से पर EU का टैरिफ 3 से 5 वर्षों में जीरो हो जाएगा। वहीं, कुछ पोल्ट्री प्रोडक्ट्स, प्रिजर्व्ड सब्जियों, बेकरी प्रोडक्ट्स सहित भारत के करीब 6% निर्यात पर ड्यूटी घटेगी। भारत में बनी शराब के मामले में भी ड्यूटी में छूट मिलेगी। EU से आने वाली मशीनरी, इलेक्ट्रिक उपकरणों, हवाई जहाज, मेडिकल उपकरणों, प्लास्टिक, केमिकल्स, ऑयरन, स्टील और दवाओं पर भारत में ड्यूटी नहीं लगेगी।

Q प्रफेशनल्स, स्टूडेंट्स को फायदा

यूरोप ने सर्विसेज के 144 सब-सेक्टर्स में भारतीय प्रफेशनल्स को रियायत देने की हामी भरी है। इससे भारत के IT, ITeS, प्रफेशनल सर्विसेज, एजुकेशन और दूसरी बिजनेस सर्विसेज के पेशेवर लोगों को यूरोप में काम करने में आसानी होगी। छात्रों के लिए यूरोप में पढ़ाई पूरी करने के बाद वर्क वीजा के बारे में भी बात की गई है।

Q कार्बन टैक्स मुद्दे पर क्या हुआ?

यूरोपियन यूनियन के कड़े पर्यावरण नियमों से भारत के स्टील, एल्युमीनियम, फर्टिलाइजर और सीमेंट जैसे सेक्टरों पर असर का मामला पूरी तरह नहीं सुलझ सका है। EU ने कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म में रियायत नहीं दी है, लेकिन राजी हुआ है कि अगर किसी भी देश को इसमें छूट दी गई, तो भारत को भी वह हासिल होगी।

27 तारीख को 27 देशों के साथ भारत की सबसे बड़ी डील: PM

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड डील (FTA) को पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की अब तक की सबसे बड़ी डील करार दिया। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में EU-भारत समिट के बाद साझा प्रेस बयान में पीएम ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा साझेदारी, मोबिलिटी, क्लीन एनर्जी, तकनीक और IMEC कॉरिडोर पर सहयोग की दिशा में आगे बढ़ने के साथ अगले पांच साल तक का एजेंडा तय किया गया है। EU-भारत के बीच 180 बिलियन यूरो का व्यापार है और 8 लाख भारतीय EU देशों में योगदान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने ईयू परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा को लिस्बन का गांधी बताया और कहा कि कोस्टा अपनी सरल जीवन शैली के लिए जाने जाते हैं।

भारत-EU के रिश्तों में नए युग की शुरुआत बताया



साझा प्रेस बयान जारी करने के दौरान पीएम मोदी और एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा

27 तारीख को ईयू के 27 देशों के साथ FTA : पीएम मोदी ने बताया कि जटिल ग्लोबल माहौल में ये डील एजेंडा एक स्पष्ट दिशा दिखाएगा। संयोग है कि भारत 27 तारीख को ही ईयू के 27 देशों के साथ अपना सबसे बड़ा और ऐतिहासिक समझौता कर रहा है। यह हमारे किसानों, छोटे उद्योगों की यूरोपियन मार्केट तक पहुंच आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा, सर्विसेज सेक्टर्स के बीच सहयोग को मजबूत करेगा। पीएम ने इसे समृद्धि का ब्लूप्रिंट करार दिया। पीएम ने कहा कि उथल पुथल वाले ग्लोबल ऑर्डर में यह साझेदारी इंटरनैशनल सिस्टम में स्थिरता को मजबूती देगी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन, पश्चिमी एशिया, इंडो-पैसिफिक समेत कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

हमने कर दिखाया : उर्सुला

यूरोपियन यूनियन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन ने कहा, 'जब भारत सफल होता है तो दुनिया और स्थिर होती है। हम दो बिलियन लोगों के लिए बाजार बना रहे हैं। ये दो दिग्गजों की कहानी है...। दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की। यह डील सप्लाई चेन को आपस में जोड़ेगी और लाखों कामगारों के लिए रोजगार लाएगी।' उन्होंने एक साल पहले ईयू कमिश्नरों के भारत दौरे का भी जिक्र किया। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा ने यूक्रेन संघर्ष का जिक्र किया, लेकिन रूस का नाम नहीं लिया। कहा कि सुबह उन्होंने महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आतंक के खिलाफ साथ आए भारत-EU

भारत और ईयू समिट में दोनों पक्षों में ग्लोबल और क्षेत्रीय मुद्दे, बहुपक्षवाद और ग्लोबल संस्थाओं में सुधार के मामले पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने हिंसक चरमपंथ और क्रॉस बॉर्डर टेररिज्म समेत आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी आलोचना की। पहलगाम अटैक और लाल किला आतंकी हमले की सख्त शब्दों में निंदा की गई। सुरक्षा परिषद में विस्तृत सुधार की मांग की। दोनों ने माना कि इसे और पारदर्शी, प्रभावी और समावेशी होना चाहिए जो जियो पॉलिटिकल हालात के लिए जवाबदेह हो। इसके साथ WTO के सुधार की भी वकालत की। साथ, फ्री इंडो पैसिफिक के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी के सही तरीके से लागू करने पर जोर दिया।

रक्षा साझेदारी के ज़रिये करीब आ रहे EU-भारत

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) की 16वीं शिखर बैठक में दोनों पक्षों ने व्यापक सुरक्षा-रक्षा साझेदारी की घोषणा की। अस्थिर वैश्विक माहौल में अब सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं भी काफी अहम हो रही हैं। रक्षा साझेदारी के जरिये भारत और ईयू अपने रिश्ते को और मजबूती दे रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ईयू आयोग की रिप्रेजेंटेटिव काजा कलास से मुलाकात की। ईयू डेलिगेशन और भारत के डिफेंस डेलिगेशन के बीच रक्षा साझेदारी पर बात हुई। ईयू इंडियन नेवी के इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन में एक लाइजन अधिकारी भी तैनात करेगा। यह सेंटर गुरुग्राम में है। ईयू के लाइजन अधिकारी समुद्री डकैती रोधी अभियानों और हिंद महासागर क्षेत्र में खतरों के आकलन को लेकर इंडियन नेवी के साथ ऑपरेशनल कोऑर्डिनेशन को मजबूत करेंगे।

समुद्री सुरक्षा काफी अहम: ईयू और भारत के बीच समझौते में खुफिया जानकारी साझा करने, रक्षा निर्माण, समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष, साइबर जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग पर भी जोर दिया गया। इस साझेदारी में समुद्री सुरक्षा काफी अहम है। समझौते के तहत भारत और यूरोपियन यूनियन सालाना सुरक्षा और रक्षा संवाद शुरू करेंगे, जिसकी पहली बैठक एक-दो महीने के भीतर होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन लोकतंत्र, बहुलवाद और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों में यकीन रखते हैं, जो दोनों के बीच लगातार मजबूत होती साझेदारी की नींव है। इन्हीं मूल्यों को आधार बनाकर भारत वैश्विक स्थिरता, सतत विकास और समावेशी समृद्धि के लिए व्यावहारिक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। काजा कलास ने कहा कि भारत और यूरोपियन यूनियन को हिंद महासागर क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए और जॉइंट एक्सरसाइज के जरिये एक-दूसरे की बेस्ट प्रैक्टिस से सीखना चाहिए।

इंडिया एनर्जी वीक 2026 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया 500 अरब डॉलर के निवेश का न्योता

भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब : PM

Prashant.Asthana
@timesofindia.com

■ **बेतुल (गोवा) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'इंडिया एनर्जी वीक-2026' का उद्घाटन करते हुए दुनियाभर के निवेशकों को भारत के एनर्जी सेक्टर में निवेश के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने ऐलान किया कि भारत का एनर्जी सेक्टर इस समय 500 अरब डॉलर (लगभग 41 लाख करोड़ रुपये) के इन्वेस्टमेंट का मौका दे रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब बनकर उभरेगा। पीएम ने निवेशकों को 'मेक इन इंडिया' और 'इनोवेट इन इंडिया' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी तेल रिफाइनिंग क्षमता को 260 मिलियन टन प्रति वर्ष (MTPA) से बढ़ाकर 300 MTPA करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक तेल और गैस क्षेत्र में 100 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करना है। पीएम मोदी ने विशेष रूप से 'समुद्र मंथन' प्रोजेक्ट और गहरे समुद्र में अन्वेषण का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि अंडमान और निकोबार बेसिन भारत के लिए हाइड्रोकार्बन की नई उम्मीद बनकर उभर रहा है। सरकार ने अन्वेषण के दायरे को 10 लाख वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है।

LNG और बुनियादी ढांचे पर जोर : भारत अपनी कुल ऊर्जा जरूरतों का 15 प्रतिशत हिस्सा प्राकृतिक गैस (LNG) से पूरा करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसके लिए पूरे देश में गैस पाइपलाइन नेटवर्क, टर्मिनल और पोर्ट्स का विस्तार किया जा रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि जहाजों के निर्माण के लिए 70 हजार करोड़ रुपये का कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि LNG परिवहन के लिए जरूरी वेसल्स का निर्माण भारत में ही हो सके।

PTI

AI, डेटा सेंटर्स से बढ़ेगी बिजली खपत

यूएई के मंत्री सुल्तान अल जाबेर ने बताया कि भविष्य में बिजली की खपत बढ़ने का सबसे बड़ा कारण AI और डेटा सेंटर्स होंगे। भारत में अगले 15 साल में डेटा सेंटर्स की क्षमता 10 गुना बढ़ जाएगी, जिन्हें चलाने के लिए बहुत ज्यादा बिजली चाहिए होगी। बढ़ती गर्मी के कारण दुनियाभर में एयर कंडीशनर (AC) की मांग भी तेजी से बढ़ेगी। अनुमान है कि 2050 तक दुनिया में 5.6 अरब AC होंगे। इस भारी मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी सेक्टर में बड़े निवेश की जरूरत है।

100 अरब डॉलर से अधिक है भारत, UAE का व्यापार

200 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है 2032 तक

भारत-UAE की साझेदारी अटूट

इस कार्यक्रम में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के उद्योग मंत्री और ADNOC के सीईओ सुल्तान अल जाबेर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने भी शिरकत की। सुल्तान अल जाबेर ने भारत को वैश्विक ऊर्जा मांग का 'निर्णायक चालक' (Decisive Driver) बताया। उन्होंने कहा कि भारत और UAE के बीच व्यापार 100 अरब डॉलर को पार कर गया है और इसे 2032 तक 200 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है। अल जाबेर ने कहा कि भारत में अगले 15 वर्षों में हवाई यात्रा में 150% का इजाफा होगा और शहरों की आबादी 100 करोड़ तक पहुंच जाएगी। उन्होंने साफ किया कि भारत के रिफाइनिंग और ऊर्जा लक्ष्यों को पूरा करने में UAE एक भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा।

गैस सिलिंडर अब हल्का और स्मार्ट

इंडिया एनर्जी वीक के दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत ने एक खास सिलिंडर लॉन्च किया है। इसका नाम है भारत लाइट (Bharat Lite)। उन्होंने इसे नए भारत का नया सिलिंडर कहा। यह पुराने लोहे वाले सिलिंडर से बहुत अलग और बेहतर है।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किया लॉन्च

वजन बहुत हल्का

पुराने भारी सिलिंडर को उठाना काफी मुश्किल होता था। नया सिलिंडर कंपोजिट मैटीरियल से बना है, जिसकी वजह से यह लोहे वाले सिलिंडर से करीब आधा हल्का है। इसे कोई भी आसानी से खिसका या उठा सकता है।

गैस दिखेगी साफ

अक्सर खाना बनाते समय अचानक गैस खत्म हो जाती है। भारत लाइट सिलिंडर की बॉडी थोड़ी पारदर्शी है। इसका मतलब है कि आप बाहर से ही देख सकेंगे कि कितनी गैस बची है और आपको कब नया सिलिंडर बुक करना है।

खतरे से छुट्टी

लोहे के सिलिंडर में नीचे जंग लग जाता है, जिससे फर्श खराब होती है, लेकिन इसमें जंग नहीं लगती। साथ ही, यह बहुत ज्यादा सुरक्षित है। यह दिखने में काफी स्टाइलिश है और आपके आधुनिक किचन में बहुत अच्छा लगेगा।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि है कि वायु प्रदूषण देश की अर्थव्यवस्था पर कैसे असर डाल रहा है, सरकार और अथॉरिटी इस पर ध्यान दें। -p3

बीजेपी ने बीएमसी में बहुमत का आंकड़ा मजबूत रखने के लिए शिंदे गुट को जॉइंट ग्रुप बनाने का प्रस्ताव दिया है। -p4

152 रहा मुंबई का AQI मंगलवार को, जो अनहेल्दी है।

22.4 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया मंगलवार को। सुबह-शाम हल्की सर्दी महसूस की गई।

www.mumbai.nbt.in

जब तक कंटेनर न भर जाए, कचरा उठाया ही नहीं जाता

- प्रभाग 110 के तुलसीपाडा इलाके में कचरा सड़कों तक पसरा
- कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नही होती

मुद्दा पब्लिक का

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** पहाड़ों से घिरे भांडुप के प्रभाग क्रमांक 110 में कचरा, गंदगी और बदबू बड़ी समस्या है। तुलसी पाड़ा इलाके में माउंट मैरी स्कूल के पास अक्सर कचरे का ढेर रहता है। कई दिनों तक जब कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं आती, तो कूड़ादान कचरे से भर जाता है। समय पर कचरा न उठाया जाना यहां के लिए आम बात हो गई है। इसके चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को मुंह कवर करके निकलना पड़ता है। यही हालात आइडियल स्कूल के पास हैं। वहां बीएमसी स्कूल के बाहर कचरे का ढेर रहता है।

बीएमसी के एस वॉर्ड के अंतर्गत आने वाले भांडुप में सिर्फ तुलसी पाड़ा इलाके में ही कचरे और गंदगी की समस्या नहीं है। हनुमान नगर इलाके में भी कई दिनों तक कचरा न उठने के चलते लोग त्रस्त रहते हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक शख्स ने बताया कि अभी बीएमसी में मेयर का चुनाव नहीं हुआ है। चुनाव के बाद ही नगरसेवकों को फंड मिलेंगे। फिर नगरसेवक पूरी तरह से सक्रिय होंगे।

कभी नही हुई समय पर कार्रवाई

कई सालों से बीएमसी के चुनाव न होने के चलते कोई नगरसेवक नहीं था। इसलिए लोग बीएमसी प्रशासन के पास शिकायत करते थे। कभी भी समय पर कार्रवाई नहीं होती थी। अब यहां से कांग्रेस की आशा कोपरकर नगरसेवक चुनी गई हैं। चुनाव प्रचार के दौरान कोपरकर ने नागरिकों को भरोसा दिलाया था कि कचरा, नाली, पानी और स्वच्छता उनकी प्राथमिकता होगी। बीजेपी ने सत्ता का दुरुपयोग कर दूसरे दल के नगरसेवकों को बदनाम किया है। उन्हें विकास कार्यों के लिए फंड से वंचित रखा है। कोपरकर कहती है कि अब नागरिकों की समस्या के समाधान में कोई कसर नहीं रखेंगी।

आइडियल स्कूल के पास पसरा कचरा।

25 सालों से तुलसी पाड़ा में कांग्रेस का राज है, लेकिन यहां समय पर कचरा न उठाए जाने की समस्या अनवरत कायम है। इससे सबसे ज्यादा परेशान स्कूल जाने वाले बच्चे होते हैं। - संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, बीजेपी

नगरसेवक न होने के चलते इलाके के लोगों को जो तकलीफ हुई है, सबसे पहले मैं उसका समाधान करूंगी। स्लम इलाकों के निवासियों की समस्याओं का मैं हल निकालूंगी। - आशा कोपरकर, नगरसेवक, कांग्रेस



जब तक कचरे का कंटेनर पूरी तरह भरता नहीं है, उसे नहीं उठाया जाता है। नतीजा कई दिनों बाद कचरा डिब्बे से बाहर आने लगता है। कचरे का इकट्ठा होना बड़ी समस्या है। - विजय सिंह, स्थानीय निवासी

कचरा मुक्त होने से ही मुंबई साफ-स्वच्छ होगी। समय पर कचरा उठाया जाना जरूरी है। नागरिकों को भी इसके लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। -अशोक पांडे, स्थानीय निवासी

कोश्यारी को पद्म भूषण मिलने का विरोध

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण मिलना महाराष्ट्र में विपक्ष को रास नहीं आया है। कांग्रेस, शरद पवार गुट और उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने इसे महाराष्ट्र का अपमान बताया है। विपक्ष का आरोप है कि उन्होंने पद पर रहते हुए कई बार ऐसे फैसले लिए जो कि विवादित रहे।

संजय राउत ने कहा फडणवीस समेत महायुति सरकार को भी फैसले की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले का अपमान किया था। उन्हें ऐसे पुरस्कार देना अपमान है। राउत ने कहा कि कोश्यारी ने लोकतंत्र की हत्या की और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार को गिराया था। विपक्ष पर पलटवार करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि कोश्यारी के योगदान को हमें नहीं भूलना चाहिए। वन रैंक, वन पेंशन और सैनिकों की पेंशन से जुड़े मुद्दों को उन्होंने सुलझाया, लेकिन कुछ छोटे मन के लोग जानबूझकर विवाद खड़ा करते हैं। सीएम ने कहा कि अब कुछ लोगों के समय में किसे क्या-क्या दिया गया, इस विवाद में मैं नहीं पड़ता, वरना दिन कम पड़ जाएंगे।

मुंबई हलचल

लहेरी समाज का मिलन समारोह

मालाड के पारकल वाड़ी में लाइकार (लहेरी) समाज मुंबई की ओर से समाज भवन के उद्घाटन एवं पारिवारिक मिलन समारोह किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मधुसूदन बापू सदडेकर, मधुमीता सदडेकर, विटरेस डिसोजा, अभिवक्ता वैभव पांडे, डॉ. अल्पना वैभव पांडे उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष सुधीर शाह, महासचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष विक्रांत शाह सहित सुधीर कुमार, प्रमोद कुमार, प्रदीप साह, विनोद शाह, सीता रामबाबू शाह, किरण ब्रजकिशोर शाह और नीमा लक्ष्मण साह सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

वाकोला, विक्रोली और आरे फ्लाइओवर की रीसर्फेसिंग अटकी, बढ़ेगा और इंतजार

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मुंबईकरों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए प्रस्तावित वाकोला, विक्रोली और आरे फ्लाइओवर की रीसर्फेसिंग का काम फिलहाल अटक गया है। वजह है बीएमसी की स्टैंडिंग कमिटी का गठन न होना। ठेकेदार फाइनल होने के बावजूद तब तक ठेका नहीं दिया जा सकेगा, जब तक वह प्रस्ताव स्टैंडिंग कमिटी से मंजूर नहीं हो जाता। ऐसे में तीनों अहम फ्लाइओवरों की मरम्मत में देरी तय मानी जा रही है।

स्टैंडिंग कमिटी में प्रस्ताव पास होने पर ही दिया जा सकेगा ठेका

बीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, तीनों फ्लाइओवर की मरम्मत के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और ठेकेदारों से आवेदन भी मिल चुके हैं। लेकिन नियमों के अनुसार ठेका देने से पहले स्टैंडिंग कमिटी की मंजूरी जरूरी है। 16 जनवरी को बीएमसी चुनाव संपन्न होने के बावजूद अब तक न तो मेयर का चुनाव हो पाया है और न ही कमिटियों का गठन हुआ है। स्टैंडिंग कमिटी के गठन में अभी 5 से 10 फरवरी तक का समय लग सकता है। कमिटी बनते ही प्रस्ताव पेश किया जाएगा और मंजूरी मिलने के बाद काम शुरू करने की कोशिश होगी।



खर्च होंगे कुल 35 करोड़ रुपये

अधिकारी ने बताया कि मरम्मत कार्य में देरी का सीधा असर वेस्टर्न और ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर यातायात पर पड़ेगा। इन तीनों फ्लाइओवरों पर बड़ी संख्या में गड्ढे हैं, जिससे रोजाना ट्रैफिक स्लो रहता है और हादसों की आशंका बनी रहती है। बीएमसी ने सर्वे पूरा कर लिया है। अनुमान के मुताबिक वाकोला फ्लाइओवर की रीसर्फेसिंग पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जबकि विक्रोली और आरे फ्लाइओवर पर 10 से 15 करोड़ रुपये तक की लागत आ सकती है।

> जो भी मेजर पॉलिसी डिसीजन है वह अब स्टैंडिंग कमेटी में प्रस्ताव पास होने के बाद ही लिया जाएगा। इसी के तहत फ्लाईओवर की रीसर्फेसिंग का निर्णय भी स्टैंडिंग कमेटी में प्रस्ताव होने के बाद किया जाएगा। रीसर्फेसिंग में कई चीजें इन्वॉल्व हैं। -भूषण गगरानी, बीएमसी, कमिश्नर

क्या है पूरा मामला?

नवंबर 2025 में बीएमसी ने महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (MSRDC) के अधीन आने वाले इन तीन फ्लाइओवरों की रीसर्फेसिंग करने का फैसला लिया गया था। उस समय दिसंबर के पहले हफ्ते से काम शुरू होने की बात कही गई थी। 2 नवंबर, 2025 को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर ट्रैफिक समस्या को लेकर ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए थे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर BMC ने MSRDC से यह जिम्मेदारी अपने हाथ में ली थी। हालांकि, टेंडरिंग पूरी होने के बाद भी प्रशासनिक मंजूरी के अभाव में अब तक काम शुरू नहीं हो सका है।

बांद्रा ईस्ट का स्काईवॉक हुआ शुरू

आशीष शेलार ने किया शुभारंभ, BKC जाने वालों को मिलेगी राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बांद्रा (पूर्व) में पैदल चलने वालों समस्या अब काफी हद तक दूर होने वाली है। बांद्रा रेलवे स्टेशन (पूर्व) से कलानगर जंक्शन तक बने नए स्काईवॉक का सूचना प्रौद्योगिकी व सांस्कृतिक कार्य मंत्री और मुंबई के पालक मंत्री आशीष शेलार ने सोमवार को लोकार्पण किया।

बीएमसी द्वारा हाईकोर्ट के निर्देश पर बनाए गए इस स्काईवॉक के बारे में दावा किया गया है कि यह आधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसे लंबे समय तक टिकाऊ बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसका उद्देश्य बांद्रा न्यायालय, बीकेसी, म्हाडा और जिलाधिकारी कार्यालय आने-जाने वाले हजारों पैदल यात्रियों को कनेक्टिविटी देना है

उद्घाटन के मौके पर विधायक वरुण सरदेसाई, BMC के अडिशनल कमिश्नर अभिजीत बांगर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। स्काईवॉक का निर्माण रिकॉर्ड समय में पूरा करने वाले इंजिनियरों का भी सम्मान किया गया। आशीष शेलार ने कहा कि यह स्काईवॉक 680 मीटर लंबा और करीब 5.40 मीटर चौड़ा है। इसमें चार सीढ़ियां, दो एस्केलेटर और सुरक्षा के लिए 14 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज से सीधी कनेक्टिविटी और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को सुरक्षित तरीके से पार करने की सुविधा से पैदल यात्रियों को बड़ा राहत मिलेगी।

31 जनवरी से 16 फरवरी तक मुंब्रा में सेना भर्ती

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** भारतीय सेना में युवाओं को शामिल करने के लिए मुंब्रा के मौलाना अबुल कलाम आजाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 31 जनवरी से 16 फरवरी के बीच सेना भर्ती का आयोजन किया गया है। इस भर्ती में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास) पदों के लिए उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। भर्ती रैली में मुंबई, मुंबई उपनगर, ठाणे, रायगढ़, नासिक, पालघर, धुले और नंदुरबार जिलों के साथ-साथ सेना भर्ती कार्यालय पुणे के सात जिलों के युवा भाग ले सकते हैं।

तिरंगे में सजी मुंबई की आराध्य देवी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गणतंत्र दिवस पर मुंबई की इष्ट देवी श्रीमुंबादेवी के दरबार में देशभक्ति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। राष्ट्र के गौरव प्रतीक तिरंगे के रंगों से माता की विशेष साज-सज्जा की गई। इसने श्रद्धालुओं के मन में भक्ति के साथ देशप्रेम की भावना को भी जागृत किया। केसरिया, सफेद और हरे रंग के पुष्पों से संपूर्ण मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया। वहीं माता के आभूषणों और वस्त्रों में भी तिरंगे की झलक दिखाई दी। श्रीमुंबादेवी मंदिर विश्वस्त निधि की ओर से गुरुवार को वर्धापनदिन (पाटोत्सव) का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रबंधक हेमंत जाधव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:30 बजे सत्यनारायण महापूजा से होगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे विशेष पूजा हवन एवं नवचंडी यज्ञ प्रारंभ होगा, जिसकी पूर्णाहुति सायं 5:30 बजे संपन्न होगी। दोपहर 3:00 से सायं 5:00 बजे तक श्री मुंबादेवी माताजी की पालखी उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कल होगा पाटोत्सव का आयोजन, भक्तों से शामिल होने की अपील

मंत्री महाजन पर डॉ. आंबेडकर के अपमान का आरोप

फडणवीस के जल संसाधन मंत्री ने मांगी माफी, विपक्ष ने की इस्तीफे की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** देवेंद्र फडणवीस सरकार में जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन डॉ. भीमराव आंबेडकर के अपमान से संबंधित विवाद में फंस गए हैं। महाजन पर आरोप है कि उन्होंने नासिक के पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के मौके पर दिए भाषण में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जिक्र नहीं करके उनका अपमान किया। इस मुद्दे पर वहां तैनात वन विभाग की एक महिला कर्मचारी ने जमकर हंगामा किया। महिला कर्मचारी ने इस बात पर एतराज जताया कि महाजन ने अपने भाषण के दौरान डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का नाम क्यों नहीं लिया? विवाद बढ़ता देख मंत्री महाजन ने तुरंत खेद व्यक्त किया और मुद्दे पर माफी मांगी। लेकिन विपक्ष ने इस मुद्दे पर महाजन के इस्तीफे की मांग की है।

गिरीश महाजन

महाजन ने कहा कि अनजाने में वह आंबेडकर का जिक्र नहीं कर पाए। मैंने 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' और 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जय' जैसे नारे लगाए। मैं अपने भाषणों में हमेशा डॉ. आंबेडकर की प्रशंसा करता हूं, मैं इसके लिए माफी मांगता हूं।

माधवी जाधव

'मुझे सस्पेंड किया, तो...'

फॉरेस्ट गार्ड माधवी जाधव ने कहा कि बाबासाहेब संविधान के निर्माता हैं, आप उन्हें मिटाने चले हैं। पालकमंत्री की बहुत बड़ी गलती है। पालकमंत्री को गलती मान लेनी चाहिए। मुझे सस्पेंड किया, तो मैं रेल की गाड़ियां चलाऊंगी।

यह महाराष्ट्र विरोधी सोच : वर्षा गायकवाड

इस घटना के बाद गिरीश महाजन विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। शिवसेना ठाकरे गुट के नेता अंबादास दानवे और मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने गिरीश महाजन की आलोचना की। उन्होंने कहा है कि बीजेपी के लोग संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। गणतंत्र दिवस संविधान का उत्सव है और इसके निर्माताओं को भूल जाना बीजेपी की महाराष्ट्र विरोधी सोच को दर्शाता है। वहीं, ओबीसी नेता लक्ष्मण हाके ने गिरीश महाजन के सीधे इस्तीफे की मांग की है।

'परोपकार' ने किया सैनिकों का सम्मान

'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को किया गया नमन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था परोपकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय सेना के जांबाज अधिकारियों को सम्मानित किया। नरीमन पॉइंट के एनसीपीए में आयोजित समारोह में ऑपरेशन 'सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में कर्नल उमेद सिंह राणा, मेजर वीरेन्द्र सिंह राठौड़ और मेजर रमेश राजपुरोहित को शौर्य सम्मान से नवाजा गया। साथ ही शैलेश लोढ़ा द्वारा अभिनीत हास्य-व्यंग नाटक डैड्स गर्लफ्रेंड का मंचन किया गया।

इस अवसर पर कर्नल उमेद सिंह राणा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में जल, थल और वायु सेनाओं की संयुक्त भूमिका रही तथा सात दिनों तक जवान दिन-रात तैनात रहे। उन्होंने रामायण की चौपाई भय बिनु होत न प्रीति का उल्लेख करते हुए अनुशासन और दृढ़ता का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रामकिशोर दरक, नरेश बंसल, ट्रस्टी शंकर केजरीवाल, कैलाश अग्रवाल, विजय लोहिया, रविशंकर मोदी, विनोद अग्रवाल, बृजेन्द्र कागजी, प्रमोद गोयल, नवल सोनी, बिरेन्द्र अग्रवाल, आनंद शोरेवाला, घनश्याम पहलाजानी आदि उपस्थित थे।

नरीमन पॉइंट के एनसीपीए में हुए समारोह में वीर जवानों को याद किया गया।

भारत-EU के बीच हुए FTA से व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर

अगले तीन वर्षों में रत्न और आभूषण का व्यापार दोगुना होकर 91,000 करोड़ रुपये का हो जाएगा: GJEPC

Sudha.shrimali@timesofindia.com

■ **मुंबई:** भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) की घोषणा के बाद मुंबई के टेक्सटाइल और जेम्स ऐंड जूलरी सेक्टर में खुशी की लहर दौड़ गई। टैरिफ बढ़ाने के कारण भारत के अमेरिका को 44% कम निर्यात से परेशान जेम्स ऐंड जूलरी सेक्टर के एक्सपोर्टर्स ने मंगलवार को राहत की सांस ली।

जेम्स ऐंड जूलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (GJEPC) ने मंगलवार को कहा कि भारत-यूरोपीय संघ के बीच FTA के तहत जीरो-ड्यूटी एक्सेस से अगले तीन सालों में द्विपक्षीय रत्न और आभूषण व्यापार (जेम्स ऐंड जूलरी ट्रेड) दोगुना होकर 10 अरब डॉलर (लगभग 91,000 करोड़ रुपये) का हो सकता है।

GJEPC के चेयरमैन किरिट भंसाली ने कहा कि भारत-EU के बीच FTA से HN जेम्स ऐंड जूलरी इंडस्ट्री के लिए मार्केट डाइवर्सिफिकेशन का फायदा मिलेगा, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ से भारत का अमेरिका को निर्यात 44% कम हो चुका है। भारत -EU के बीच FTA से तीन साल के अंदर द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना होकर 91,000 करोड़ हो जाएगा। भंसाली कहते हैं कि दुनिया के सबसे बड़े कंज्यूमर मार्केट में जीरो-ड्यूटी एक्सेस से महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के एक्सपोर्ट हब को कीमती जूलरी (प्लेन और स्टडेड) चांदी और इमिटेशन जूलरी की शिपमेंट बढ़ाने का मौका मिलेगा।

'जूलरी पर 2-4% ड्यूटी हट जाएगी'

IBJA के नैशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया कि इससे कीमती जूलरी पर 2-4% ड्यूटी हट जाएगी, जिससे 27-सदस्यीय EU देशों के साथ एक्सपोर्ट की बहुत बड़ी संभावनाएं खुलेंगीं। मुंबई के झवेरी बाजार को बहुत फायदा होगा। उन्होंने बताया कि बढ़ती मेटल की कीमतों और बदलते ट्रेड डायनामिक्स के बीच यह डील मार्जिन बढ़ाने वाली, डिजाइन और कारीगरी में हमारी कॉम्पिटिटिव बढ़त को तेज करने वाली और मैन्युफैक्चरिंग को तेज कर मुंबई में नई नौकरियां पैदा करने वाली है।

ऑल इंडिया जेम्स ऐंड जूलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) के चेयरमैन राजेश रोकड़े ने कहा कि जेम्स ऐंड जूलरी सेक्टर के लिए यह ऐतिहासिक समझौता यूरोपीय बाजारों के लिए नए रास्ते खोलता है। बाधाओं को कम करता है और डिजाइन, शिल्प कौशल और इनोवेशन के लिए ग्लोबल केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है।

टेक्सटाइल-कपड़ों पर 0% टैरिफ

द क्लोदिंग मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चीफ मेंटॉर राहुल मेहता के अनुसार 0% इंपोर्ट ड्यूटी से भारतीय कपड़े और टेक्सटाइल यूरोपियन दुकानों में काफी सस्ते हो जाएंगे। इससे इंडियन मैन्युफैक्चरिंग हब में भारतीय कपड़ा बनाने वालों को बड़े ऑर्डर मिलेंगे। मुंबई के मैन्युफैक्चरर को बहुत फायदा होगा। इस फायदे को उठाने के लिए भारत के टेक्सटाइल और कपड़ों के एक्सपोर्टर्स को अपने प्रोडक्ट्स की विशिष्टता और आकर्षण को और बेहतर बनाने के लिए इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के प्रयासों पर दोगुना ध्यान देना चाहिए।

100 अरब डॉलर के एक्सपोर्ट के लक्ष्य को मिलेगी मदद

भारत मर्चेंट चैंबर के ट्रस्टी राजीव सिंघल ने बताया कि मुंबई देश का टेक्सटाइल हब कहा जाता है, लेकिन सेक्टर में चुनौतियों के चलते कई परेशानियां आईं। अब सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं को ग्लोबल मार्केट में एमएसएमई कॉम्पिटिटिव प्रोडक्ट बनाने में काम ले सकते हैं। यह डील मुंबई के मैन्युफैक्चरर के लिए अहम साबित होगी। वहीं, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (CITI) के अनुसार, यह डील भारत को 2030 तक 100 अरब डॉलर के टेक्सटाइल और कपड़ों के एक्सपोर्ट का लक्ष्य हासिल करने में मदद कर सकती है। CITI के चेयरमैन अश्विन चंद्रन ने कहा कि 'इस समय भारत का टेक्सटाइल और कपड़ों का सेक्टर अमेरिका के ऊंचे टैरिफ से जूझ रहा है। EU के साथ FTA की घोषणा एक बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाली बात है।'

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: kamlesh.mestry Time: 01-27-2026 23:00 Color:

फटाफट खबरें

फायरिंग केसः कमाल खान को भेजा जेल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : ओशिवरा लोखंडवाला फायरिंग मामले में गिरफ्तार अभिनेता कमाल आर खान को मंगलवार को दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उसे कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। खान पर नालंदा सोसाइटी में फायरिंग करने का आरोप है क्योंकि वहां उसके बंदूक से चली दो गोलियां 18 जनवरी को मिली थीं।

कुत्ते को मारने का आरोप, दो पर केस दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : ओशिवरा पुलिस ने कथित तौर पर एक कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों की सीसीटीवी से पहचान कर तलाश जारी है।

अश्लील विडियो बनाने वाला दंपती गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : समता नगर पुलिस ने 29 वर्षीय महिला को नशीला पेय पिलाकर उसका कथित अश्लील विडियो बनाने के आरोप में सोनू गुप्ता और सोनिया गुप्ता नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुप्ता दंपती ठाकुर विलेज के गायत्री बिल्डिंग में रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि विडियो पोर्न साइट पर अपलोड कर दिया गया था।

चोरी के आरोप में चार पुलिसकर्मी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : आरसीएफ पुलिस के तहत एक पिछले दिनों एक बांग्लादेशी होने के आरोप में एक महिला की घर से उसकी तलाशी और गिरफ्तारी दौरान करीब 15 तोला सोना और 20 से 22 लाख रुपये की चोरी करने के आरोप में नामजद चार पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी जोन 6 समीर शेख ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए आरोपी पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच करने की बात कही है।

प्रशासनिक सुधारों में MU राज्य में अव्वल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र सरकार द्वारा चलाए गए 150 दिन के 'सेवाकर्मी प्रवास' अभियान में मुंबई विश्वविद्यालय को राज्य के सभी 13 अकृषि विश्वविद्यालयों में पहला स्थान मिला है। विश्वविद्यालय को इस मूल्यांकन में 100 में 80 अंक मिले हैं। महाराष्ट्र सरकार ने गणतंत्र दिवस पर राज्य के विभिन्न कार्यालयों और संस्थाओं की प्रशासनिक कार्यक्षमता की रैंकिंग जारी की। इसमें विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक कामकाज का मूल्यांकन 9 प्रमुख बिंदुओं पर किया गया। इन सभी क्षेत्रों में मुंबई विश्वविद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

इकॉनमी बिगाड़ रहा प्रदूषण, गौर करे राज्य सरकार: HC

उद्योगों के पल्यूशन ऑडिट पर MPCB से किए सवाल

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि है कि वायु प्रदूषण देश की अर्थव्यवस्था पर कैसे असर डाल रहा है, सरकार और अथॉरिटी इस पर ध्यान दें। प्रदूषण के गंभीर प्रभाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह लोगों की कार्यक्षमता और सेहत को प्रभावित कर रहा है। अर्थव्यवस्था इसके प्रभाव से अछूती नहीं रह सकती है। प्रदूषण के असर का परीक्षण जरूरी है। कोर्ट ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में जानी-मानी हस्ती गोपीनाथ द्वारा प्रदूषण पर की गई टिप्पणी की जानकारी मिलने पर उपरोक्त बात कही। गोपीनाथ ने वायु प्रदूषण के चलते भारत में हुई मौतों पर चिंता व्यक्त की थी। दो साल पहले कोर्ट ने प्रदूषण के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है।

मंगलवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और गौतम नवलखा की बेंच ने कहा कि हर नागरिक को अलग-अलग इलाकों की वायु गुणवत्ता का सूचकांक (AQI) के स्तर को जानने का हक है। इसलिए महानगरपालिकाएं अपनी वेबसाइट पर AQI की अपडेटेड जानकारी अपलोड करें। इसमें किसी कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। बेंच ने BMC से पूछा कि सितंबर, 2025 से हर महीने कंस्ट्रक्शन साइट पर कितने सेंसर लगाए गए हैं,जो AQI की रियल टाइम सटीक जानकारी देते हों। सीनियर ऐडवोकेट द्वारका दास ने कहा कि प्रदूषण से जान गंवाने वालों को अथॉरिटी को मुआवजा देने का निर्देश दिया जाए।

इंडस्ट्री के प्रदूषण ऑडिट की रफ्तार पर नाराजगी

बेंच ने सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) द्वारा इंडस्ट्री के पल्यूशन ऑडिट पर नाराजगी जाहिर की। इसके साथ ही MPCB से ऑडिट के लिए उपलब्ध स्टाफ की जानकारी मांगी। बेंच ने कहा कि अब तक कितनी इंडस्ट्री का ऑडिट हुआ है। मुंबई महानगर क्षेत्र में 25723 इंडस्ट्री है। यह इंडस्ट्री तीन कैटेगरी में बांटी गई है। पहले श्रेणी में रेड इंडस्ट्री को रखा गया है,जो अत्यधिक पल्यूशन फैलाती है। MMR में ऐसी इंडस्ट्री की संख्या 2178 है। रेड इंडस्ट्री में थर्मल पावर प्लांट, बड़ी केमिकल इंडस्ट्री, रिफाइनरी और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट समेत अन्य इकाइयों का समावेश है। दूसरी कैटेगरी ऑरेंज इंडस्ट्री है, तीसरी श्रेणी ग्रीन इंडस्ट्री की है। बेंच ने कहा कि एक कमिटी बनाई जाएगी,जो अलग-अलग अथॉरिटी की रिपोर्ट में की सिफारिशों और महानगरपालिकाओं के कदमों का मूल्यांकन करेगी। फिर हम जरूरी आदेश जारी करेंगे। प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए गाइडलाइन के 28 दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन जरूरी है। 29 जनवरी को याचिका पर अगली सुनवाई होगी।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

प्रदूषण पर कोर्ट क्यों हुआ सख्त?

तीन साल बाद भी प्रदूषण पर जस की तस स्थिति बनी हुई है। अथॉरिटी की सुनवाई के दौरान कार्रवाई को लेकर उदासीनता नजर आई। जमीनी स्तर पर अदालत के आदेशों का असर नहीं दिखा। प्रदूषण से निपटने में राजनीतिक इच्छा शक्ति का भी अभाव नजर आ रहा है। इसलिए कोर्ट ने कहा कि अदालत लगातार इस मामले की निगरानी नहीं कर सकती है। इसके लिए अब अलग कमिटी बनाई जाएगी।

मेनोपॉज क्लिनिक शुरू करने वाला पहला राज्य महाराष्ट्र

■ NBT रिपोर्ट , मुंबई : मेनोपॉज क्लिनिक शुरू करने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री मेघना बोर्डिकर ने कहा कि यह कदम महिलाओं की सेहत को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों और शहरी इलाकों में 'मेनोपॉज क्लिनिक' शुरू किए गए हैं।

बोर्डिकर ने कहा कि मेनोपॉज महिलाओं की जिंदगी का बहुत ही सेंसिटिव स्टेज होता है। इस दौरान होने वाले शारीरिक बदलाव, मेंटल स्ट्रेस, हार्मोनल इम्बैलेंस, हड्डियों की बीमारियां, नींद की बीमारी और डिप्रेशन को अब तक नजरअंदाज किया जाता था। इससे महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। महिलाओं के लिए 'मेनोपॉज क्लिनिक' शुरू करने से उन्हें काफी राहत मिलेगी, धीरे -धीरे इसका विस्तार किया जाएगा।

सरकार ने कहा, महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए ऐतिहासिक कदम

स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि इस क्लिनिक के जरिए एक्सपर्ट्स से मेडिकल सलाह, मेंटल हेल्थ काउंसलिंग, हड्डी, दिल और हार्मोन टेस्ट, दवा और गाइडेंस एक ही जगह पर दी जा रही है। महाराष्ट्र देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसने इस तरह का 'मेनोपॉज क्लिनिक' शुरू किया है। महिलाओं की हेल्थ को लेकर राज्य सरकार का उठाया गया यह कदम दूसरे राज्यों के लिए गाइडेंस होगा। मेनोपॉज कोई बीमारी नहीं, बल्कि महिला की जिंदगी का एक नेचुरल स्टेज है।

महाराष्ट्र कैबिनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर कमिटी का बड़ा फैसला

मुंबई-नवी मुंबई एयरपोर्ट कनेक्ट करने वाली मेट्रो को हरी झंडी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नवी मुंबई स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट मेट्रो से जुड़ेगा। राज्य की कैबिनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधा कमेटी ने इसकी मंजूरी दे दी है। इससे दोनों एयरपोर्ट के बीच आवागमन आसान हो जाएगा।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस मेट्रो परियोजना पर करीब 22,862 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर विकसित की जाएगी, जिसमें 20 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार, 20 प्रतिशत राज्य सरकार और शेष निवेश पीपीपी ऑपरेटर का होगा। सामान्य तौर पर परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा पांच वर्ष तय की गई है, लेकिन सरकार ने इसे तीन वर्षों में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

कैबिनेट बैठक में प्रस्तुतीकरण

मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट इन्फ्रास्ट्रक्चर कमिटी की बैठक हुई, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार, मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव (वित्त) ओ.पी. गुप्ता, एमएमआरडीए के प्रबंध निदेशक डॉ. अनिल गायकवाड़, महाराष्ट्र राज्य अवसंरचना विकास महामंडल के प्रबंध निदेशक बृजेश दीक्षित सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव (लोक निर्माण विभाग) मनीषा म्हैसकर और सिडको के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल ने परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण और सभी आवश्यक अनुमतियां कार्य शुरू होने से पहले पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यह मेट्रो लाइन करीब 35 किलोमीटर लंबी होगी, जिसमें 9.25 किलोमीटर भूमिगत और 24.636 किलोमीटर एलिवेटेड मार्ग शामिल रहेगा। इस रूट पर कुल 20 स्टेशन होंगे, जिनमें 6 भूमिगत और 14 एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-2 से घाटकोपर (पूर्व) तक मेट्रो भूमिगत चलेगी, जबकि घाटकोपर (पश्चिम) से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा टर्मिनल-2 तक एलिवेटेड मार्ग रहेगा। इस मेट्रो के लिए 30.7 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता होगी, जिस पर लगभग 388 करोड़ रुपये खर्च आएगा। यह मेट्रो लाइन कुर्ला स्थित लोकमान्य तिलक टर्मिनस सहित कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों और अन्य मेट्रो लाइनों से जुड़ेगी।

नासिक रिंग रोड को भी मंजूरी

इसी बैठक में आगामी कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए 3,954 करोड़ रुपये की लागत से 66.15 किलोमीटर लंबी नासिक शहर रिंग रोड परियोजना को भी मंजूरी दी गई। इस रिंग रोड से नासिक शहर में यातायात का दबाव कम होगा और बाहरी वाहनों की आवाजाही सुगम बनेगी।

मालवणी में सिलिंडर ब्लास्ट से लगी आग, 7 लोग झुलसे

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: मंगलवार सुबह मालाड (पश्चिम) के मालवणी इलाके में गैस सिलिंडर ब्लास्ट के बाद लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में 7 लोग बुरी तरह झुलस गए। 4 घायलों को आधार अस्पताल में और 3 को केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।

बीएमसी के मुताबिक, घटना 27 जनवरी को सुबह करीब 9:25 बजे मालवणी गेट नंबर-8, एमी मस्जिद के पास, भारत माता स्कूल के बगल स्थित एक चॉल में हुई। प्रारंभिक जांच में गैस रिसाव के कारण सिलिंडर फटने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मुंबई फायर ब्रिगेड को दी गई, जिसके बाद पुलिस और संबंधित बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी, 108 एंबुलेंस और बीएमसी के वॉर्ड स्टाफ मौके पर पहुंचे। मुंबई फायर ब्रिगेड के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, विस्फोट के बाद सिलिंडर का मुख्य वॉल्व, गैस चूल्हा, अन्य सिलिंडर और घरेलू सामान आग की चपेट में आ गए। कुछ ही मिनटों में झोपड़ी जलकर खाक हो गई। हादसे के समय लोग झोपड़े के अंदर मौजूद थे। बाहर निकलने की कोशिश में वे झुलस गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए करीब 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया।

कुछ ही मिनटों में झोपड़ी जलकर हो गई खाक

आदिवासी घर बचे, बुलडोजर थमा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बोरीवली स्थित संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के आदिवासी परिवारों को बड़ी राहत मिली है। राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक ने उद्यान क्षेत्र में आदिवासियों के घरों पर चल रही तोड़फोड़ की कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने के आदेश दिए हैं। यह निर्देश वन विभाग की प्रधान सचिव मनीषा म्हैसकर सहित संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए। मागाठाणे के शिवसेना विधायक प्रकाश सुर्वे ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से संपर्क कर कार्रवाई रोकने की मांग की, जिसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से चर्चा हुई। इसके बाद मंत्रालय में हुई बैठक में सुर्वे, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक राजेंद्र गावित और विधायक संजय उपाध्याय ने आदिवासियों का पक्ष रखा। सुर्वे ने त्रिमूर्ति मंदिर के पास पर्यटन आरक्षित भूखंड पर 'वन प्लस वन' योजना के तहत पुनर्वास का प्रस्ताव दिया।

विक्रोली में लापरवाही को लेकर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ दर्ज की FIR

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान हादसा, एक बच्ची की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : विक्रोली पूर्व में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में 4 साल की बच्ची की मौत हो गई। इस मामले में विक्रोली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) के तहत लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना सोमवार सुबह करीब 11 बजे टैगोर नगर की एक गली में हुई।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए स्थानीय मंडल की ओर से 2 बड़े लाउडस्पीकर स्टैंड पर रखे गए थे। इसी दौरान जान्हवी सोलकर (4) गली में दौड़ रही थी। उसी समय एक कपड़े का बड़ा गट्ठर लेकर सैय्यद गुलान बच्ची के आगे से गुजर रहा था, सैय्यद गुलान का गट्ठर लाउडस्पीकर के तार से टकरा गया, जिससे स्टैंड पर लगे दोनों स्पीकर पीछे दौड़ रही बच्ची के ऊपर अचानक गिर पड़े। लाउडस्पीकर गिरने से जान्हवी गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने समारोह आयोजित करने वाले मंडल के मालिक विनोद परमार और सैय्यद गुलान के खिलाफ FIR दर्ज की है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि लाउडस्पीकर लगाने में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं।

कॉन्सर्ट बना चोरों का निशाना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ताड़देव स्थित महालक्ष्मी रेसकोर्स में आयोजित लोलापालूजा म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान भारी भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, कॉन्सर्ट में शामिल पांच लोगों के गले से कुल 88 ग्राम वजन की पांच सोने की चेन चोरी हो गई, जिनकी कीमत करीब 12 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अलावा, कार्यक्रम के दौरान आठ मोबाइल फोन चोरी होने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

■ भीड़ का फायदा उठाकर चेन और मोबाइल उड़ाए
■ लोलापालूजा कॉन्सर्ट में कई वारदातें

AI Image



पुलिस के मुताबिक, गोरेगांव निवासी अभिषेक किशोर समेत कुल पांच लोगों ने ताड़देव पुलिस थाने में अपनी सोने की चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। जांच में सामने आया है कि अलग-अलग समय पर आरव राहुल मनावत, निखिल शिवदास राठौड़, पार्थ अतुल चंपानेरकर और क्षितिज अनिल अंबाडे की भी सोने की चेन चोरी हुई थी।

CCTV फुटेज जब्त

कॉन्सर्ट के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे और इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने वारदातों को अंजाम दिया। शिकायत मिलने के बाद ताड़देव पुलिस ने कार्यक्रम स्थल के CCTV फुटेज जब्त कर लिए हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने और चोरी की घटनाओं में शामिल आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कॉन्सर्ट के दौरान इसके अलावा किसी और के गहने या मोबाइल फोन तो चोरी नहीं हुए। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

अदालत में जमा करें 3 करोड़ रुपयेः HC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को अदालत में मुआवजे के 3.39 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया, जिसमें दावा है कि राज्य मानवाधिकार आयोग ने अलग-अलग 136 मामलों में मुआवजे की सिफारिश की है, लेकिन अब तक 136 मामलों में मुआवजे का आदेश लागू होना बाकी है। पहले इस तरह के मामलों की संख्या 180 थी। मंगलवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने मुआवजे की पेंडिंग रकम पर चिंता व्यक्त की और इसे गंभीर मामला बताया।

ITI का होगा कायाकल्प, लागू होगी 'PM-सेतु' योजना

औद्योगिक प्रशिक्षण पर जोरः पहले फेज में नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, पुणे शामिल

NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) को पीएम-सेतु योजना के तहत मॉडर्नाइज करने को हरी झंडी राज्य मंत्रिमंडल ने दी है। पहले चरण में नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और पुणे की आईटीआई को आधुनिक रूप दिया जाएगा। आईटीआई के मॉडर्नाइजेशन के लिए हब एंड स्पोक मॉडल डेवलप किया जाएगा। इस पर सरकार अगले पांच साल में 241 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसमें औसतन 4 नए कोर्स शुरू होंगे और मौजूदा पाठ्यक्रमों को अपग्रेड भी किया जाएगा।

AI Image

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 'पीएम-सेतु' योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी गई है। योजना में केंद्र सरकार की 50%, राज्य सरकार की 33% और निजी उद्योग क्षेत्र की 17% हिस्सेदारी होगी। राज्य में पांच साल के लिए एक क्लस्टर (1 हब ITI और 4 स्पोक ITI) के लिए लगभग 241 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार 112 करोड़ रुपये, राज्य सरकार 98 करोड़ रुपये और इंडस्ट्री सेक्टर 31 करोड़ रुपये देगा। इसमें से सरकार ने पांच साल के लिए 98 करोड़ रुपये के खर्च को भी मंजूरी दे दी है। योजना के पहले चरण में तीन प्रमुख शहरों नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर और पुणे की चुनिंदा आईटीआई में लागू किया जाएगा।

हमारा उद्देश्य उद्योगों की मांग के अनुरूप अपने युवाओं को आधुनिक प्रशिक्षण देना है। इसके लिए राज्य की आईटीआई को पीएम-सेतु से जोड़ने का निर्णय राज्य के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं।

-मंगल प्रभात लोढ़ा, कौशल विकास मंत्री (महाराष्ट्र)

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

BJP को ग्रुप लीडर, शिंदे के पास प्रतोद का पद !

CM और DCM साथ बैठकर निकालेंगे हल

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ **मुंबई :** मुंबई के मेयर को लेकर एक-दो दिनों में सीएम और शिंदे साथ में बैठकर हल निकालेंगे। बीजेपी ने बीएमसी में बहुमत का आंकड़ा मजबूत रखने के लिए शिंदे गुट को जॉइंट ग्रुप बनाने का प्रस्ताव दिया है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव में बीजेपी ग्रुप लीडर का पद अपने पास रखने और प्रतोद (व्हिप) का पद शिंदे सेना को देने को तैयार है। यदि दोनों दल साथ में रजिस्ट्रेशन कराते हैं, तो बीएमसी में प्रस्ताव पास कराने में इन्हें आसानी होगी।

बीएमसी चुनाव परिणाम आए 11 दिन हो गया है, लेकिन अभी तक यह नहीं साफ हो पाया है कि मुंबई का मेयर कौन बनेगा या किस पार्टी का बनेगा। जबकि बीजेपी 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है और सहयोगी शिंदे सेना के 29 नगरसेवक चुने गए हैं। कहा गया था कि एकनाथ शिंदे की पार्टी ने बीजेपी से ढाई साल के लिए मेयर पद की मांग की थी। बाद में यह बात सामने आई कि बालासाहेब ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष होने की वजह से शिंदे सेना ने एक साल के लिए मेयर का पद बीजेपी से मांग है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस दावोस के दौरे पर थे, इसलिए मेयर पद को लेकर कोई बात आगे नहीं बढ़ सकी। अब सीएम फडणवीस ने मुंबई में मेयर बनाने की कमान संभाल ली है। बीजेपी ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना को एक जॉइंट ग्रुप बनाने और एक साथ रजिस्टर करने का प्रस्ताव भेजा है।

हम आकलन कर रहे हैं : मुख्यमंत्री

मुंबई मेयर के चुनाव में देरी को लेकर सत्ताधारी दल पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मेयर, डिप्टी मेयर का पद छोड़कर मुंबई महानगरपालिकाओं में अधिकांश पद फॉर्मूला के आधार पर तय होते हैं, इसलिए हम सब कुछ तय करने के बाद रजिस्ट्रेशन के लिए जाएंगे। स्टैंडिंग कमेटी में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए जो भी गणित तय होगा, उस अनुसार एक साथ या अलग गुट का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। मंगलवार को फडणवीस ने कहा कि नगरपालिकाओं में सभी पद प्रतिशत के आधार पर तय किए जाते हैं। सभी आंकड़ों का आकलन किया जा रहा है और उसी के अनुसार यह निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महानगरपालिका में गुटों की स्थापना करते समय प्रतिशत बिंदुओं को देखना पड़ता है और उसी के अनुसार महत्वपूर्ण पदों का गणित तय होता है। शिंदे गुट के अलग पंजीकरण को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महायुति के घटक दल समन्वय के साथ काम करने वाले लोग हैं।

मंत्रिमंडल की बैठक: DCM शिंदे समेत शामिल नहीं हुए 13 मंत्री

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एक बार फिर नहीं आए। इसके साथ-साथ 13 मंत्री बैठक में शामिल नहीं हुए। शामिल नहीं होने वालों में ज्यादातर शिंदे सेना और अजित पवार की पार्टी एनसीपी के मंत्री शामिल हैं। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार बैठक में शामिल थे। बैठक में नहीं शामिल होने के बारे में बताया गया कि मंत्री जिला परिषद के चुनावों व्यस्त हैं।

इन दिनों राज्य में 12 जिला परिषद और 125 पंचायत समितियों के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। मतदान 5 फरवरी होने वाला है। चुनाव में सत्ताधारी दल बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की पार्टी एनसीपी ने प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। यही कारण है कि मंत्री जिला और तालुका में प्रचार सभाओं पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। मतदान की तारीख नजदीक होने के चलते कई मंत्रियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में डेरा डाल रखा है।

> शामिल न होने वाले मंत्रियों में शिंदेसेना और NCP के ज्यादा

इसी चुनावी माहौल के बीच मंगलवार को मंत्रालय में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी दबाव साफ नजर आया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंत्रिमंडल की बैठक की बजाय सातारा जिले के मेढ़ा-केलघर क्षेत्र में चुनावी सभा को ज्यादा महत्वपूर्ण समझा। शिंदे गुट की शिवसेना के केवल चार मंत्री ही बैठक में उपस्थित रहे, जबकि शेष मंत्रियों ने प्रचार को तरजीह दी।

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

PRINCIPAL

GURU Nanak High School & Jr. College (English Medium), Kurla Camp, Ulhasnagar-4. Required a qualified and experienced principal for a High school and a junior college (Science & Commerce Stream). Candidates from Thane Dist. will be preferred. Apply by 2nd Feb 2026 through email gnhs.pss@gmail.com

शिक्षक

ST. PETER'S HIGH SCHOOL, Manvelpada Road, Virar - East (Eng. Med.) requires E.C.C.Ed., D.Ed., B.Ed. teachers to teach English, Math & Science (for all Sections), Dance Teacher, School Counselor, Band Master with sound knowledge & achievements in their respective field. Contact in person with complete resume between 9.30 a.m. - 11.00 a.m. Tel:7709947177.

WANTED
Bahujan Samaj Shikshan Prasarak Mandal'S,
Arts, Commerce and Science College Songir
Tal. & Dist. Dhule -424309 (M.S.)
Applications are invited for the post of Principal from eligible candidates within fifteen (15) days of the publication of this advertisement:

Sr. No	Designation	No of Post/s	Nature of Post	Category
1	Principal	1	Granted	ISOLATED

MINIMUM QUALIFICATION FOR APPOINTMENT TO THE POST OF PRINCIPAL IN COLLEGES, AS PER UGC REGULATIONS, 2018 AND G.R. DATED 8 MARCH, 2019.
Note: Detailed advertisement is available on university website www.nmu.ac.in and College website www.bsspmasc.com
(Hon. Shri. Amrutrao Keshavrao Kasar) Chairman

B.A., M.A., B.Ed., (ENG), B.Sc., B.Ed., (PCM), B.P.Ed., D.Ed., E.C.C.Ed. Qualified lady teachers required for English Medium SSC Board School in Central Mumbai. Experienced teachers may also apply for the post of H.O.D./H.M. email your CV to -teachersvacancy2026@gmail.com

लेखा

लेखा और वित्त

REQD. exp. Candidate having know of ESIC, provident fund, labour Compliance, Computer Operator / Field / HR Executive. Cont: A-3, Laxmi Apartment, Station Rd, Vikhroli (W). E-mail: resume.motta@gmail.com

अकाउंटेंट (लेखाकार)

REQUIRED Accountant & Admin assistant for fast growing Corporate Gift Company located in Andheri (E). Candidates should be commerce graduate with Min. 2-3 yr's Exp. must have working knowledge of Tally Prime, GST & TDS interested candidates mail your resume to: hr@sgagifts.in WhatsApp: 9820142856.

SHREEJI'S Group required Vidyavihar (East) (1)Accountant & (2) Office Assistant Add: 501 Surya House, Opp Vidya Vihar East, Mumbai -77. Walkin 10 to 7, shreejikt123@gmail.com 9320519233 & 9320319233.

REQ Accountant (M/F) with 2-3yrs exp. of Tally Accounts, excel, Office at Santacruz(W) Call: 8369172165, Send CV. in.royalmumbai@gmail.com

GURU Nanak High School & Jr. College (English Medium), Kurla Camp, Ulhasnagar-4. Required B. Com Clerk with computer knowledge and proficiency in Tally ERP 9.2 for the school and junior college (Science & Commerce Streams). Candidates from Kalyan to Badlapur will be preferred. Apply by 2nd February 2026 through email at gnhsjc@gmail.com .

प्रशासन

आयात/निर्यात

STAFF-REQUIRED Import-Export Company, Ghatkopar (E), Requires Computer-Literate Staff With Knowledge Of Excel (Basic & Advanced). Marketing Skills Preferred. Female Candidates Preferred. Contact 9820508901 | bmaakardyo@gmail.com

कार्यालय सहायक

OFFICE Assistant required near CST with basic knowledge of Word, Excel, Email, Tally, and coordination. Candidates, please send your resume to hr@billionplastics.in

आईटी संबंधित

कंप्यूटर ऑपरेटर्स

प्रसिद्ध लॉजिस्टिक कंपनीको तारापुर (बोईसर) और पालघर ब्रांचके लिए 2 सालके अनुभवी कॉम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए। बायोडेटा फोटोके साथ संपर्क करें। भावना रोडवेज- 9822717032 मेल- hr@bhavnaroadways.com

विपणन, विज्ञापन और बिक्री

विपणन (मार्केटिंग)

BUSINESS DEVELOPER REQUIRED For Interior Design & Build company. Experience in corporate interiors preferred. Salary negotiable. Contact: sanjayprakash9@gmail.com or call on 9136504783

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

IMMEDIATE JOINING
Real Estate Firm REQUIRES
FOR THEIR BORIVALI & PALGHAR PROJECT.
SALES EXECUTIVES- M/F
Salary - 25000 to 35000/- + Incentive
TELECALLERS- M/F
Salary - 12000 to 15000/- + Incentive
Call : 8424024432
Email CV: ipsitent@yahoo.com

सिक्यूरीटी गार्ड, सिक्यूरीटी सुपरवायझर और दर्डकर चाहीये. संपर्क: 315 - रिना कॉमप्लेक्स, Opp. नायानी स्टील, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9820633611

पार्ट टाइम जॉब

कमाएं फुलटाईम इनकम; अपने प्यारे से घर से और बोरीवली स्थित मुख्यालय से पार्टटाईम काम करें। स्मार्ट व्यक्तियों के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। संपर्क: 87665 34390

घर से काम (वर्क फ्रॉम होम)

20K - 26L, 200 vacancy, Retired / Working / Fresher / Housewife, Virar to Colaba, CSMT to Kalyan / Panvel - NHHS Ltd - Msg 8693888641

तकनीकी

इंजीनियर्स

FOUNDATION ENGINEERING
Creating foundations for the future
FEC Invites Applications for a Prestigious Construction Project in Uran
WE'RE HIRING
Piling Supervisors
Safety Supervisors
Civil Engineers
Quality Engineers
Join a team that builds strong, safe, and lasting foundations.
APPLY NOW!
hiringfec@gmail.com
022 4311 7200

चाहीए सिविल इंजिनिअर- डिप्लोमा (2 पद) साईट सुपरविझनका 3 साल का अनुभव जरुरी। खुदकी बाईक होनेवालोंको प्राथमिकता। Email: info@oceanicenviro.com

REQD IT field Eng with 2-3 yrs exp in networking, desktop & laptop assembling & maint./ CCTV. Call 9820053391 email: deltatec44@hotmail.com

रिक्त पद

HAIR & Skin Clinic-Staff Required. Experienced Preferred. Admin executive, Hair technician, Beautician. Location Mahalaxmi, Mumbai. Send Resume to this Email:kashbd09@gmail.com

चाहीए 6 प्लंबर और 6 इलेक्ट्रिशियन (ITI) 2 से 3 सालका अनुभव जरुरी। ईमेल: info@oceanicenviro.com संपर्क : 9890707398

घर के काम के लिए कामवाली बाई चाहिए और ऑफिस बॉय चाहिए। आनंद नगर, जोगेश्वरी वेस्ट के लिए। संपर्क करें: 9820390464

WANTED QC Chemist for Ram Mandir Road factory. Min qualifications FyBsc Chemistry Please send your resume to vijayatacmechem.com Mobile 98210 46393.

फोटोग्राफर व कारपेंटर फर्नीचर बनाने/ मरम्मत करने के लिए चाहिए, अनुभव: 8 से 10 साल. संपर्क: 9819944191/ 40020800

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
My clients are negotiating with Smt. Aparna Arun Chaubal (Owner) in respect of Grant of Development Rights concerning piece and parcel of land admeasuring about 1309.60 sq mtrs or there about TOGETHER with building comprising Ground + 2 upper floors constructed thereon and known as ASHIRWAD situated and lying at Plot No. 94 of Suburban Scheme - III of Chembur and bearing CTS No. 845, 845/1 to 14 at or for a valuable consideration. My client has been further informed by the said Owner that a Memorandum of Understanding (MOU) was arrived at and executed on 9th April 2024 between herself and Heritage Lifestyle LLP having address at Heritage House, Plot No. 29, D. K. Sandu Marg, Opposite Saibaba Temple, Chembur, Mumbai - 400 071 as per terms and conditions contained in the said MOU dated 9th April 2024. The said MOU stood terminated according to its terms which was communicated to Heritage Lifestyle LLP vide Advocate Amol K. Tembe's notice dated 23rd September, 2025 for reasons recorded therein. The said termination was further recorded by Adv. Amol K.Tembe's mail dated 2nd November, 2025. The said M/s. Heritage Lifestyle LLP have not responded to all such notices of termination and there by are deemed to have accepted the termination.
ALL/ANY person(s)/entities including inter alia any individual, Hindu Undivided Family, a Company, bank (s), and / or financial institution(s), non-banking financial institution(s) trust, a firm, an Association of Persons, or body of persons or body of individual whether incorporated or not, lender(s)/creditor(s) and / or any authority having any claim, right, title, interest, share, demand whatsoever in respect of or against the said land and building or any part there of by way of sale, transfer, assignment, exchange, mortgage, charge, hoqueath, equitable easement, pledge, tenancy, license, lis pendens, lien, gift, trust, inheritance, possession, lease or encumbrance, sub-tenancy, care taker basis, occupation / possession, family arrangements / settlements, FSI consumption or TDR, development rights, partnership, decree or order of any court of law, contract / agreement or otherwise of whatsoever nature are hereby required to make the same known in writing along with documentary evidence to the undersigned at the address mentioned above within 14 days from the date hereof, failing which claims, if any, of such person (s) will be treated as waived and / or abandoned and / or released and not binding on my client and my client will be free to proceed with execution of Development Agreement without reference to such claim.
Sd/-
Anita Manjalkar
Advocate High Court
Place : Mumbai
Date : 28.01.2026

IDBI BANK
CIN: L65190MH2004GOI148838
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ परेड, मुंबई-४००००५
निविदा क्रमांक: आईडीबीआई /सीबीडी/टीएन/५० दिनांक: २८ जनवरी २०२६
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड अॅनेक्स बिल्डिंग, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई में केटरिंग सेवाओं के लिए केटरर्स का रजिस्ट्रेशन।
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, अॅनेक्स बिल्डिंग, प्लॉट नं. ३९/४०/४१, सेक्टर ११, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई- ४०० ६१४ में केटरिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुभवी और प्रतिष्ठित ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित कर रहा है।
निविदा जमा करने की अंतिम तारीख: १३ फरवरी, २०२६, दोपहर ३:०० बजे तक।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट देखें: www.idbibank.in
नोट: उपरोक्त निविदा से संबंधित कोई भी बदलाव / सुधार / तारीखों में विस्तार / स्पष्टीकरण / निविदादाताओं के प्रश्नों के उत्तर केवल बैंक की वेबसाइट www.idbibank.in >> Quick links >> Notices & Tenders में ही डाले जाएंगे। समाचार पत्रों में इसके लिए कोई अलग सूचना प्रकाशित नहीं की जाएगी। अतः निविदादाताओं से अनुरोध है कि इस संबंध में अपडेट रहने के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट पर जाते रहें।

PUBLIC NOTICE
My client are intending to purchase Flat No. 504 - A, 05th Floor, "A" Wing admeasuring about 728 sq ft carpet area / 81.19 sq. mtrs BUA (together with One Car Parking Space T - 74 and right, title, interest and benefits comprised in Share Certificate No. A - 18 issued by Kalabhavti CHS Ltd., consisting of 10 (Ten) shares bearing Dist No. 0171 to 0180 (both inclusive) dated 24th Dec., 2024) situated and lying at Rite Skyline, Bldg No. 19, Subhash Nagar, Chembur East, Mumbai - 400 071 bearing CTS No. 831 (pt) & 831 / 59 to 70 FROM Mr. Parikshit P Joshi & Mr. Pradip J. Joshi who acquired / purchased the same From Rite Developers Pvt Ltd., by an Agreement for Sale dated 7th October, 2016 duly Registered with Sub - Registrar, Kurla - 4 under Serial No. KRL4 - 9424 - 2016 dated 07/10/2016
All / Any person(s) including predecessor in title if any, having any right, title, claim or interest in respect of the above referred property by way of sale, exchange, lease, license, mortgage, inheritance, gift, lien, charge, maintenance, easement, trust, possession or otherwise of whatso ever nature are hereby required to make the same known in writing along with documentary evidence to the under signed at the address mentioned above within 14 days from the date hereof, failing which claims, if any, of such person(s) will be treated as waived and / or not binding on my client and my client will be free to proceed with execution of Sale Deed without reference to such claim.
Sd/-
Anita Manjalkar
Advocate High Court
Place : Mumbai
Date : 28.01.2026

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि, हमारे मुवक्किल, जो इच्छुक खरीदार है, **एमआरके ऑक्सीजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**, जो एमआईडीसी के वर्तमान पट्टाधारक/आवंटी है, उनसे प्लॉट नंबर आर-274, जो एमआईडीसी रबाले औद्योगिक क्षेत्र, तालुका और जिला ठाणे में स्थित है और जिसका क्षेत्रफल 3161 वर्ग मीटर है, उस पर स्थित सभी संरचनाओं (यदि कोई हो) के साथ, उक्त औद्योगिक भूखंड के पट्टा अधिकारों, स्वामित्व और हितों को असाइनमेंट और ट्रांसफर के माध्यम से खरीदने/अधिग्रहित करने की प्रक्रिया में है।
उक्त भूखंड एमआईडीसी द्वारा दिए गए पट्टे के तहत आता है, और प्रस्तावित लेनदेन एमआईडीसी पट्टा विलेख के नियमों, शर्तों, विनियमों, परिपत्रों और स्थानांतरण/असाइनमेंट के लिए लागू मंजूरी के अधीन है।
यदि किसी भी व्यक्ति का उक्त एमआईडीसी औद्योगिक भूखंड और परिसर के संबंध में किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वामित्व, हित, दावा, ग्रहणाधिकार, प्रभार, भार, आपत्ति या किसी भी प्रकृति की मांग है, तो उन्हें इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर, नीचे दिए गए पते पर दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ अपने दावे/आपत्तियां लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आवश्यक है।
यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई दावा या आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह निष्कर्ष रूप से मान लिया जाएगा कि कोई दावा या आपत्ति नहीं है, और पट्टा अधिकारों के हस्तांतरण/असाइनमेंट की प्रक्रिया बिना किसी संदर्भ के आगे बढ़ाई जाएगी, और ऐसे किसी भी दावे (यदि कोई हो) को छोड़ दिया गया या त्याग दिया गया माना जाएगा।
एडवोकेट ऐश्वर्या गोरक्ष
खरीदार की वकील
ईमेल:adv.aishwaryagoraksha@gmail.com

निविदाएं (टेंडर्स)

एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
REQUEST FOR PROPOSAL
एसबीआई पेमेंट्स ने सुरक्षा, अधिकार प्रबंधन (IRM) समाधान की आपूर्ति, कार्यान्वयन, एकीकरण और संचालन हेतु प्रस्ताव अनुरोध (RFP) जारी किया है। अधिक जानकारी के लिए कृपया एसबीआई पेमेंट्स की वेबसाइट www.sbipayments.com देखें।
स्थान: मुंबई
दिनांक: २८.०१.२०२६ (निविदा प्रबंधन)

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

सेवाएं

ज्योतिष

बिना बताये जाने वाली सभी समस्याओं का हल प्रेमविवाह, विदेशयोग, गृहक्लेश, उधारी वसूल का गारंटेड समाधान लोक कहते हैं हम कारक पिसाले. 9967724766 / 8828954766

कानूनी सलाह

PROPERTY VALUATION
SOCIETY FORMATION
PR CARD / CTS PLAN
PROPERTY TAX
POINT ADVISORY
7021653529

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

व्यक्तिगत

खोया एवं पाया

LOST Share Certificate of Versova Aditi Coop Housing Society Ltd, Flat No A601, Cert No. 077 with Dist No 206 To 210. If found call on 7021566572 to Madhvi Singh

नाम परिवर्तन

I, Vruchita Rajesh Arekar D/o Late Rajesh Sadhu Arekar staying in Vasai (West), Palghar-401202 declare that my father name has been wrongly entered as Raju Arekar in my documents. The original name of my father is late Rajesh Sadhu Arekar.

I Sudhanshu Bhadani S/o Rajendra Prasad Bhadani residing at Flat E/702 7th floor Moreshwar 19 East Nerul Navi Mumbai Maharashtra Pin: 400706 have change the name of my minor daughter aged 9 years from Avni to Avni Bhadani

I, SHARDA SURESH JAMKHANDI mother of VIJAY SURESH JAMKHANDI changed my name from SHARDA SURESH JAMKHANDI to SHARADHA S JAMKHANDI vide aff. No.59AB808042, dt.22/01/2026.

I,NO. 14405290W Hav Sujitkumar Atmaram Bedase r/o Hariom Nagar Dudhale Shiwar, Kokni hill Nandurbar have changed my Daughter name from Roshni to Rutuja Sujit Bedse vide aff.dt. 22-01-2026 No 60AB322813 at Nashik

I,RAMAVATI Devi Mother of Pandey Divakar Ramakant r/o Dubari, Madhuban, Mau, U.P-221601 have changed my name from Ramavati Devi to Ramavati Pandey vide aff.dt. 23-01-2026 No 59AB893171 at Nashik

I,MACHINDRA Father of Kale Ganesh Machindra r/o Malegaon Haweli, Sangamner, Ahmadnagar, M.H-422605 have changed my name from Machindra to Machhindra Vishnu Kale vide aff.dt. 24-01-2026 No 59AB865742 at Nashik

I,SUBBA Singh Father of Rajeshkumar Singh Yadav r/o Bayepur, Devakali, Ghazipur, U.P-233001 have changed my name from Subba Singh to Subba Yadav vide aff.dt. 22-01-2026 No 59AB866285 at Nashik

I,GAJENDRI Devi Mother of Meensh Kumar r/o Khediya Khurd, Jattari, Khair, Aligarh, U.P-202137 have changed my name from Gajendri Devi to Gajana Devi vide aff.dt. 23-01-2026 No 59AB866295 at Nashik

I, MAHESHWARI R wife of S MURGAN changed my name from MAHESHWARI R to MAHESWARI M vide aff. No.59AB808032, dt.22/01/2026.

SOCIAL EVENT

Radhey Radhey
खोज लो... तुम खोज लो, अपने ही सागर में, अपनी ही डुबकी से, अपना अमूल्य मोती लो।
THE SACRED STEPS
ADVENTURES OF AN AMBITIOUS ASPIRANT
Speaker
Swami Shri Krishnadasji
(Disciple of Shri Sant Maa Brajdeviji)
Venue : ISKCON Auditorium, Juhu
Dates : 31st Jan. & 1st Feb. 2026
Time : 5:30 PM - 8:00 PM
Ambition moves the feet. Awareness decides the path.
THIS IS NOT A TALK TO MISS :-
- If you're ambitious about life
- confused about direction
- or hungry for something deeper
Free Entry
Come take the Sacred Step that could quietly change the way you think, choose, and live.

SOCIAL EVENT

श्री ब्रजमंडल के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष में आयोजित
श्रीमद् ब्रजभागवत कथा
परमाराध्य पूज्य श्री मन्माध्व गौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज की अमृतवाणी से
27 जनवरी से 2 फरवरी 2026 प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 7:00 बजे तक
कथा स्थल-आज़ाद मैदान, मेट्रो सिनेमा के पास, मुंबई
॥ आज की कथा ॥
कुन्ती स्तुति, शुकदेव आगमन, वराह अवतार
: दैनिक यजमान : श्री भुवनेश गौरीशंकर अग्रवाल एवं श्रीमती कांता भुवनेश अग्रवाल
: भंडारा यजमान : श्री संदीप पूरनचंद अग्रवाल एवं राकेश एस. अग्रवाल, प्रवीन पी. अग्रवाल
सभी कथाप्रेमी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। प्रवेश पास द्वारा
अध्यक्ष एवं ट्रस्टी: सुरेशचंद्र अग्रवाल मानद मंत्री: प्रदीप आर. लाडीवाल कोषाध्यक्ष: अनिल आर. अग्रवाल
ट्रस्टी: कानबिहारी अग्रवाल बृजकिशोर अग्रवाल रामप्रकाश मित्तल रमनलाल अग्रवाल अनिल पी. अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य: उमेश अ. मित्तल, नरेन्द्र एस. अग्रवाल, धर्मेश एम. गर्ग, सुनिल एस. अग्रवाल, गोविन्द एन. अग्रवाल, पवन आर. अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, संदीप पी. अग्रवाल, अशोक बी. अग्रवाल
अग्रवाल बिल्डर्स एंड डेव्हलपर्स प्रा. लि.

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

BOOK YOUR BUSINESS ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Afridi 9594 343 468 | Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

NBT स्मृति यादों के चिराग

आकस्मिक निधन

बैकुण्ठवास



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी
श्री भगवती प्रसादजी लाहोटी
का स्वर्गवास 25/01/2026 को हो गया है।
हरि इच्छा प्रबल है...
-: उठावना :-
बुधवार, 28/01/2026 सायं. 5.00 - 6:30 बजे तक
स्थान : स्वामीनारायण मंदिर - योगीनगर, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई.
-: शोकाकुल :-
भ्राता - भ्रातावधु : जितेंद्रकुमार - दिव्यप्रभा
पुत्र - पुत्रवधु : प्रदीप-सुमन, नरेश-कान्ता
भतीजे - भतीजावधु : जुगल - राजश्री, स्व. अनिल - ललिता, विमल - शालिनी, भरत-प्रीति, अंकित-प्रियंका
बहन - बहनोई : बीना-मदनगोपालजी राठी
पुत्री एवं दामाद : प्रमिला- ओमप्रकाशजी हेडा
भतीजी - दामाद : हेमलता-स्व. राजाराम‌जी काबरा, कविता - मनोजजी झंवर
पौत्र-पौत्रवधु : गौरव, प्रज्ज्वल, सुमित-मेघल, हर्ष - रमा, दीप - स्नेहा, दीपेश, कनिष्क
पौत्री : रश्मी, दीप्ति, क्षिप्रा
दोहिते - दोहिती : आदित्य, नमन, सौरभ, सुरभि, नमन, इशिका
परपौता : वेदान्त
एवं समस्त लाहोटी परिवार (सांभर वाले)
ससुराल पक्ष : मनोज राठी एवं समस्त राठी परिवार - पाली मारवाड़

॥ पुण्यतिथी ॥

स्व.श्री. घनश्यामदासजी विष्णुदासजी गुप्ता
अठरहवी पुण्यतिथी पर श्रध्दांजली अर्पित करते हुए आपकी विनम्रता एवं कर्तृत्व को हम नमन करते हैं। आपके प्रेरणादायक जीवन की स्मृति व आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।
!!!श्रध्दा सुमन!!!
पत्नी: श्रीमती ओमवती घ. गुप्ता
पुत्र: चंद्रशेखर घ. गुप्ता, दिनेश घ. गुप्ता
पौत्र: जय चं. गुप्ता, विक्रांत दि. गुप्ता
समस्त मित्तल परिवार व मित्रगण
ठाणे (प.)

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि दिनांक 27 जनवरी 2026 को स्व.श्री मेघराज अग्रवाल के सुपुत्र
श्री बेनी गोपाल अग्रवाल
का दुःखद निधन हो गया है।
(धर्मपत्नी सरला अग्रवाल, सुपुत्र राज अग्रवाल, पुत्रवधु बेला अग्रवाल)
9820067834, 9820585576
निवास स्थान: ग्रुप्से लक्सोसिटी, इरिडियम बिल्डिंग, डी-विंग, 2703, अकोर्ली रोड, कांदिवली (पूर्व), मुंबई (लेन: महिंद्रा वेस्ट गेट के सामने)
अंतिम यात्रा
दिनांक 28 जनवरी 2026 प्रातः 9:30 बजे
निवास स्थान से प्रस्थान कर आरे शिव धाम अंत्येष्टि स्थल, गोरेगांव (पूर्व) जाएगी।
प्रार्थना सभा
दिनांक 29 जनवरी 2026, सायं 4:30 बजे से 6:00 बजे तक, तेरापंथ भवन, ठाकुर कॉम्प्लेक्स, कांदिवली (पूर्व) में आयोजित की जाएगी।
ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।—
अग्रवाल परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-27-2026 22:48 Color:

MMRDA ने 4 लेन का फ्लाइओवर कर दिया 2 लेन में!

मीरा-भाईंदर के डबल डेकर फ्लाइओवर की अजीबो-गरीब डिजाइन पर बवाल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मीरा-भाईंदर हाइवे पर ट्रैफिक कम करने के लिए बनाए जा रहे फ्लाइओवर में मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की अनोखी डिजाइन की चर्चा देश भर में हो रही है। दरअसल, इस फ्लाइओवर के चार लेन को अचानक ही बिना किस कर्व के दो लेन में बदल दिया गया है। सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने के बाद एमएमआरडीए मामले में स्पष्टीकरण देने में लगा हुआ है। दरअसल, यह डबल डेकर फ्लाइओवर का निचला हिस्सा है, जिससे वाहन जाएंगे, जबकि ऊपरी पिलर पर ऊपर से मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी।

MMRDA ने दी सफाई: MMRDA ने सफाई में कहा कि लेन का यह बदलाव एक सोची-समझी इंजिनियरिंग का फैसला है। यह फैसला उपनल नगर और भविष्य में नेटवर्क को बढ़ाने की योजना को ध्यान में रखकर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइओवर को भाईंदर (ईस्ट) के लिए दो लेन के साथ डिजाइन किया गया है। वहीं, भविष्य में वेस्टर्न रेलवे लाइन के पार एक और एक्सटेंशन के हिस्से के तौर पर भाईंदर (वेस्ट) की ओर अतिरिक्त दो लेन के लिए जगह छोड़ी गई है।

अथॉरिटी ने बताया कि भाईंदर (ईस्ट) की ओर जाने वाला हिस्सा पहले आता है, इसलिए मौजूदा चार लेन वाला फ्लाइओवर दो लेन में बदल जाता है। बाकी बाहरी लेन को बाद के चरण में जोड़ा जाएगा। गोल्डन नेस्ट सर्कल तक, जो एक बड़ा जंक्शन है जहां पांच सड़कें मिलती हैं, मेट्रो के साथ 2+2 लेन वाला फ्लाइओवर बनाया गया है। ट्रैफिक को आसानी से निकालने के लिए दोनों तरफ स्लिप रोड भी हैं। जंक्शन के आगे, भाईंदर ईस्ट की ओर, सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है। इसलिए, रेलवे फाटक रोड की ओर अंडरपास के लिए बीच में 1+1 लेन वाला फ्लाइओवर और कपर-नीचे जाने वाले रैंप बनाए गए हैं।

उठ रहे है सवाल: आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली के अनुसार, प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले प्राधिकरण मोटी रकम कंसल्टेंट को देती है। उसी कंसल्टेंट की देखरेख में पूरा काम होता है, एमएमआरडीए अधिकारी को कंसल्टेंट ठीक से काम कर रहा है कि यह देखना होता है। फ्लाईओवर की लेन कम कर एमएमआरडीए का प्रोजेक्ट फेल हो गया है। सरकारी पैसा बर्बाद करने वाले अधिकारियों से यह पैसा वसूलना चाहिए।

आदित्य ठाकरे ने कसा तंज

शिवसेना UBT के विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि लोगों को एमएमआरडीए और उसकी टीम का मजाक नहीं बनाना चाहिए। असले खाल, इसी डिजाइन को दूसरे देशों को सिखाने के लिए एमओयू किया जाएगा। इस तरह से लेन घटाने से ट्रैफिक जाम की समस्या होगी। आप खुद सोच लीजिए कि एमएमआरडीए के इंचार्ज मंत्री कौन है। दरअसल, एमएमआरडीए शहरी विकास मंत्रालय के तहत आता है, जिसकी जिम्मेदारी उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास है।

प्रफेसर आलोक हत्याकांड : बाल खींचे जाने से चिढ़ गया था हमलावर

GRP की पूछताछ में आरोपी ओमकार शिंदे ने किए कई खुलासे

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई: प्रफेसर आलोक सिंह** की हत्या के आरोपी ओमकार शिंदे (27) ने बोरीवली जीआरपी को पूछताछ में कई बातें बताईं। जांच अधिकारियों ने बताया, शिंदे और सिंह के बीच काफी समय से ट्रेन में बहस चल रही थी, क्योंकि कोच में भीड़ के बीच किसी ने उसके बाल खींच लिए थे। साथ ही, यह सोचकर कि उसको जान-बूझकर कुछ लोग तंग कर रहे हैं। उसने सबक सिखाने का फैसला किया।

प्रफेसर आलोक सिंह

करीब 5:45 बजे ट्रेन मालाड स्टेशन पहुंची, तो शिंदे ने सिंह से कहा कि उसको उतरना है। सिंह ने कहा, महिला बाथ को पहले उतरने दो। इससे शिंदे और चिढ़ गया। चश्मदीदों द्वारा दिए गए बयान के अनुसार, ट्रेन से उतरने के दौरान शिंदे ने नेब में रखा मेटल पॉलिश पाना निकाला और सिंह को सबक सिखाने के लिए उसके पेट में घोंप दिया। इसके बाद वह पाना लेकर भाग गया। जीआरपी का दावा है कि प्लैटफॉर्म एक से ईस्ट साइड में भागते हुए शिंदे ने वह पाना कहीं फेंक दिया। मंगलवार को भी पाना की तलाश जारी रही। सख्त लिखे जाने तक आलोक के दोस्त व मुख्य गवाह प्रफेसर सुधीर त्रिवेदी और मालाड स्टेशन मास्टर मोहम्मद नसरुल्लाह अंसारी का बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी। आलोक की पत्नी गर्भवती पूजा सिंह घटना के बाद से अस्पताल में भर्ती हैं। पूजा को रविवार देर शाम पति के मौत की जानकारी दी गई। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

इलाज में देरी का आरोप बेबुनियाद: सिंह परिवार द्वारा इलाज में देरी के आरोपों को जीआरपी के अधिकारी ने बेबुनियाद बताते हुए कहा, उन्होंने घटना से संबंधित सभी CCTV फुटेज सिंह परिवार को दिखाया है। सिंह को घटना के 20 मिनट के अंदर हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

बिरयानी खाने से 23 बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

Pankaj.Pandey
@Timesofindia.com

■ **मुंबई :** कोलाब के एक मदरसे में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान बच्चों को बिरयानी खाना महंगा पड़ गया। फूड पॉइजनिंग की शिकायत के बाद 23 बच्चों को सीएसएमटी स्थित सेंट जॉर्ज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 बच्चों को सोमवार रात 10 बजे भर्ती किया गया, जबकि 13 को मंगलवार को अस्पताल लाया गया। अस्पताल में भर्ती छात्रों की उम्र 9 से 14 वर्ष के बीच है। सेंट जॉर्ज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉ.विनायक सवर्डेकर ने कहा कि बच्चों को माइल्ड फूड पॉइजनिंग से ग्रसित पाया गया है। उल्टी, पेट दर्द और जुलाब की शिकायत के बाद बच्चों को अस्पताल लाया गया था। अभी सभी की सेहत में सुधार हो रहा है। जानकारी के अनुसार, कोलाब के मदरसा गुलशन ए रजा तालीम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने सुबह चिप्स और कोल्ड्रिंक्स पी थी, फिर कुछ देर बाद शिवदी खाई थी। शिवदी खाने तक विद्यार्थियों की तबीयत ठीक थी। लेकिन दोपहर को बच्चों को बिरयानी खाने को दी गई। बिरयानी खाने के बाद बच्चों को पेट दर्द, उल्टी और कुछ बच्चों को जुलाब होने लगा। मदरसे में करीब 200 बच्चे पढ़ते हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

यह कहता है नियम: नियम के अनुसार खाना बच्चों को खाना देने से पहले उसकी जांच अनिवार्य है। लेकिन प्राइवेट स्कूलों में ऐसा कोई मैकेनिज्म नहीं है, इससे पूरी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन की होती है। यदि बिरयानी की जांच कर खाने को दी गई होती, तो बच्चों को अस्पताल में भर्ती करने की नौबत नहीं आई होती। इतने बच्चे के अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी बीएमसी प्रशासन ने अभी तक कोई कठोर कदम नहीं उठाया है।

'यह कथा भगवान का साक्षात् शब्द-स्वरूप'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** कथावाचक पुंडरीक गोस्वामी महाराज ने 'श्रीमद् भाग भागवत कथा' के पहले दिन कहा कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान का साक्षात् शब्द-स्वरूप है। इसके श्रवण से मनुष्य के जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है। श्री ब्रजमंडल के तत्वावधान में आनंद मैदान में कथा का शुभारंभ धीरेंद्र शास्त्री के हाथों मंगलवार से हुआ। पहले दिन दक्षिण मुंबई के भाटिया महानवाड़ी से निकली कलश यात्रा आनंद मैदान स्थित कथा स्थल पहुंचकर पूरी हुई। मुख्य यजमान सुरेशचंद्र अग्रवाल के मुताबिक श्री ब्रजमंडल संस्था के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कथा का आयोजन हो रहा है, जो 2 फरवरी तक चलेगी।

मीरा-भाईंदर: महापौर चयन के लिए BJP में कशमकश

3 फरवरी को महापौर, उप महापौर का होगा चयन

शानू गोहिल डिंपल मेहता अनिता पाटिल मदन सिंह ध्रुवकिशोर पाटिल

■ अनिल तिवारी, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर मनपा महापौर पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण लगातार पांचवीं बार इस पद पर महिला ही विराजमान होंगी। आगामी 3 फरवरी को महापौर और उप महापौर पद का चुनाव होने जा रहा है। हाल ही में संपन्न हुए मनपा चुनावों में कुल 95 सदस्यों में से 51 महिला नगरसेवकों की जीत ने यह साफ कर दिया है कि सदन में महिलाओं की मजबूत उपस्थिति है। सत्ताधारी बीजेपी के सामने अब महिला महापौर के चयन की चुनौती है।

डिंपल मेहता दूसरी बार महापौर बनकर रच सकती हैं इतिहास: महापौर पद की दौड़ में फिलहाल डिंपल मेहता का नाम सबसे आगे चल रहा है। यदि उन पर पार्टी नेतृत्व की मुहर लगती है, तो वे दूसरी बार महापौर बनकर एक नया रिकॉर्ड भी कायम कर सकती हैं। उनके बाद शानू गोहिल, अनिता पाटिल, वंदना पाटिल और दीपिका अरोड़ा के नाम चर्चा में हैं। हालांकि कुछ आंतरिक और क्षेत्रीय समीकरणों के चलते वंदना पाटिल और दीपिका अरोड़ा की राह कठिन मानी जा रही है। वहीं पहली बार जीतकर सदन में पहुंची योगिता शर्मा के समर्थक भी अंतिम समय में किसी चौंकाने वाले फैसले की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

उपमहापौर की रेस में ध्रुवकिशोर का पलड़ा भारी: उपमहापौर पद के लिए ध्रुवकिशोर पाटिल और मदन सिंह को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। इसके अलावा संजय थेराडे जैसे नाम भी अंतिम क्षणों में उभर सकते हैं। ध्रुवकिशोर पाटिल को जहां मनपा प्रशासन और कार्यप्रणाली का अच्छा अनुभव है, वहीं मदन सिंह लंबे समय से इस पद के दावेदार रहे हैं। मौजूदा हालात में अनुभव और संगठनात्मक स्वीकार्यता के चलते ध्रुवकिशोर पाटिल का पलड़ा भारी माना जा रहा है।

मराठी भाषी नेतृत्व को लेकर मांग तेज

महापौर पद को लेकर मराठी भाषी नेतृत्व की मांग लगातार तेज होती जा रही है। राज्य में मराठी अस्मिता और भाषा को लेकर बने माहौल का असर मीरा-भाईंदर के समीकरण पर पड़ता दिख रहा है। महापौर या उपमहापौर, दोनों में से किसी एक पर मराठी भाषी का चयन तय माना जा रहा है।

क्या है निर्णायक फैक्टर: नेतृत्व के लिए सबसे बड़ा पैमाना भरोसा और संगठन के प्रति निष्ठा माना जा रहा है। स्थानीय नेतृत्व का विश्वास जीतने वाले चेहरे ही बाजी मार सकते हैं। इस दृष्टि से डिंपल मेहता, शानू गोहिल और ध्रुवकिशोर पाटिल अन्य दावेदारों से आगे नजर आते हैं।

सोलापुर में भीषण सड़क हादसा, 4 श्रद्धालुओं की मौत, 8 घायल

■ NBT न्यूज, कल्याण : तीर्थयात्रा पर गए डोंबिवली पश्चिम के उमेशनगर इलाके के श्रद्धालुओं से भरा वाहन भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया है। इस वाहन को सोलापुर जिले के मंगलवेढ़ा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 8 घायलों में एक बच्चा और अन्य एक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, डोंबिवली से 12 श्रद्धालु दो दिन पहले तीर्थयात्रा के लिए सोलापुर, कोल्हापुर और पंढरपुर गए थे। महालक्ष्मी देवी, तुलजाभवानी देवी के दर्शन के बाद वे पंढरपुर में विट्ठल-रुक्मिणी के दर्शन के लिए जा रहे थे। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मंगलवेढ़ा से पंढरपुर की ओर राष्ट्रीय महामार्ग पर जाते समय यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि गाड़ी में क्षमता से अधिक करीब 12 यात्रियों को बैठाया गया था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन करीब 30 फीट तक ट्रक के साथ घिसटता चला गया और पूरी तरह चकनाचूर हो गया। कुछ यात्री सड़क पर जा गिरे, जबकि कुछ वाहन के अंदर ही फंस गए थे।

सोलापुर, कोल्हापुर और पंढरपुर की यात्रा पर गए थे श्रद्धालु



तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त वाहन, मृतकों में कल्याण-डोंबिवली के 3 और मुंबई का 1 शामिल।

बच्चे के पेट में घुसा लोहे का हिस्सा

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों और मंगलवेढ़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तत्काल सोलापुर के जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दुर्घटना में सोनम आहिरे (कल्याण), सविता गुप्ता (डोंबिवली), योगिनी केकाणे (डोंबिवली) और आदित्य गुप्ता (मुंबई के परेल) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक बच्चे के पेट में वाहन का लोहे का हिस्सा घुस जाने से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घायलों का इलाज जारी

घायलों में कविता तुडमकर, सोनम गुप्ता, रानी कदम-सोनावणे, आरती गुप्ता, वेद गुप्ता, गणेश गुप्ता, रोहन केकाणे, अंजनी यादव और ड्राइवर नवनाथ हिंडकिड़ी के नाम शामिल हैं। इनमें से कुछ को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। इस दर्दनाक हादसे की खबर फैलते ही डोंबिवली में शोक की लहर दौड़ गई है। पीड़ित परिवार से मिलने के लिए विधायक राजेश मोरे उनके घर पर पहुंचे थे।

फटाफट खबरें

पति से मनमुटाव, पत्नी ने की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, वसई: वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के धुमाल नगर इलाके में सोमवार को एक महिला ने मामूली बात पर आत्महत्या कर ली। वारदात से पहले उसने पति को वाट्सऐप पर खुदकुशी करने का मेसेज भेजा था। फिलहाल पुलिस एडीआर के तहत मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार वसई पूर्व, धुमाल नगर के जीवदानी चॉल निवासी मधु पाठक (19) ने किसी वजह से खाना नहीं बनाया था, इस पर दंपती में विवाद हो गया। पति बिना खाए ही काम पर गया, जिसके बाद पत्नी ने पति को मेसेज किया कि मैं जा रही हूं। इसके बाद उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

ऑपरेशन से डरकर की आत्महत्या

■ NBT न्यूज, वसई : वसई पश्चिम स्थित हाली मोहल्ला इलाके में एक 20 वर्षीय युवती ने पैर के ऑपरेशन से डरकर आत्महत्या कर ली। उसे डर था कि ऑपरेशन के दौरान कहीं उसे पैर काटने की नौबत न आ जाए। इस डर से उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। ग्रीन पार्क निवासी तमन्ना शाह (20) जब 12 साल की थी, उस वक्त स्कूल बस से उतरते वक्त उसका पैर फ्रैक्चर हो गया था। अब डॉक्टरों ने पैर का ऑपरेशन करने की बात कही। तमन्ना को डर लग गया कि कहीं ऑपरेशन के दौरान उसका पैर काट न दिया जाए। इसी वजह से उसने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

पॉलिश के बहाने गहने की ठगी, 2 गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, पालघर: बोईसर पुलिस ने ऐसे दो ठगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने 13 जनवरी को पॉलिश करने के बहाने एक वृद्धा के साढ़े तीन लाख के गहने लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों से सारे गहने बरामद कर लिए हैं। बोईसर के डीजे नगर निवासी हंसीदेवी रौतेला (73) सब्जी मार्केट से घर जा रही थी, तभी रास्ते में उसे दो अज्ञात लोग मिले और गहने पॉलिश करने की बात कही। इसी बहाने उसने वृद्धा से सोने की चेन और दो कंगन लेकर भाग गया। पुलिस निरीक्षक सुनील जाधव और उनकी टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर के आधार पर आरोपी धीरज उर्फ पापा राजाराम राठौड़ और दिनेश हीरालाल सोलंकी को ठाणे, मुंबई से गिरफ्तार कर लिया।

मेयर का चयन 3 फरवरी को

■ NBT न्यूज, ठाणे: ठाणे मनपा में महापौर के लिए 30 जनवरी को नामांकन दाखिल किया जाएगा और 3 फरवरी को मतदान होगा। महापौर पद SC वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। ठाणे में शिंदे की शिवसेना को 75 सीटें मिली हैं। महायुति में शामिल BJP को 28 सीटें मिली हैं। BJP की तरफ से ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। SC वर्ग के लिए आरक्षित सीट से शिंदे शिवसेना के 7 और BJP के दो नगरसेवक चुने गए हैं। शिवसेना में इस पद के लिए दावेदारों में वॉर्ड 3A से पदमा भगत, वॉर्ड 6A से वनिता घोगरे, वॉर्ड 7A से विमल भोईर, वॉर्ड 9A से गणेश कांबले, 16A से डॉक्टर दर्शना जानकर, 24A से आरती गायकवाड और वॉर्ड 28A से दीपक जाधव के नाम चर्चा में हैं।

नायगांव पुलिस ने किया शराब की अवैध भट्ठियों को ध्वस्त, 3 पर केस

■ NBT न्यूज, वसई : कामन-भिवंडी रोड के बेलकड़ी जंगल में चल रही शराब की अवैध भट्ठियों पर नायगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में अवैध भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लाखों रुपये का रसायन नष्ट कर दिया है।

जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर नायगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कामन स्थित बेलकड़ी गांव के जंगल में राजेश हडल, चंद्रकांत खरपुडे और संतोष मलावकर अवैध रूप से शराब की भट्ठियां चलाते हैं। सीनियर पीआई संजय हजारे के मार्गदर्शन में क्राइम पीआई विजय कदम, सहायक पुलिस निरीक्षक गणेश केकान सहित अन्य ने जंगल में छापेमारी कर शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई में पुलिस ने 3 लाख 67 हजार रुपये का रसायन नष्ट किया। इसके साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के ड्रम आग के हवाले कर दिए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

'पोस्टर' पर नगरसेवक के पिता की शिकायत

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में जीत के आए कॉर्पोरेटर मधुर म्हात्रे के पिता उमेश म्हात्रे ने लापता नगरसेवक वाले पोस्टर को लेकर कोलसेवाड़ी पुलिस में शिकायत की है। उन्होंने कहा है कि इस पोस्टर से उनके पुत्र नगरसेवक मधुर की बदनामी हो रही है।

इससे पहले शिवसेना (UBT) ने लापता नगरसेवकों को लेकर पोस्टर चिपकाए थे, जिसमें मधुर म्हात्रे को लापता बताया गया है। मधुर के पिता उमेश ने कहा, 'चुने जाने के बाद मधुर भगवान के दर्शन करने बाहर गए थे और उनका फोन बंद रहा। वह हमारे संपर्क में हैं। उनके पोस्टर लगाकर उनके लापता होने को लेकर इस मामले में बदनामी होने के संबंध में पुलिस स्टेशन में मैंने शिकायत दर्ज कराई है।' उन्होंने कहा है कि मधुर ने पार्टी नहीं छोड़ी है और उनके लौटने के बाद उनकी भूमिका का पता चलेगा। शिवसेना (UBT) के जीतने वाले 11 उम्मीदवारों में से मधुर म्हात्रे, कीर्ति ढोणे, स्वप्नाली केने और राहुल कोट के कोंकण डिविजनल कमिश्नर के पास मौजूद नहीं होने के कारण पार्टी की ओर से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

पेड़ों को काटने के नोटिस का हुआ विरोध

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई मनपा ने पामबीच रोड के नीचे सानपाडा इलाके में अंडरपास को मंजूरी दी थी। यहां अंडरपास बनाने के लिए करीब 440 पेड़ों को रास्ते से हटाना पड़ेगा, जिसके लिए मनपा ने सभी पेड़ों पर नोटिस चिपका दिया है। इसके तहत 111 पेड़ों को काटने का निर्णय लिया गया है और 229 पेड़ों को स्थानांतरित करने का नोटिस चिपकाया गया है। जब यह नोटिस यहां पर मॉर्निंग वॉक करने वाले नागरिकों के ध्यान में आया, तो उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। अब सभी लोगों ने नवी मुंबई सिटीजन फाउंडेशन के तहत एकमंच पर आकर विरोध करने का निर्णय लिया है।

सानपाडा इलाके में अंडरपास को मंजूरी दी गई थी

फाउंडेशन के सदस्य श्रीकांत पटकी ने कहा कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गई, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि हमने मनपा के साथ पत्राचार शुरू कर दिया है और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। गुरुवार को हमारा एक प्रतिनिधिमंडल वॉर्ड ऑफिस जाकर अपना निवेदन सौंप कर इस परियोजना का विरोध दर्ज कराएगा।

बीच-बचाव करने गया, हुई हत्या

■ NBT न्यूज, भिवंडी: शांतिनगर स्थित न्यू आजाद नगर इलाके में पति-पत्नी के बीच हो रहे झगड़े में बीच-बचाव करने गए एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। तीन लोगों ने मिलीभगत करके धारदार हथियार से दिलशाद शाह पर हमला कर दिया, जिससे युवक की सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में शांतिनगर पुलिस ने आरोपी आसिफ शाह, अलीहसन शाह और मुजफ्फर शाह को गिरफ्तार कर लिया है।

राजनीति से बड़ा है राज्य, देश और समाज: शिंदे

■ NBT न्यूज, ठाणे: राज्य के उपमुख्यमंत्री और ठाणे के पालकमंत्री मंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि राजनीति और सत्ता संघर्ष से बड़ा राज्य, देश और समाज है। उनकी कोशिश धर्म से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर किसी के साथ अन्याय किए बिना महाराष्ट्र को कल्याणकारी राज्य बनाना है। शिंदे गणतंत्र दिवस के मौके पर साकेत मैदान में ध्वजारोहण के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनका सपना है 'विकसित ठाणे, विकसित महाराष्ट्र, विकसित इंडिया।' उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उद्योग मंत्री उदय सामंत की अगुवाई में लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट एग्रीमेंट्स का करार होने से लगभग 40 लाख नौकरियां पैदा होंगी।

भिवंडी BJP के गटनेता पद पर संतोष शेट्टी की नियुक्ति

NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा में बीजेपी के गटनेता पद पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नगरसेवक संतोष शेट्टी की नियुक्ति की गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर निर्देश दिया है। मनपा में बीजेपी के 22 नगरसेवक जीते हैं और मनपा में यह दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

मनपा चुनाव के बाद बीजेपी की ओर से निर्वाचित वरिष्ठ नगरसेवकों में संतोष शेट्टी, प्रकाश टावरे, निलेश चौधरी, नारायण चौधरी, यशवंत टावरे, सुमित पाटील और ऐड. वैभव भोईर ने पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में गटनेता पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। दावेदारों की संख्या को देखते हुए स्थानीय संगठन की ओर से प्रभारी विधायक महेश चौघुले और बीजेपी शहर अध्यक्ष रवि सावंत ने चयन का अंतिम निर्णय प्रदेश नेतृत्व पर छोड़ दिया था। संतोष शेट्टी लगातार छठी बार मनपा चुनाव जीते हैं। उन्होंने बीजेपी के शहर जिलाध्यक्ष के रूप में लगातार दो कार्यकाल (आठ वर्ष) तक काम किया है। उनके इसी लंबे अनुभव को देखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सिफारिश पर प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने संतोष शेट्टी के नाम पर मुहर लगाई। शहर अध्यक्ष रवि सावंत को पत्र भेजकर उनकी नियुक्ति स्पष्ट कर दी गई है।

अपनी नियुक्ति पर संतोष शेट्टी ने कहा कि मैं राज्य सरकार से शहर के विकास कार्यों के लिए भारी निधि लाने और विकास को प्राथमिकता देने का काम करूंगा।

स्टेट अपडेट

पुणे में मां ने बेटे का किया मर्डर

■ भाषा, पुणे : पुणे में एक महिला ने मंगलवार तड़के अपने 11 वर्षीय बेटे की धारदार हथियार से कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और अपनी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी पर भी हमला करने का प्रयास किया, लेकिन पड़ोसियों ने उसे बचा लिया। पुलिस ने बताया, यह घटना वाघोली इलाके की एक सोसाइटी में हुई। जानकारी के अनुसार, महिला ने अपने 11 वर्षीय बेटे का गला कथित तौर पर रेत दिया, जिससे लड़के की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है।

'सम्मान मिलना मेरी कंपनी के कर्मियों के लिए गर्व का क्षण'

■ आईएएनएस, नागपुर : पद्मश्री से सम्मानित होने पर सोलार इंडस्ट्रीज के चेयरमैन सत्यनारायण नंदलाल नुवाल ने सोमवार को कहा, यह सम्मान मिलना मेरे परिवार और मेरी कंपनी में काम करने वाले 15 हजार कर्मचारियों के लिए गर्व का क्षण है। नुवाल ने कहा, 'मैंने कभी इसके बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने पद्मश्री देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। रक्षा क्षेत्र में काम करने वाली अपनी कंपनी के कार्य के बारे में बताते हुए नुवाल ने कहा, हमारी कंपनी ने शुरुआत से ही ऐसे प्रोडक्ट्स पर फोकस किया, जो कि भारत में बनते नहीं थे या फिर उनकी आपूर्ति मांग के मुताबिक नहीं थी।

पुणे: महिला ने की आत्महत्या, पति और सास गिरफ्तार

■ पीटीआई, पुणे : पुलिस ने मंगलवार को बताया, जिले में एक महिला के पति और उसकी सास (वर्तमान में गांव की सरपंच) को कथित दहेज उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया, पैसे की एक के बाद एक मांग करने के अलावा, ससुराल वालों ने कथित तौर पर हाल ही में महिला को गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया था। बता दें कि दीप्ति चौधरी (30) ने कथित तौर पर 24 जनवरी को हवेली तालुका के मोरतापवाडी में अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।



शुक्रवार को ठाणे में 24 घंटे पानी बंद

■ NBT न्यूज, ठाणे: एमआईडीसी की ओर से निर्धारित मरम्मत कार्य के चलते ठाणे मनपा क्षेत्र के विभिन्न भागों में शुक्रवार को पानी आपूर्ति बाधित होगी। जांभूल पानी शुद्धिकरण केंद्र में पैनल अपग्रेडेशन और अति आवश्यक मरम्मत कार्य का काम शुक्रवार को किया जाएगा। इसके चलते गुरुवार 29 तारीख की देर रात 12 बजे से शुक्रवार 30 तारीख की रात 12 बजे तक 24 घंटे पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान दिवा, मुंब्रा (वार्ड क्रमांक 26 और 31 के कुछ भागों को छोड़), कलवा और वागले वार्ड समिति के अंतर्गत रूपा देवी पाड़ा, किसन नगर 2, नेहरू नगर और मानपाड़ा वॉर्ड समिति के अंतर्गत कोलशेत खालचा गांव में पानी की आपूर्ति बंद होगी। पानी आपूर्ति पूर्ववत होने के बाद अगले 1-2 दिन आपूर्ति कम दबाव से होगी।

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

निविदा सूचना क्रमांक: ई-निविदा/2026/02, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: क्रम सं., ई-निविदा सं. एवं कार्य का विवरण निम्नानुसार है: (1) ई-केजीपी-वेस्ट-01-2026, खड़गपुर मंडल के लिए पाकुड़/तालझारी/बड़हरवा डिपो में 50 मिमी माप में 1,90,274 घनमीटर हार्ड स्टोन मशीन क्रशित बैलास्ट की आपूर्ति एवं उतारना तथा रेलवे के वैगनों/हॉपरों में इसे लादना। निविदा मूल्य: रु. 39,09,72,702.42, बयाना राशि: रु. 21,04,900/-, (2) ई-केजीपी-वेस्ट-02-2026, एडीईएन/झाड़ग्राम के कार्यक्षेत्र में घाटशिला और राखामाइन्स स्टेशन के पास पुलों नं. 120, 129 और 130 में मौजूदा सबवे का सुधार एवं उत्थान। निविदा मूल्य: रु. 2,29,30,541.97, बयाना राशि: रु. 2,64,700/-, (3) ई-केजीपी-ईस्ट-01-2026, खड़गपुर मंडल के लिए बाकुड़ी/राजग्राम/सिमलपाल डिपो में 50 मिमी माप में 1,80,691 घनमीटर हार्ड स्टोन मशीन क्रशित बैलास्ट की आपूर्ति एवं उतारना तथा रेलवे के वैगनों/हॉपरों में इसे लादना। निविदा मूल्य: रु. 36,43,65,499.04, बयाना राशि: रु. 19,71,800/-, निविदा कागजात का मूल्य: रु.0.00 (प्रत्येक के लिए), खुलने की तिथि: 12.02.2026 (प्रत्येक हेतु), कार्य की समापन अवधि: 18 माह (क्रम सं. 1 एवं 3 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। बोली प्रारंभ होने की तिथि: 29.01.2026 से 12.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 से 3 के लिए)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/शर्तें/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1093)

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. जेएमपी-इलेक्ट-72-आरई-2025, दिनांक 24.01.2026: उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा निविदा सं. जेएमपी इलेक्ट 72 आरई 2025 के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। बंद होने की तारीख/समय 18.02.2026 को 15.00 बजे। बोलीदाताओं निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल्य/बोलीयां ऑनलाइन जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे अनदेखा कर दिया जाएगा। कार्य का नाम: जमालपुर में आईआरआईएमईई, एसएसईस्ट हॉस्टल की एयर कंडीशनिंग के साथ ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि तथा सहायक सुविधाएं मुहैया का कार्य। विज्ञापित निविदा मूल्य: रु. 1,46,16,462.44; बयाना राशि: रु. 2,23,100, निविदा दस्तावेज की कीमत: शून्य। खोली शुरू होने की तारीख: 01.02.2026; बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने की विस्तृत निर्देश एवं विनिर्देशों तथा पद्धति के लिए www.ireps.gov.in देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-368/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिरूप ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम निम्नानुसार हैं : 1. सीकेपी-वेस्ट-25-26-39, एसएसई (वर्क्स)/झारसुगुडा के अधीन 30.06.2027 तक की समाप्त अवधि के लिए झारसुगुडा सेटलमेंट के तहत आवासीय भवनों के लिए जोनल कार्यों का निष्पादन (द्वितीय आमंत्रण)। निविदा मूल्य: रु. 1,61,00,000/-, बयाना राशि: रु.2,30,500/- 2. सीकेपी-साउथ-25-26-28, (i) चक्रधरपुर-डांगुवापोसी में 22.650 टीकेएम के लिए और बड़ाजामदा जंक्शन-बरबिल खंड में 7.586 टीकेएम के लिए पीक्यूआरएस मशीन द्वारा/मैनुअल रूप से यू-सलीपर रिन्यूअल (प्राइमरी) {टीएसआर (पी)} जिसमें बीसीएम द्वारा/मैनुअल रूप से डीप स्क्रीनिंग कार्य शामिल है, शेष सामान्य कार्य का निष्पादन, नाले का निर्माण/मरम्मत और अन्य विविध पी-वे संबंधित कार्य। (ii) वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में राजखरसावां जंक्शन - पदापहाड़ (डाउन) खंड में 2.850 टीकेएम के लिए पीक्यूआरएस मशीन द्वारा यू-सलीपर रिन्यूअल (प्राइमरी) {टीएसआर (पी)} जिसमें बीसीएम द्वारा डीप स्क्रीनिंग कार्य शामिल है, शेष सामान्य कार्य का निष्पादन और अन्य विविध पी-वे संबंधित कार्य। निविदा मूल्य: रु. 5,00,35,324.47, बयाना राशि: रु.4,00,200/-, 3. सीकेपी-साउथ-25-26-29, वरिष्ठ डीईएन (दक्षिण)/चक्रधरपुर के कार्यक्षेत्र में राजखरसावां जंक्शन-पदापहाड़, पदापहाड़-रुखाड, पदापहाड़-बरबिल और बड़ाजामदा जंक्शन-गुआ खंड के विभिन्न यार्ड में कुल 269 सेट के लिए यू टर्नआउट रिन्यूअल (टीआरटीएस) (दूसरा आमंत्रण)। निविदा मूल्य: रु. 2,14,78,912.46, बयाना राशि: रु.2,57,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: रु. 0 प्रत्येक हेतु। खुलने की तिथि: 12.02.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 16.02.2026 (क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। निविदा वेबसाइट: http://www.ireps.gov.in में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। टिप्पणी: ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/ जीईसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-1095)

भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल)
(भारतीय रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी)
पो.ऑ. आरबीएनएमपीएल, सालबनी-721132, पश्चिम मेदिनीपुर जिला, पश्चिम बंगाल
फोन नंबर: 03227-280176/280317, ईमेल: salbonipress@brbnmpl.co.in

खुली निविदा पूछताछ (ओटीई)/राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली (एनसीबी)

निम्नलिखित ई-निविदाओं के लिए दो-भाग बोली प्रणाली के तहत बोलियां आमंत्रित की जाती हैं–

1. बीआरबीएनएमपीएल, सालबोनी के प्लांट हॉस्पिटल में हेल्थ केयर सर्विसेज के मैनेजमेंट और आस-पास के गांवों में सीएसआर सर्विसेज के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से एकत्रित ई-निविदा; एमएसटीसी ईवेंट नं. बीआरबीएनएमपीएल/सालबनी प्रेस/एमएसटी/46/25-26/ईटी/85 [हेल्थ केयर सेवाओं का प्रबंध]; निविदा संख्या 019/साल/पीयूआर/2025-26 [अनुमानित लागत– ₹138.00 लाख]।
2. बीआरबीएनएमपीएल, सालबोनी के जनरल स्टोर्स में कार्टिंग हैंडलिंग और अन्य विविध कार्यों के लिए मैनपावर की आपूर्ति के लिए एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से ई-निविदा; एमएसटीसी ईवेंट नं. बीआरबीएनएमपीएल/सालबनी प्रेस/एमएसटी/45/25-26/ईटी/84 [जनरल स्टोर के लिए मैनपावर]; निविदा संख्या 020/साल/पीयूआर/2025-26 [अनुमानित लागत– ₹79.55 लाख]।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि क्रमांक 1 के लिए 09.02.2026, सुबह 11:00 बजे तक और क्रमांक 2 के लिए 27.02.2026, सुबह 11:00 बजे तक है। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण डाउनलोड करने के लिए, कृपया वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर जाएं। निविदा विवरण हमारी वेबसाइट www.brbnmpl.co.in पर भी उपलब्ध है। आगे कोई विस्तार या संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर अपलोड किया जाएगा।

वरिष्ठ महाप्रबंधक

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
खुली ई-निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्रीय रेलवे प्रबंधक की ओर से, वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कारवार द्वारा www.ireps.gov.in प्रणाली पर निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

अ.क्र.: 1. कार्य का नाम: गोवा राज्य में कोंकण रेलवे के एसईएन/एमएओ अनुभाग के अंतर्गत पेरनेम टनल के भीतर पृथक स्थानों पर कि.मी. 384/740 से 384/765 तक 25 मीटर लंबाई में फॉर्मेशन प्राउटिंग का कार्य तथा कि.मी. 383/580 से 384/960 के बीच पोंचू प्राउटिंग का कार्य करना (कंप्यूटर नं.: 69635)। निविदा सूचना क्र.: केआर/केडब्ल्यू/ओएल/डब्ल्यू/2026/03-आरवी। कार्य की लागत (लाख में): रु. 327.72 (जीएसटी को छोड़कर)। समापन तिथि एवं समय: 18.02.2026 को 15:00 बजे।

अ.क्र.: 2. कार्य का नाम: गोवा राज्य में कोंकण रेलवे के एसईएन/एमएओ अनुभाग के अंतर्गत ओल्ड गोवा टनल के भीतर फॉर्मेशन ग्राउटिंग (कि.मी. 412/070 - 412/110 तथा कि.मी. 412/200 - 412/225) एवं स्टील लाइनिंग (कि.मी. 412/010 - 412/030 तथा कि.मी. 411/935 - 411/945) का कार्य करना (कंप्यूटर नं.: 69323)। निविदा सूचना क्र.: केआर/केडब्ल्यू/ओएल/डब्ल्यू/2026/04-आरवी। कार्य की लागत (लाख में): रु. 382.34 (जीएसटी को छोड़कर)। समापन तिथि एवं समय: 18.02.2026 को 15:00 बजे।

अधिक जानकारी हेतु वरिष्ठ क्षेत्रीय अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, कारवार के कार्यालय से संपर्क करें। अधिक विवरण के लिए (https://www.ireps.gov.in) पर देखें।

सीमा शुल्क निवारक आयुक्तालय
मुंबई सीमा शुल्क क्षेत्र-III
निपटान अनुभाग, छानबीन एवं आसूचना स्कंध, नया सीमा शुल्क भवन, बैलार्ड एस्टेट, फोर्ट, मुंबई-400 001
ईमेल: disposal-prev@gov.in

ई-नीलामी सूचना

CRGO स्टील शीट्स के 01 लॉट की ई-नीलामी सह ई-निविदा संख्या MSTC/WRO/Customs Preventive/12/Mumbai/25-26/57768 का संचालन 07.02.2026 को निपटान अनुभाग, आर एंड आई, नए सीमा शुल्क भवन द्वारा मैसर्स MSTC लिमिटेड, 607 रहेजा सेंटर, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021 के माध्यम से किया जाएगा। लॉट (नीलामी कैटलॉग) का विवरण www.mstcindia.co.in पर उपलब्ध है। लॉट का निरीक्षण संबंधित स्थान पर 02.02.2026 और 03.02.2026 को 12:00 बजे से 16:00 बजे तक किया जा सकता है। भागीदारी/पंजीकरण और अन्य नियमों व शर्तों के लिए, www.mstcecommerce.com पर लॉग इन करें या सहायक प्रबंधक, मैसर्स MSTC, फोन नंबर 022-22872011/22886261 से संपर्क करें। बेचे गए माल की डिलीवरी के बाद किसी भी शिकायत पर विभाग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा।

भारत सरकार — अंतरिक्ष विभाग
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, एसडीएससी-शार
श्रीहरिकोटा - 524124
संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं./PT-E-25-029 तिथि. 22/01/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा के माध्यम से मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

क्र.सं.	संक्षिप्त कार्य का नाम	मूल्य (₹)
1	वर्ष 2026-27 हेतु (टर्मसंविदा–VII) नोदकपरिसर, रसायनी में लघुवैद्युत कार्य अनुरक्षण के क्रियान्वयन का टर्म संविदा।	25 लाख

बिक्री हेतु अंतिम तिथि (निविदा दस्तावेज 10/02/2026 को 14:30 बजे तक डाउनलोड किए जा सकते हैं)। पात्रता मानदंड एवं अन्य विवरण हेतु, इच्छुक निविदाकार कृपया https://www.isro.gov.in/Tenders.html वेबसाइट पर विस्तृत द्विभाषी (हिंदी–अंग्रेजी) सूचना आमंत्रित निविदा (एनआईटी) का संदर्भ लें तथा निविदा वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/isro पर निःशुल्क देखें।

हस्ता /- समूह प्रधान, सीएमजी / एसडीएससी शार

भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
(वि.अ.आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन मानित विश्वविद्यालय घोषित)
निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग
वलियमला, तिरुवनंतपुरम, फोन: 0471 - 256 8627, 8621

ई-निविदा आमंत्रित करते हुए संक्षिप्त सूचना 27.01.2026

कुलपति, आईआईएसटी की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा द्वारा ऑनलाइन मद-दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

I. आईआईएसटी, वलियमला में इम्मी थिएटर के लिए टेन्साइल फैब्रिक रूफिंग का अभिकल्पन, संविरचन, आपूर्ति तथा संस्थापन।
ई-निविदा सूचना सं.: IIST/CMD/1-1032 A/E-51. दिनांक :27.01.2026 (PAC: ₹177.27 लाख)

II. आईआईएसटी, वलियमला के प्रशासनिक खंड में परिषद कक्ष में विविध अनुरक्षण कार्य।
ई-निविदा सूचना सं.: IIST/CMD/3-2564 A/E-52. दिनांक :27.01.2026 (PAC : ₹ 54.62 लाख)

निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय : 16.02.2026, 23.59 बजे तक

इच्छुक निविदाकार, योग्यता मानदंड एवं अन्य विवरण के लिए कृपया विस्तृत ई-निविदा (ई-एनआईटी) सूचना देखें, जिसे www.iist.ac.in/ www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किया जा सकता है।

प्रधान, सी.एम.डी, आईआईएसटी

NBT GOOD न्यूज़

मुस्कुराइए, खुश रहेगा दिमाग!
लगातार मुस्कुराने की आदत आपके दिमाग को खुश रहने के लिए तैयार करती है। इससे माइंड खुद-ब-खुद सकारात्मक सोचने लगता है। यह एक आसान दिमागी कसरत है, जो तनाव को कोसों दूर रखती है।

विचार

सबसे खुश लोग वे नहीं है जिनके पास सब कुछ है, बल्कि वे है जो अपने पास मौजूद चीजों का सर्वोत्तम उपयोग करना जानते है और हर परिस्थिति में संतुष्ट रहते है।

– *चार्ली चैपलिन* (Charlie Chaplin)

ज़रा हंस लें

चेलाः बाबा, दाहिने हाथ में खुजलाहट है। बाबाः वत्स, पैसा आने वाला है। चेलाः दाएं पैर में भी खुजलाहट है। बाबाः यात्रा योग बन रहा। चेलाः पेट पर भी खुजलाहट है। बाबाः उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। चेलाः गर्दन पर भी खुजलाहट है। बाबाः दूर हट, तुझे खुजली की बीमारी है...

कविता

मैं तिरंगा हूं

AI Image



क्रांति वीर वीरांगनाओं का स्वप्न हूं,
आजादी के हर कदम का मूलबिंदु हूं,
शहीदों की सांस हूं, जवानों का जोश हूं
देश की आन हूं, देश की शान हूं,
भाईचारे की झलक हूं,
त्याग का प्रतीक हूं,
शांति और समृद्धि का स्वरूप हूं,
सदैव गतिमान रहने की प्रेरणा हूं,
स्वतंत्र भारत की पहचान हूं,
स्वयं में संजोय पूरा हिंदुस्तान हूं,
हर देशवासी का स्वाभिमान हूं,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा हूं।
तिरंगा हूं, मैं तिरंगा हूं।

– लक्ष्मी गुप्ता रुदौली, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

जादुई पाठः अब बच्चे यहां रट्टू तोता नहीं, बल्कि रोबोटिक्स और ड्रोन बनाना सीखते हैं

खंडहर से 'वर्ल्ड बेस्ट' स्कूल का ठाठ

SwatiShindeGole@timesofindia.com

Photos: Mandar Deshpande

■ **पुणे के पास** जालिंदरनगर में एक ऐसा सरकारी स्कूल है, जो किसी अजूबे से कम नहीं। यहां न पुरानी दीवारें हैं, न ब्लैकबोर्ड, बल्कि कांच की दीवारों के बीच बच्चे खुले आसमान तले अपनी मर्जी से पढ़ते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि तीन साल पहले यह वह जिला परिषद (ZP) स्कूल एक खंडहर था, जहां टपकती छत के नीचे सिर्फ तीन बच्चे थे।

2022 में आए टीचर दत्तात्रेय वारे (वारे गुरुजी) ने इसकी तकदीर बदल दी। उनकी अनूठी सोच और मेहनत का नतीजा है कि अक्टूबर 2025 में इस स्कूल को ब्रिटेन के T4 एजुकेशन से 'वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल' (कम्युनिटी चॉइस अवॉर्ड) का खिताब मिला। गुरुजी ने सिर्फ इमारत नहीं, पढ़ाई का तरीका ही बदल दिया। आज यहां 130 बच्चे हैं, जो रट्टू तोता नहीं, बल्कि छोटे वैज्ञानिक हैं।

यहां 10 साल का बच्चा सर्किट बोर्ड बनाता है, तो 13 साल का छात्र 3D प्रिंटर से ड्रोन तैयार करता है। स्कूल में कारपेंट्री, कोडिंग और म्यूजिक जैसी 22 स्किल्स सिखाई जाती हैं। बच्चे एक-दूसरे से सीखते हैं और सहयोग पर जोर देते हैं। म्यूजिक से मैथ्स और क्राफ्ट से साइंस पढ़ाई जाती है।

गांव वालों ने लगाया दिल और पैसा

जालिंदरनगर के महज 150 घर वाले गुरुजी के साथ सपने देखने लगे। उन्होंने अपना पैसा, मेहनत और दिल सब कुछ लगा दिया। पैरेंट सामदेव कहते हैं कि हमने उन पर भरोसा किया। उन्होंने हमसे कहा था कि यह स्कूल सरकार या टीचर्स का नहीं, बल्कि बच्चों का होना चाहिए।

प्राइवेट स्कूलों से लौट रहे बच्चे

पुणे ZP के सीईओ गजानन पाटिल कहते हैं कि सिर्फ तीन सालों में वारे गुरुजी ने मरते हुए स्कूल को 'लिविंग लैबोरेटरी' बना दिया है। जो माता-पिता अपने बच्चों को महंगे इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेजते थे, वो उन्हें वापस यहां ला रहे हैं।

संगमनेर के स्कूल को भी गोद लिया

इस सफलता के बाद टीचर वारे का विजन आगे और फैल रहा है। उन्होंने संगमनेर तालुका के धनगरवाड़ी में भी एक ZP स्कूल को गोद लिया है। एक आईटी कंपनी के फाउंडर रावसाहेब घुगे के कहने पर वारे वहां गाइडेंस दे रहे हैं। वारे ने बताया कि धनगरवाड़ी के बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), साइबर सिक्योरिटी और फाइनेंशियल लिटरेसी सिखाई जाएगी।

NBT जन्मदिन मुबारक

श्रुति हासन

28 जनवरी 1986 को जन्मी श्रुति हासन ने साउथ और बॉलिवुड दोनों जगह नाम कमाया है। वे 'गब्बर इज बैक' और 'सालार' जैसी हिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

शेफाली वर्मा

शेफाली वर्मा का जन्म 28 जनवरी 2004 को हुआ। भारत के लिए डेब्यू करने वाली सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। उनकी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता था।

बसवराज बोम्मई



28 जनवरी 1960 को जन्मे बसवराज बोम्मई कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के बड़े नेता हैं। फिलहाल वे सांसद हैं। वे पूर्व सीएम एस.आर. बोम्मई के बेटे हैं।

निशिकांत दुबे

28 जनवरी 1969 को जन्मे बीजेपी नेता निशिकांत दुबे झारखंड की गोड्डा सीट से लोकसभा सांसद हैं। संसद में बेबाक राय रखने और तीखे भाषणों के लिए वे अक्सर चर्चा में रहते हैं।

4 हज़ार रुपये कमाने वाली आदिवासी महिला अब हैं 'बॉस'

कचरे में मिले कागज़ ने बदल दी किस्मत

Rashmi.Drolia@timesofindia.com

'प्रधानमंत्री सृजन स्वरोजगार योजना' से लोन लेकर शुरू किया ईंटों का काम

■ **रायपुरः** किस्मत कब और कहां से नया रास्ता दिखा दे, कोई नहीं जानता। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की आदिवासी महिला अंजना ओराव की जिंदगी भी एक फटे कागज से बदल गई। जनपद पंचायत खड़गवां में पार्ट-टाइम डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में काम करने वाली अंजना को महीने में सिर्फ 4 हजार रुपये मिलते थे। ग्रेजुएट होने के बावजूद इतनी कम आमदनी में परिवार चलाना मुश्किल था।

2017 में पंचायत कार्यालय के बाहर कचरे के ढेर में पड़े एक फटे कागज ने उनकी सोच बदल दी। उस पर प्रधानमंत्री सृजन स्वरोजगार योजना की जानकारी थी। अंजना ने तय किया कि अब नौकरी नहीं, अपना काम करेंगी। रास्ता आसान नहीं था। बैंक, कागजात और लोगों की हतोत्साहित करने वाली बातें सामने आईं, लेकिन अंजना डटी रहीं।

जिला उद्योग केंद्र के मार्गदर्शन में उन्होंने फ्लाई ऐश ईंट यूनिट का प्लान बनाया। बैकुंठपुर की एक निजी बैंक से 30 लाख रुपये का लोन मिला। अगस्त 2025 में 'अंजना एंटरप्राइजेज' शुरू हुई। ईंटों की बिक्री बढ़ी और हर महीने करीब 60 हजार रुपये की किस्त समय पर चुकने लगी।

राष्ट्रपति भवन में खिले लोक रंग

दिल्ली में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन का प्रांगण लोक-संस्कृति के अनूठे रंगों से खिल उठा। मौका था राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और गणतंत्र दिवस परेड 2026 के कलाकारों की मुलाकात का। आदिवासी मेहमानों और एनसीसी कैडेट्स के जोश ने माहौल में उत्साह भर दिया, मानो पूरा भारत एक छत के नीचे मुस्कुरा रहा हो।

मशीनों से प्याज़ की रोपाई
किसानों को करा रही Feel Good

Sandip.Dighe@timesofindia.com

■ **पुणेः** प्याज की रोपाई अब किसानों के लिए आसान और किफायती बन गई है। जुन्नर तालुका के किसान मैन्युअल रोपाई की जगह ट्रांसप्लांटिंग मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। पहले एक एकड़ में 20-22 मजदूर लगते थे और खर्च 18,000-20,000 रुपये आता था, वहीं अब सिर्फ 5 मजदूर और एक ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ 10,000-12,000 रुपये में काम पूरा हो जाता है। मशीन पौधों को बराबर दूरी और गहराई पर लगाती है, जिससे जड़ों का विकास बेहतर होता है और प्याज का आकार एक जैसा रहता है। इससे फसल की क्वॉलिटी बेहतर होती है, सिंचाई, खाद डालना और निराई आसान हो जाती है। किसान भालचंद्र खोकले और दीपक उर्वाले बताते हैं कि काम तेज और समान होने से तनाव कम हुआ, खर्च घटा और पैदावार बढ़ी। नई तकनीक ने खेती में क्रांति ला दी है।

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
33, ब्लॉक-जीएन, सेक्टर-V,
बिधान नगर, कोलकाता-700 091

(विज्ञापन संख्या 04/2026)
महानिदेशक के पद के लिए आवेदन आमंत्रण

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संगठन है, जो मुख्य रूप से अनौपचारिक विज्ञान शिक्षा के माध्यम से लोगों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने में नियोजित है।

महानिदेशक, जो एनसीएसएम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी हैं, के पद के लिए वेतन मैट्रिक्स -15 (1,82,200 रुपये-2,24,100 रुपये) [प्रारंभिक कुल वेतन लगभग 3,65,288 रुपये] पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस पद पर केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य नियमित भत्ते लागू हैं।

नियुक्ति 05 (पांच) वर्ष के अधिकतम कार्यकाल के लिए या सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, सीधी नियुक्ति के आधार पर होगी।

विवरण के लिए, कृपया परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.ncsm.gov.in पर लॉग ऑन करें। आवश्यक दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों के साथ आवेदन दिनांक 27 फरवरी, 2026 तक सचिव, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद के पास पहुंच जाने चाहिए।

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 100% स्वामित्व वाली कंपनी
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

भर्ती सूचना

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, पोर्ट कनेक्टिविटी सड़क, इंटर मॉडल स्टेशन, रोपवे, वे-साइड सुविधाएं, ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने और अन्य संबद्ध परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है। निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र. सं.	पद के नाम	पद की संख्या	मंडल / विभाग	स्थान
1	सहायक प्रबंधक	02	वे-साइड सुविधाएं	नई दिल्ली

विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया NHLML की आधिकारिक वेबसाइट (https://nhlml.org@current-openings) का Careers सेक्शन देखें।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2026 है। विज्ञापन सं.: 21022026

रसद के माध्यम से व्यवसाय को सुगम बनाते हुए

तमिलनाडु में मंदिरों ने छुई नई ऊंचाई, बारिश से सुरक्षित की गईं धरोहरें

Vivek.Narayanan@timesofindia.com

■ **चेन्नैः** हर साल मॉनसून के दौरान चेन्नै के कई पुराने मंदिरों में सड़क और नालियों का गंदा पानी भर जाता है। व्यासरपाडी के करीब 800 साल पुराने श्री रविस्वरर मंदिर में हर बरसात में आसपास की सड़कों का पानी गर्भगृह तक पहुंच जाता है। इसी तरह मन्नाडी के श्री कालिकाबल मंदिर में भारी बारिश के दौरान सीवर का पानी परिसर में भर जाता है। इन समस्याओं से निपटने के लिए अब मंदिरों को ऊंचा किया जा रहा है। श्री कालिकाबल मंदिर के 5 मंजिला राजगोपुरम को जैक लिफ्टिंग तकनीक से करीब 4 फीट ऊपर उठाया जा रहा है। वहीं श्री रविस्वरर मंदिर के गर्भगृह और मंडपों को मौजूदा फर्श से करीब 7 फीट तक ऊपर किया जा रहा है।

तमिलनाडु के अन्य हिस्सों में मौजूद पुराने मंदिरों को बाढ़, मिट्टी के कटाव और बढ़ते ट्रैफिक से होने वाले कंपन का खतरा बढ़ता जा रहा है। इसे देखते हुए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त विभाग ने 25 मंदिरों में स्ट्रक्चर को ऊपर उठाने और नींव मजबूत करने का फैसला लिया है। इंजिनियरों के अनुसार, मंदिरों की दीवारें 3 से 5 फीट मोटी होती हैं, जो पत्थर और चूने के मसाले से बनी हैं। जैक लिफ्टिंग एक नियंत्रित तकनीक है, जिसमें पूरे ढांचे को धीरे-धीरे ऊपर उठाया जाता है। मंदिर को ऊपर उठाने की मंजूरी 10 सदस्यीय राज्य स्तरीय कमिटी देती है। अधिकारियों के मुताबिक अब तक 11 मंदिरों में यह काम पूरा हो चुका है। इनमें चेन्नै के नौ, चेंगलपट्टू और तिरुपुर के एक-एक मंदिर शामिल हैं। चेन्नै में कोलाथुर, पाडी, विल्लिवाक्कम और कोसापेट अरनपेट जैसे इलाकों के मंदिरों में काम पूरा हो चुका है। पूरी, व्यासरपाडी, अशोक नगर और वलसरवाक्कम समेत 14 इलाकों में काम जारी है।

25 मंदिरों में जैक लिफ्टिंग तकनीक का इस्तेमाल

मंदिर उठाने का प्रोसेस

- सबसे पहले मंदिर की पूरी स्ट्रक्चरल जांच की जाती है। इसमें नींव, वजन उठाने वाले हिस्से, मिट्टी और सब-सॉयल को परखा जाता है।
- मंदिर के एक हिस्से में कम से कम पांच फीट तक खुदाई की जाती है।
- मुख्य खंभों और दीवारों के नीचे एक साथ काम करने वाले स्क्रू जैक लगाए जाते हैं।
- मंदिर को बहुत धीरे-धीरे और एकसाथ छोटे-छोटे स्टेप्स में ऊपर उठाया जाता है।
- जब तय ऊंचाई तक मंदिर ऊपर आ जाता है तो उसी लेवल पर नया मजबूत सब-स्ट्रक्चर तैयार किया जाता है। इसके बाद मंदिर को स्थायी रूप से बैठा दिया जाता है और रास्ते व ड्रेनेज सिस्टम को नई ऊंचाई के अनुसार बदला जाता है।

प्रोग्रेस रिपोर्ट

- अब तक 11 मंदिरों में काम पूरा हो चुका है
- 14 मंदिरों में काम अभी चल रहा है

हमारी प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सेवा करना और मंदिरों की सुरक्षा करना है। इसमें भगवान हमारे साथ हैं।
-पीके शेखर बाबू, मंत्री, HR&CE मिनिस्टर

अरुलमिगु सोमनाथ स्वामी मंदिर, कोलाथुर

- इस मंदिर का निर्माण करीब 300 साल पहले आर्काट के नवाब के समय कस्बे के जमींदार शिव नेसर ने कराया था। इसके सामने दो तालाब हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-27-2026 22:46 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । बुधवार, 28 जनवरी 2026

> जब समाज के कुछ वर्गों को शिक्षा से वंचित रखा जाता है, तब असमानता बनी रहती है - *अमर्त्य सेन*

संतुलन की ज़रूरत

उच्च शैक्षणिक संस्थानों में समानता के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) की ओर से जारी रेगुलेशंस पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस कानून को लाया गया है SC-ST और OBC स्टूडेंट्स की गरिमा व सम्मान की रक्षा के लिए, पर सवर्ण समाज इसे लेकर सशंकित है। नए नियमों की मंशा पर शायद ही किसी को शक हो, चिंता इसमें संतुलन की कमी को लेकर है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है।

UGC के नए नियम

सवर्ण समाज की चिंता । Promotion of Equity in Higher Education Institutions Regulations को UGC ने 13 जनवरी को नोटिफाई किया था। इसमें SC-ST और OBC स्टूडेंट्स के खिलाफ होने वाले भेदभावों की व्याख्या करते हुए इन्हें रोकने के इंतजाम किए गए हैं। इसके विरोधियों का कहना है कि इसमें उनके प्रति होने वाले भेदभाव को शामिल नहीं किया गया है और स्वाभाविक रूप से उन्हें ही दोषी मान लिया गया है।

अलग था ड्राफ्ट । इन रेगुलेशन को सालभर की जद्दोजहद के बाद लागू किया जा सका है। सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2025 में UGC को नए नियम बनाने का आदेश दिया था। इसका जो ड्राफ्ट आया, वह फाइनल से बिल्कुल अलग था। ड्राफ्ट में झूठी शिकायत पर जुर्माने का प्रावधान था, पर दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति के सुझाव पर उसे खत्म कर दिया गया।

झूठी शिकायत का डर । समिति का तर्क था कि इससे पीड़ित शिकायत करने से डरेंगे। यह सोच सही हो सकती है, लेकिन झूठी शिकायतों से निपटने के कुछ उपाय तो किए ही जाने चाहिए थे। इसी तरह, पहले से यह मान लेना सही नहीं कि सवर्ण समाज के स्टूडेंट्स के साथ भेदभाव नहीं हो सकता।

भरोसा नहीं । नियमों के पालन और निगरानी के लिए संस्थान के स्तर पर समिति और उप-समितियां बनाने का प्रावधान है, लेकिन उनमें भी सवर्ण समाज की नुमाइंदगी नहीं रखी गई है। इन वजहों से नियमों के दुरुपयोग की चिंता है। हालांकि सरकार भरोसा दिलाने की कोशिश कर रही है, लेकिन BJP में भी स्थानीय स्तर पर कुछ नेताओं के इस्तीफे देने से लगता नहीं कि असर हो रहा है।

चिंताजनक आंकड़े । जातिगत आधार पर भेदभाव समाज की एक कड़वी सच्चाई है। आंकड़े बताते हैं कि 2019-20 में संस्थानों में ऐसी 173 शिकायतें दर्ज की गई थीं, जो 2023-24 में बढ़कर 378 हो गईं। इनको रोकने के लिए सख्त नियमों की जरूरत है, लेकिन उससे किसी वर्ग को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसकी अनदेखी हो रही है।

US, चीन व रूस से मिली चुनौतियों ने EU को समझौते के लिए मज़बूर किया

झटके खाकर डील पर बनी बात

लंबे इंतजार के बाद भारत और यूरोपीय यूनियन आखिर मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंच गए। यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा है यानी सबसे बड़ा समझौता। दोनों के बीच लंबे समय से यह डील अटकी हुई थी और इस बार इसे अंजाम तक पहुंचाने के पीछे अप्रत्याशित घटनाक्रम है।

प्रणव ढल सामंता

दोनों को फायदा | अमेरिका के साथ डील न होने से भारत पर दबाव | EU की तरजीही व्यापार व्यवस्था का हिस्सा बनेगा भारत

देरी की वजह । भारत का यूरोप सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ऐसे में EU के साथ मुक्त व्यापार समझौता हमेशा से जरूरी था, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण लंबे अरसे से नौकरशाही की भूलभुलैया में उलझ कर रह गया। अब जब डील हो गई है, तो सवाल है कि क्या बदलाव आया है? यूरोपीय यूनियन की सफलता अब तक मोटे तौर पर तीन बड़े बाहरी सहारों पर टिकी थी। पहला सहारा, नैटो के जरिये मिलने वाली सुरक्षा, जिसके पीछे मुख्य रूप से अमेरिका है। दूसरा सहारा, रूस से ऊर्जा (तेल-गैस) जरूरत पूरी होना और तीसरा सहारा - चीन के साथ व्यापार व निवेश संबंध।

ट्रंप का डर । पिछले कुछ बरसों में इन तीनों सहारों को झटका लगा है। इसकी शुरुआत डॉनल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल से हुई। इसके बाद जो बाइडन के Inflation Reduction Act ने मुसीबत बढ़ाई और अब ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पूरी सुरक्षा व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रीनलैंड विवाद से यूरोप सन्न है। उसे लगता था कि द्विपक्षीय समझौतों के जरिये उसने ट्रंप को साथ लिया है, पर अमेरिकी राष्ट्रपति फिर से टैरिफ के नाम पर दबाव बना रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि ट्रंप के साथ कोई मुद्दा कभी खत्म नहीं होता।

रूस पर निर्भरता । यूरोप के लिए दूसरी मुसीबत ऊर्जा क्षेत्र में है। यूक्रेन युद्ध के कारण उसे रूस पर निर्भरता कम करनी पड़ी है। उसे सुरक्षित विकल्प चाहिए, लेकिन ट्रंप के रहते अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है। दूसरे विकल्प कठिन हैं और महंगे भी। इसके साथ ही अमेरिका ने साफ कर दिया है कि यूरोपीय देशों को अपनी सुरक्षा के लिए भुगतान करना होगा। इसका मतलब है डिफेंस बजट में इजाफा करना।

> यूरोप को चाहिए भरोसेमंद सैन्य और आर्थिक साझेदार

चीन की कारें । इस बीच चीन के साथ भी यूरोप के रिश्ते उलझ रहे हैं। यूरोपीय यूनियन में चीन की इलेक्ट्रिक कारों को मंजूरी देने को लेकर विवाद बढ़ गया है। चीनी कंपनियों की वजह से यूरोप की ऑटो कंपनियों को खतरा है। EU ने पहले बैटरियों पर भारी टैरिफ लगाया था, लेकिन चीन ने धमकी दी कि वह यूरोप से उसके यहां आने वाले डेयरी प्रॉडक्ट्स पर रोक लगा देगा। इसके बाद EU को चीनी इलेक्ट्रिक वीकल्स को मंजूरी देनी पड़ी। कुछ साल पहले दोनों के बीच निवेश को लेकर बड़ा समझौता हुआ था, पर उस पर बात आगे नहीं बढ़ पाई है।

भारत पर भरोसा । पिछले एक साल में यूरोप ने अमेरिका, रूस और चीन के साथ अपने रिश्तों में भारी उथल-पुथल देखी है। इस बीच ट्रंप ने चीन के साथ 'G2' का विचार रखा है। इसमें रूस को मिलाकर 'G3' की भी बात हो रही है। एक नई वैश्विक व्यवस्था की चर्चा ट्रंप ने छेड़ दी है, जिससे ट्रांस अटलांटिक अलायंस की बुनियाद पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। इन हालात में यूरोप को नए बाजार की ही नहीं, विश्वसनीय और अनुकूल सैन्य व आर्थिक साझेदारों की भी जरूरत है। भारत पर भरोसा किया जा सकता है, क्योंकि उसके सामने खुद चुनौतियां हैं।

मुनाफे का सौदा । यह डील भारत और EU, दोनों के हित में है। आसियान देशों के साथ व्यापार के उलट, यूरोपीय संघ के साथ भारत का व्यापार प्रतिस्पर्धा पर नहीं, जरूरत पूरा करने पर आधारित है। EU के साथ करीब 136 अरब डॉलर के व्यापार में भारत को लगभग 15 अरब डॉलर का फायदा होता है। वहीं, चीन के साथ EU का व्यापार 300 अरब डॉलर का घाटा देता है।

अब मिलेगी तरजीह । भारत के लिए सबसे बड़ा नुकसान यह रहा है कि वह अब तक EU की किसी भी तरजीही व्यापार व्यवस्था का हिस्सा नहीं था। दक्षिण एशिया के कई देशों को EU के साथ व्यापार में जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज का फायदा मिलता है। यूरोप ने इन देशों को कम विकसित श्रेणी में डाल रखा है। इसी तरह, तुर्किये, इस्राइल समेत कई देशों को Pan-Euro-Mediterranean (PEM) कन्वेंशन का फायदा मिलता है। वहीं, अफ्रीका, पैसिफिक और कैरेबियन क्षेत्र के 79 देश भी यूरोप के साथ व्यापार में तरजीह पाते हैं। भारत को इनमें से कोई फायदा नहीं मिलता। उसे पूरे EU टैरिफ का सामना करना पड़ता है, जो कई बार अमेरिका से भी ज्यादा होता है। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से इससे राहत मिलेगी। भारतीय निर्यातकों को तुरंत फायदा मिलेगा।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

अगर इच्छाएं छोड़ दीं, तो घर छोड़ने की ज़रूरत नहीं

निर्मल जैन

त्याग का अर्थ छोड़ना या फेंकना नहीं। इसका मतलब है कि हमारे पास सब कुछ बना रहे, लेकिन उसके खोने और पाने, लुटने-मिटने, छूटने-छिनने का भय न रहे। त्याग और समर्पण के बिना लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता, क्योंकि दुनिया में कुछ हासिल करने के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। श्रीराम ने राजसुख त्यागा तो मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।

यह भी हमेशा याद रखना है कि एक को छोड़ने पर ही दूसरे की प्राप्ति संभव है। जब हम पहले रखे हुए कदम को उठाते हैं, तभी दूसरा कदम रखना मुमकिन होता है। पेट में अवशेष तत्व का त्याग करने पर ही भोजन की रुचि पैदा होती है। शुद्ध वायु ग्रहण करने के लिए फेफड़ों में मौजूद अशुद्ध वायु को छोड़ना पड़ता है। नया शरीर धारण करने के लिए एक दिन जर्जर शरीर का भी त्याग कर देना पड़ता है। जिस प्रकार रुका हुआ पानी सड़ने लगता है, उसी प्रकार पेट यदि खाए हुए पदार्थों को अपने अंदर ही संग्रह करता रहे तो अनेक बीमारियां पैदा होती हैं।

AI Image

पूर्वजों ने कहा है, जिसने इच्छा का त्याग कर दिया उसे घर छोड़ने की कोई जरूरत नहीं, और जो इच्छाओं से बंधा है, उसके वन में चले जाने पर भी कोई लाभ नहीं। अपनी इच्छा और कामनाओं को छोड़ना ही सच्चा त्याग है। मन में रहने वाली उस इच्छा और रुचि का त्याग कीजिए, जिससे आलस्य, प्रमाद बढ़ता हो। असत्य वचन, चापलूसी, परनिंदा, कटु बोली, व्यर्थ वार्तालाप का त्याग करें, ताकि जीवन में कलह, पश्चाताप, लड़ाई, झगड़े, अशांति पैदा न हों। किसी भी स्थिति में बुरे काम करना, बुरा सोचना और बुरा कहना त्याग करने योग्य है। स्थान, पद, अधिकार के साथ अहंकार का भी त्याग करें।

त्याग करें उस ईर्ष्या का जो रिश्तों में दरार पैदा कर रही है, उस सोच का जो किसी का हक छीनने पर मजबूर कर रही है, उन शब्दों का जो किसी के दिल को कष्ट पहुंचा रहे हैं, ऐसे क्रोध का जो दूसरों के साथ-साथ हमें भी भस्म करता है। जीवन के सभी क्षेत्रों से अशुभ, असुंदर का त्याग करना चाहिए, जिससे शुभ और सुंदरता का उदय हो।

स्त्रियों की गरिमा के साथ पुरुष सम्मान पर भी हो बात

दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल में गैंगरेप आरोपियों को बरी किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने कहा कि किसी पर गंभीर आरोप लगाने के बाद अगर मुकदमा वापस लिया जाता है, तो लोगों को संशय होता है। ऐसे में रेप जैसे गंभीर मामलों को भी संदेह से देखा जाता है। रेप पीड़िता पर भी सवाल खड़े होते हैं और आरोपी के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है।

ऋतु सारस्वत

प्रतिष्ठा धूमिल । कोर्ट ने कहा कि झूठे आरोप में फंसाए गए व्यक्ति की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचता है। उसकी सामाजिक स्थिति खराब हो जाती है और वह आजीवन अवसाद में रहता है। ऐसे नुकसान की भरपाई महज रिहाई देने या सहानुभूति भरी बातों से नहीं हो सकती। अदालत इससे पहले भी रेप के फर्जी मामलों पर चिंता जता चुकी है। हाईकोर्ट ने 'सूरज प्रकाश बनाम सरकार और अन्य' मामले में रेप की FIR यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि कानूनी प्रावधान को पुरुषों को परेशान करने का हथियार बना लिया गया है।

सामाजिक ताना-बाना । पूरी दुनिया में पुरुषों के खिलाफ महिलाओं की शिकायत को पहली बार में ही सच मान लिया जाता है। रेप जैसे मामलों में तो यह अकाट्य हो जाता है। लेकिन, कई बार ऐसी शिकायतें अदालत में फर्जी पाई गई हैं। निर्दोष को बरसों जेल में रहना पड़ता है। UP के ललितपुर का विष्णु ऐसे ही एक फर्जी मामले में 20 वर्षों तक सलाखों के पीछे रहा। अदालत में निर्दोष साबित होने पर जब वह बाहर निकला, उसका पूरा परिवार खत्म हो चुका था।

कॉमन रूम

मानसिकता बदलनी होगी । पुरुषों के खिलाफ होने वाली शिकायत पर पहली नजर में ही वे अपराधी हो जाते हैं। दिल्ली की एक अदालत ने 3 मार्च 2016 को 'राजू भट्ट बनाम सरकार' मुकदमे की सुनवाई के दौरान कहा था कि हम में से कोई भी पुरुषों के सम्मान की बात नहीं करता। महिलाओं के लिए कानून हैं, जिनका वे दुरुपयोग भी करती हैं। लेकिन, उनसे बचने के लिए पुरुषों के पास कुछ नहीं है।

सजा जरूरी । आखिर पुरुषों को झूठे मुकदमे में फंसाने का साहस महिलाओं में कहां से आता है? क्या उन्हें पता होता है कि अदालत का चक्कर लगाने में पुरुष की आर्थिक-सामाजिक स्थिति खराब हो जाएगी और अगर वह निर्दोष साबित हो जाता है तो भी महिला की प्रतिष्ठा को ठेस नहीं पहुंचेगी? 16 अगस्त 2021 को 'विमलेश अग्निहोत्री और अन्य बनाम राज्य' मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि छेड़खानी और रेप से संबंधित झूठे दावों व आरोपों से सख्ती से निपटने की जरूरत है। ऐसा मुकदमा इसलिए भी होता है, क्योंकि वादी को लगता है कि दूसरा पक्ष डर या शर्म से उनकी मांगें मान लेगा। जब तक गलत काम करने वालों को सजा नहीं मिलेगी, तब तक ऐसे घिनौने आरोप लगते रहेंगे।

नाभि में तीर

मार्केट में मूली

मूली आ गई है और छा गई है। हफ्तेभर पहले पचास रुपये की तीन मिल रही थी, अब पांच रुपये की तीन मिल रही हैं। जिन्हें मूली पसंद है, उनकी पौ बारह है। सब्जी में मूली, सलाद में मूली, पराठे में मूली यानी हर बाइट में मूली। सुबह, दोपहर और रात, हर खाने में मूली। इतनी मूली कि जिसे पसंद नहीं, वह मूली को खा जाने वाली नजरों से देख रहा। चांदी सी एकदम सफेद मूली आ चुकी है मार्केट में। हालांकि चांदी के दाम तो आसमान छू रहे हैं, लेकिन मूली कदमों में गिरी जा रही है कि मुझे खा लो अभागो। यही तो सीजन है। पेट को दुरुस्त कर लो। किस्म-किस्म के रोग भगा लो। जो भी आड़म-बगड़म खाया है, उसका असर खत्म हो जाएगा। इस बार सस्ती हूं, हर बार इतनी सस्ती नहीं मिलूंगी।

हरि मृदुल

लेकिन मूली उपेक्षित है। उसकी कोई नहीं सुन रहा। खेतों से उखाड़ कर ताजी-ताजी लाई गई है, लेकिन उसे वह भाव नहीं मिल रहा है, जिसकी हकदार है। पचास की तीन मिल रही थी, तब तो बड़ी इज्जत थी। तब सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी हो रही थी। अब पांच रुपये की तीन मिल रही है, तो हेयदृष्टि से देखा जा रहा है। मानो वह जबर्दस्ती गले पड़ रही हो। दरअसल, हमारे यहां के लोगों की सोच ही ऐसी है कि महंगे को भाव दिया जाता है। महंगी चीजों को ही क्वालिटी समझ लिया जाता है।

देखिए कि मूली के ही बगल में गाजर मौजूद है, लेकिन उसके साथ अलग बर्ताव है। उसकी बड़ी आवभगत हो रही है। एक साथ पांच-पांच किलो खरीदी जा रही है। उसे सलाद में तो पड़ना ही है, हलवा भी बनना है। बेचारी मूली सोच रही है कि काश, उसका भी हलवा बन पाता! जरा सोचिए, इस संसार में कितना भेदभाव है। गाजर और उसकी एक जैसी ही तो कद-काठी है। खेतों में एक ही तरह से उगाई जाती है। एक ही विधि से बाजार में पहुंचती है। फिर इतना ज्यादा भेदभाव क्यों? नादान मूली इतनी सी बात नहीं समझती कि दोनों के रंग अलग हैं। हमारे यहां रंग बहुत मायने रखते हैं। इसी रंगभेद ने ही तो हमारे समाज को इतना बेरंग कर रखा है!!

कांटे की बात

> मुझे विश्वास है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच कोई सकारात्मक समाधान निकल आएगा, किंतु शंकराचार्य होने का सबूत मांगकर प्रशासन ने अपनी मर्यादाओं और अधिकारों का उल्लंघन किया है।

उमा भारती, *पूर्व केंद्रीय मंत्री व बीजेपी नेता*

छोटी बात, बड़ा फ़र्क़

पार्किंसन से गिरे दादाजी तो बनाया WALK

BITS पिलानी गोवा कैंपस में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले अमेय देसाई के दादाजी पार्किंसन की वजह से गिर गए और उनका कूल्हा टूट गया। नर्वस सिस्टम डिसऑर्डर के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए। अपने दादा को ऐसी स्थिति में देखकर अमेय को वॉकिंग एड बनाने का आइडिया आया।

दूर किया गिरने का डर

अमेय ने फ्रीजिंग ऑफ गेट (FOG) पर ध्यान दिया। इसमें व्यक्ति को लगता है कि उसका पैर जमीन से चिपक गया है और जब वह चलने की कोशिश करता है, तो गिर जाता है। अमेय ने ऐसी डिवाइस 'WALK' बनाई है, जो चलते वक्त तालमेल बैठाने के लिए मांसपेशियों के स्टिमुलेशन का उपयोग करती है।

50% कम हुई दिक्कत

WALK को पैरों पर बैंड की तरह पहना जाता है। यह डेटा इकट्ठा कर उन लक्षणों को देखता है जिनसे गिरने का खतरा होता है। अंगों के जमने का पता लगाने पर यह हल्के इलेक्ट्रिकल संकेत देता है, जो स्पाइनल कॉर्ड के नियंत्रण को रिसेट करते हैं। नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ ऐंड न्यूरोसाइंसेज (NIMHANS), बेंगलुरु में भी टेस्ट किया गया। शुरुआती नतीजों में इसे पहनने वालों की दिक्कत 50% तक कम हुई।

जनता जंक्शन — इरफान

एकदा

संकलन : हरिप्रसाद राय

राजेंद्र प्रसाद की चिंता

दिन था 26 नवंबर 1949। संविधान सभा में एक विशेष उत्साह था। वर्षों की मेहनत के बाद संविधान जो तैयार हो गया था। लेकिन, सभा की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद को संविधान के सही ढंग से लागू होने की चिंता सता रही थी। संविधान पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'संविधान चाहे कितना ही उत्तम क्यों न लिखा गया हो, उसकी सफलता सही ढंग से लागू होने में है। हमें ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ईमानदार हों और राष्ट्रहित को स्वयं से ऊपर रखें।' इसके बाद उन्होंने संविधान निर्माण में लगे विद्वानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, लेकिन साथ ही उन अस्थायी कर्मचारियों को भी नहीं भूले, जिन्होंने सहायक के रूप में वर्षों तक निष्ठा से काम किया था। उन्होंने उनके योगदान को पहचानते हुए उन्हें स्थायी नौकरी देने की बात कही। यह सुनकर कई आंखें नम हो गईं, जैसे तीन वर्षों की साधना को सम्मान मिल गया हो। बाद में, राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने यह कहकर निर्धारित पूरा वेतन लेने से इनकार कर दिया कि यह एक गरीब देश के लिए बहुत अधिक है। उनका जीवन और विचार, संविधान की आत्मा के सच्चे उदाहरण थे।

Subrata Dhar

बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़े कांग्रेस

हेमंत राजौरा

पश्चिम बंगाल की राजनीति में कांग्रेस एक बार फिर कठिन लेकिन निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। वर्षों तक लेफ्ट के साथ चुनावी गठबंधन का हिस्सा रही कांग्रेस अब उससे दूरी बनाने के संकेत दे रही है। यह केवल सीटों के बंटवारे या तात्कालिक चुनावी गणित का सवाल नहीं है, बल्कि कांग्रेस के भीतर चल रही उस गहरी बहस का नतीजा है, जिसमें पार्टी के पुनरुत्थान और संगठनात्मक अस्तित्व पर चिंता साफ झलकती है।

वोट शेयर में गिरावट

कांग्रेस और वाम दलों का गठबंधन 2016 से बंगाल में सक्रिय रहा। 2019 लोकसभा चुनाव में दोनों अलग हुए, लेकिन 2021 विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में फिर साथ आए। हालांकि यह प्रयोग कांग्रेस के लिए लगभग हर बार नुकसानदेह ही साबित हुआ। 2021 विधानसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जब कांग्रेस ने लेफ्ट के साथ मिलकर 92 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुल सका। उसका वोट शेयर घटकर महज 3% रह गया।

इसके उलट, 1996 में कांग्रेस बंगाल में मुख्य विपक्ष थी। उसने 294 में से 288 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 82 सीटें जीतकर 39.48% वोट हासिल किया। 2001 में तृणमूल कांग्रेस (TMC) के साथ गठबंधन कर उसने 60 सीटों पर चुनाव लड़ा और 26 सीटें जीत गई। 2011 में 42 सीटें जीतीं। 2016 में लेफ्ट के साथ मिलकर 44 सीटों पर जीत दर्ज की। लेकिन इसके बाद पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरा।

कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग मानता है कि दो दशकों से गठबंधनों पर निर्भरता ने पार्टी को खोखला कर दिया है। राज्य के दो-तिहाई विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का झंडा और चुनाव चिह्न वर्षों तक दिखाई ही नहीं दिया। ऐसे में संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं का जुड़ना और मतदाताओं के बीच पार्टी की पहचान

विशुद्ध राजनीति — कसौटी

कैसे बने, यह सवाल उठ रहा है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि राजनीतिक सुविधा छोड़कर कांग्रेस को अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लेना चाहिए, भले ही तात्कालिक नुकसान क्यों न हो। केरल का संदर्भ यहां अहम हो जाता है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF और वाम मोर्चे में सीधा मुकाबला है। BJP लंबे समय से इसी मुद्दे पर कांग्रेस को घेरती रही है कि वह बंगाल में लेफ्ट के साथ गठबंधन करती है, लेकिन केरल में उन्हीं के खिलाफ लड़ती है। हालिया लोकल बॉडी चुनावों में जीत के बाद कांग्रेस केरल में किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहती। इसका असर राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन राजनीति की सोच पर भी पड़ रहा है।

विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. के दो प्रमुख घटक होने के बावजूद कांग्रेस और लेफ्ट ने बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक कोई औपचारिक बातचीत नहीं की है। यह स्थिति 2021 से बिल्कुल उलट है, जब दिसंबर 2020 में ही दोनों ने साथ चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। उस समय बना संयुक्त मोर्चा पूरी तरह विफल रहा।

लंबे संघर्ष का रास्ता

इन अनुभवों ने कांग्रेस को आत्ममंथन के लिए मजबूर किया है। पार्टी के रणनीतिकार मानते हैं कि अगर कांग्रेस को बंगाल में फिर से राजनीतिक प्रासंगिकता हासिल करनी है तो उसे लंबे समय तक संगठन निर्माण, जमीनी संघर्ष और स्वतंत्र पहचान पर काम करना होगा। इसके लिए अकेले चुनाव लड़ना कठिन जरूर है लेकिन शायद यही एकमात्र रास्ता है।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

राष्ट्रपति का संदेश

राष्ट्रपति का संदेश गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का संबोधन केवल औपचारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि भारत के जीवंत गणतंत्र की आत्मा को अभिव्यक्त करने वाला संदेश था। राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, पुलिस, स्वास्थ्यकर्मियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, इंजिनियरों, किसानों, सफाईमित्रों और श्रमिकों का उल्लेख किया, उससे यह स्पष्ट हुआ कि राष्ट्र निर्माण करोड़ों भारतीयों के परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। भारत का गणतंत्र इसलिए सशक्त है, क्योंकि इसकी नींव समावेशन, समानता और अवसर की अवधारणा पर टिकी है।

-सुभाष बुड़ावन वाला, ईमेल से

readersmail.nbt@gmail.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: ccl Time: 01-27-2026 22:43 Color:

फटाफट खबरें

Q3 मे Vi को राहत, कम हुआ घाटा

■ पीटीआई, नई दिल्ली : कर्ज के बोझ तले दबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (Vi) ने बताया कि दिसंबर 2025 को खत्म हुई तीसरी तिमाही में उसका कुल घाटा कम होकर 5,286 करोड़ रुपये रह गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 6,609 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वहीं, **एशियन पेंट्स** ने बताया कि तिमाही में उसका कुल शुद्ध मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 4.83% गिरकर 1,073.92 करोड़ रुपये रह गया है।

3-नैनोमीटर चिप्स जल्द : वैष्णव

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य साल 2032 तक 3-नैनोमीटर वाले हाई-टेक चिप्स भारत में ही बनाना है। ये वो एडवांस चिप्स है जिनका इस्तेमाल आधुनिक स्मार्टफोन्स और कंप्यूटरों में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही अगले 4 सालों के भीतर भारत तकनीक की 75% श्रेणियों में आत्मनिर्भर बन जाएगा।

RBI ब्याज़ दरें घटा सकता है : रिपोर्ट

■ पीटीआई, मुंबई: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) 6 फरवरी को होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों (रीपो रेट) में 0.25% की एक और कटौती कर सकता है। विदेशी ब्रोकरेज कंपनी 'बैंक ऑफ अमेरिका' के अर्थशास्त्रियों ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों को घटाने के मौजूदा दौर की यह आखिरी कटौती हो सकती है। रीपो रेट वह दर है जिसपर आरबीआई बैंकों को लोन देती है। इस कटौती के बाद रीपो रेट घटकर 5.25% पर आ सकता है। बैंक ऑफ अमेरिका का कहना है कि अगर आरबीआई इस बार कटौती करता है, तो यह इस साइकल की आखिरी कटौती होगी। लेकिन अगर इस बार दरें नहीं घटाई जाती हैं, तो आरबीआई भविष्य में कटौती के रास्ते खुले रखने के संकेत दे सकता है। महंगाई आरबीआई के अनुमान से कम रहने की उम्मीद है।

शेयर बेचकर खरीदें सोना-चांदी?

एक्सपर्ट ने चेताया, सिर्फ हालिया मुनाफा देखकर निवेश करना सही नहीं

AI Image

NBT Explainer

■ NBT रिपोर्ट : शेयर बाजार में गिरावट और सोने-चांदी की रेकॉर्ड तोड़ तेजी को देखकर बहुत से निवेशक अपने शेयर बेचकर कीमती धातुओं में पैसा लगा रहे हैं। कई ऐसे रिटेल निवेशक हैं जिन्होंने पिछले डेढ़ साल में स्मॉल-कैप शेयरों में पैसा गंवाया है। वे अब मुनाफे के चक्कर में इस सोच में पड़े हैं कि क्या शेयरों को बेचकर गोल्ड और सिल्वर ETF में पैसा लगा देना चाहिए? हालांकि एक्सपर्ट का कहना है कि सोने-चांदी पोर्टफोलियो के लिए एक 'हेज' (सुरक्षा कवच) है, न कि मुनाफा कमाने का मुख्य जरिया। सिर्फ हालिया मुनाफे को देखकर निवेश करना जोखिम भरा हो सकता है।

Q कितनी तेजी? : निवेशकों को लुभाने वाली तेजी वाकई हैरान करनी वाली है। मंगलवार को दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत में 7,300 (4.6%) का उछाल आया। इसके साथ ही सोने का भाव 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) के नए रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमतों में एक ही दिन में 40,500 (12.3%) की भारी तेजी आई। अब चांदी का भाव 3,70,000 रुपये प्रति किलो (सभी टैक्स सहित) के नए शिखर पर पहुंच गया है। पिछले सात दिनों में सोने की कीमतों में करीब 9% का उछाल आया है।

Q क्या है वजह? : ET के मुताबिक, सिर्फ साल 2025 में ही सोने ने 75% और चांदी ने 120% का रिटर्न दिया है। वहीं, निफ्टी ने सिर्फ 10% का मामूली रिटर्न दिया है। इस प्रदर्शन ने लंबे समय के लिए शेयरों में पैसा लगाने वालों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। Lighthouse Canton के इन्वेस्टमेंट हेड प्रदीप गुप्ता का कहना है कि सोने-चांदी में कीमतों का यह स्तर कुछ साल पहले तक किसी ने सोचा भी नहीं था। इस तेजी के पीछे दुनिया भर में चल रहे उथल-पुथल का बड़ा हाथ है, जिससे आने वाले समय में भी कीमतें थोड़ी और बढ़ सकती हैं।

Q क्या है जोखिम? : एक्सपर्ट का कहना है कि शेयर बेचकर सिर्फ सोने-चांदी में निवेश जोखिम भरा दांव बन सकता है। प्रदीप गुप्ता का कहना है कि असेट अलोकेशन कभी भी सिर्फ हाल के मुनाफे को देखकर नहीं करना चाहिए। उनका कहना है कि शेयरों से हटकर किया जा रहा यह बदलाव निवेश के बुनियादी सिद्धांतों को छोड़ने जैसा है, जो गलत समय पर भारी पड़ सकता है। प्रदीप गुप्ता आगाह करते हैं कि सबसे बड़ी समस्या यह है कि लोग अपनी जोखिम सहने की क्षमता को भूलकर, बिना बुनियादी बातों को समझे और कीमतों का सही आकलन किए बिना निवेश कर रहे हैं।

क्या करें निवेशक?

आनंद राठी वेल्थ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुभेंदु हरिचंदन कहते हैं कि सोना-चांदी हमेशा एक चक्र में चलते हैं और अक्सर शेयर बाजार की सुस्ती के समय चमकते हैं। शेयरों के उलट, सोने-चांदी से मिलने वाला मुनाफा सिर्फ डिमांड-सप्लाई पर निर्भर करता है। चांदी का पिछला रेकॉर्ड अस्थिर रहा है। पिछले 16 सालों में इसने 50% बार नेगेटिव रिटर्न दिया है। हरिचंदन चेतावनी देते हैं कि भारी तेजी के बाद सोना खरीदना गलत टाइमिंग का शिकार बना सकता है।

आगे क्या होगा?

शेयरों से हो रहे इस पलायन पर गुप्ता कहते हैं कि निवेशकों का शेयरों से दूर जाना सिर्फ कुछ समय के लिए है। जैसे ही मार्केट में वापसी होगी और ग्रोथ दिखेगी, लोग फिर से शेयरों की तरफ लौटेंगे। वेल्थ मैनेजर्स का कहना है कि संस्थागत निवेशक कीमती धातुओं में 5 से 15% तक ही निवेश रखते हैं। इससे ज्यादा पैसा लगाने से पोर्टफोलियो एक ही जगह सिमट जाता है।

भारत-EU के बीच FTA की आस से बाजार गुलज़ार

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। बैंक और मेटल शेयरों में जोरदार खरीदारी, ग्लोबल मार्केट के मजबूत रुख और भारत-यूरोपीय संघ (EU) के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) की उम्मीदों ने शेयर बाजार को सहारा दिया। सेंसेक्स 319.78 अंक (0.39%) चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 126.75 अंक (0.51%) की तेजी के साथ 25,175.40 पर पहुंच गया। सेक्टर के हिसाब से देखें तो मेटल इंडेक्स में 3.11% की सबसे बड़ी तेजी रही। इसके अलावा सर्विसेज, कमोडिटी, सरकारी बैंक, प्राइवेट बैंक और ऑयल एंड गैस सेक्टर भी फायदे में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे ज्यादा मुनाफे में रहे। रिजल्ट के बाद एक्सिस बैंक के शेयरों में 4% से ज्यादा का उछाल आया।

बजट से पहले मनाई गई 'हलवा सेरेमनी'

FM ने खिलाया हलवा, 5 दिनों की 'नज़रबंदी' शुरू

FILE

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

■ पीटीआई, नई दिल्ली: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारंपरिक 'हलवा' रस्म में हिस्सा लिया। इसके साथ ही 1 फरवरी को लोकसभा में पेश होने वाले आम बजट 2026-27 की तैयारियों का आखिरी चरण शुरू हो गया है। निर्मला सीतारमण इस बार अपना लगातार नौवां बजट पेश करने जा रही हैं।

क्या होती है हलवा रस्म?

यह एक पुरानी परंपरा है जिसमें बजट बनाने में शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों को पारंपरिक मिठाई 'हलवा' परोसी जाती है। यह रस्म बजट की गोपनीयता के लिए शुरू होने वाले 'लॉक-इन' पीरियड (एक तरह की नजरबंदी) से ठीक पहले होती है। हलवा रस्म उन अधिकारियों के लिए एक तरह की 'विदाई' की तरह होती है जो बजट बनाने में जुटे हैं। इसके बाद ये लोग नॉर्थ ब्लॉक के बेसमेंट में बंद हो जाते हैं और बाहरी दुनिया से इनका संपर्क पूरी तरह कट जाता है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि बजट की गोपनीयता बनी रहे।

मैनपावर बढ़े, मेडिकल शिक्षा पर फोकस हो

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

बजट अलोकेशन (रुपये में)
2023-24: 83,149 करोड़
2024-25: 89,973 करोड़
2025-26: 99857 करोड़

AI Image

काउंटडाउन बजट 2026 स्वास्थ्य

■ नई दिल्ली : आम बजट से पहले स्वास्थ्य क्षेत्र की नजरें सरकार की प्राथमिकताओं पर टिकी हैं। बीते कुछ वर्षों में डिजिटल हेल्थ, मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, घरेलू उत्पादन और सस्ती दवाओं को लेकर सरकारी फोकस लगातार मजबूत हुआ है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले बजट में इस दिशा को आगे बढ़ाते हुए अब सबसे ज्यादा जोर हेल्थकेयर मैनपावर और मेडिकल शिक्षा पर दिया जाना चाहिए, ताकि आम आदमी तक बेहतर और किफायती इलाज पहुंच सके।

आकाश हेल्थकेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आशीष चौधरी के मुताबिक, आम लोगों के लिए अच्छा स्वास्थ्य सिर्फ अस्पतालों की संख्या से तय नहीं होता, बल्कि इस बात से तय होता है कि वहां कितने प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध हैं। वे कहते हैं कि पिछले बजटों में इंफ्रास्ट्रक्चर और बीमा कवरेज को लेकर अहम फैसले हुए, लेकिन अब जरूरत ऐसी लंबी अवधि की स्वास्थ्य नीति की है, जो इमारतों के साथ-साथ लोगों में निवेश करे। ट्रेनिंग, निरंतर मेडिकल एजुकेशन को बजट में प्राथमिकता मिलनी चाहिए, ताकि देशभर में गुणवत्ता एक-सी हो।

एक्सपर्ट आशीष चौधरी मानते हैं कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में मेडिकल सुविधाओं की कमी आज भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। अगर इन इलाकों में मेडिकल कॉलेजों, टीचिंग हॉस्पिटल्स और आधुनिक ट्रेनिंग सेंटर्स को बढ़ावा दिया जाए तो मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए सरकारी और निजी क्षेत्र की साझेदारी, सिमुलेशन आधारित ट्रेनिंग और स्थानीय स्तर पर इंसेंटिव्स अहम भूमिका निभा सकते हैं।

Duster की वापसी, पर इस बार कई चुनौतियां

Khalid.Amin@timesofindia.com

PTI

फ्रांस की कंपनी Renault ने मंगलवार को चेन्नै में अपनी मिड-साइज एसयूवी Duster को एक बार फिर से लॉन्च कर दिया है।

Auto4U

नई दिल्ली : 2012 में जब रेनॉ (Renault) ने इंडिया में अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी डस्टर (Duster) को उतारा था तो ये एक ताजी हवा के झोंके की तरह आई है। सिडैन और हैचबैक कारों के दबदबे के बीच इसने एक 'अर्बन एसयूवी' के कॉन्सेप्ट के साथ बिल्कुल नया सेगमेंट मार्केट में खड़ा कर दिया था। लेकिन वक्त के साथ डस्टर खुद को अपडेट नहीं कर पाई और इस सेगमेंट में हुंडै क्रेटा जैसी गाड़ियों ने कब्जा कर लिया। अब जब डस्टर की वापसी हुई है तो सामने ये सभी गाड़ियां चुनौतियों की तरह खड़ी हैं। लेकिन इस बार डस्टर भी पूरी तैयारी के साथ आई है। सेल्फ चार्जिंग हाइब्रिड सिस्टम इसकी सबसे बड़ी यूएसपी रहने वाली है।

इन खूबियों के साथ मैदान में

अपने रफ एंड टफ लुक्स के लिए डस्टर पहली भी जानी जाती है थी, नई डस्टर में इसे और बेहतर किया गया है। दिखने में यह काफी मॉडर्न और मस्कुलर लग रही है। तीन पेट्रोल इंजन ऑप्शन दिए हैं। बजट सेगमेंट के लिए एंट्री लेवल टर्बो इंजन, पावर चाहने वालों के लिए 163 पीएस वाला इंजन और माइलेज चाहने वालों के लिए स्ट्रांग हाइब्रिड इंजन का भी विकल्प दिया गया है।

फीचर्स की बात करें तो पैनारोमिक सनरूफ, इलेक्ट्रिक टेलगेट, इलेक्ट्रिक पार्किंग ब्रेक, फ्रंट इलेक्ट्रिक सीट्स वेंटिलेशन के साथ, ADAS, 10 इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम प्लस 10 इंच डिजिटल क्लस्टर, 18 इंच अलॉय वील्स, ऑटो डिमिंग IRVM समेत बेहद लंबी लिस्ट है जो इसे मुकाबले के लिए एक मजबूत खिलाड़ी बनाती है। कंपनी 7 साल तक वारंटी बढ़ाने का विकल्प भी दे रही है। बुकिंग शुरू हो चुकी है। टर्बो पेट्रोल वेरिएंट्स की डिलिवरी अप्रैल से हो सकती है लेकिन हाइब्रिड चाहने वालों को दिवाली तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

क्या है चैलेंज?

डस्टर के लिए वापस अपनी जगह बनाना ही सबसे बड़ा चैलेंज रहने वाला है। इसमें कोई शक नहीं कि फीचर्स से लेकर हाइब्रिड इंजन तक डस्टर पूरी तैयारी से आई है। लेकिन इस वक्त मार्केट में पर जिस तरह से क्रेटा ने कब्जा जमा रखा है उसे हिला पाना आसान नहीं होगा। टाटा सिएरा जैसी गाड़ियों ने सेगमेंट में शानदार एंट्री की है जिसे पहले ही दिन 70 हजार से ज्यादा बुकिंग मिल चुकी है। इसके अलावा किआ सेल्टॉस, टोयोटा हाइराइडर, मारुति विक्टोरिस, ग्रैंड विटारा, स्कोडा कुशाक, फोक्सवागन टाइगुन, एमजी एस्टर और सिट्रोएन सी3 एयरक्रॉस जैसी गाड़ियों ने भी अपनी-अपनी जगह पक्की कर ली।

- रेनॉ का लक्ष्य 2030 तक भारत में 3-5% मार्केट शेयर हासिल करना है।
- वर्तमान में रेनॉ की बाजार हिस्सेदारी 1% से भी कम है।
- अपने रफ एंड टफ लुक्स के लिए डस्टर पहली भी जानी जाती है थी, कंपनी का कहना है कि नई डस्टर में इसे और बेहतर किया गया है।

देश-विदेश

बजट सत्र आज से, अजेंडे पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

सत्र राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू होगा, 1 फरवरी को पेश होगा बजट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ऑल पार्टी मीटिंग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश समेत विपक्षी दलों के सांसद भी मौजूद रहे।

संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है और एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र की शुरुआत लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी।

विपक्ष ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र के दौरान 'विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम' और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर चर्चा की मांग की, जिसे सरकार ने अस्वीकार कर दिया।

बैठक के दौरान, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सीपीएम सांसद जॉन ब्रिटास सहित कई विपक्षी सदस्यों ने सत्र के लिए सरकारी कामकाज का अजेंडा सामने नहीं रखे जाने पर आपत्ति जताई, जिस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह उचित समय पर किया जाएगा। विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम पर चर्चा के लिए विपक्ष की मांग पर सरकार की तरफ से कहा गया कि एक बार जब कोई कानून देश के सामने आ जाता है, तो हमें उसका पालन करना होता है। हम रिवर्स गियर में वापस नहीं जा सकते। साथ ही कहा कि विपक्षी सांसदों ने कई मुद्दे रखे हैं और इन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा के दौरान उठाया जा सकता है।

कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा सत्र के लिए विधायी अजेंडा साझा नहीं किए जाने की शिकायत के बाद रिजिजू ने कहा कि यह साल का पहला सत्र है। आम तौर पर सरकारी कामकाज की लिस्ट राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद साझा की जाती है। हालांकि मैं लिस्ट साझा करने के लिए तैयार हूं।

- सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने कहा कि सरकार सस्पेंस की रणनीति अपनाती है
- बीजेडी ने ओडिशा के किसानों की समस्याओं और फसल बीमा में देरी का मुद्दा उठाया

चीन के सबसे ताकतवर जनरल यौशिया को क्यों हटाना पड़ा?

NBT Explainer

चीन की सेना के सबसे टॉप जनरल झांग यौशिया (Zhang Youxia) पर गंभीर आरोप लगे हैं। अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, उन पर अमेरिका को चीन के परमाणु हथियारों से जुड़ी गोपनीय जानकारी लीक करने और करप्शन के आरोप हैं। इस कारण उन्हें पद से हटा दिया गया है। चीन में इस कदम को सिर्फ एक व्यक्ति पर कार्रवाई के रूप में नहीं, बल्कि चीन की राजनीति, सेना और सत्ता संतुलन से जुड़ा संकेत क्यों माना जा रहा है।

Q यह जनरल इतने अहम क्यों?
जनरल झांग चीन की सेना की सर्वोच्च कमान सेंट्रल मिलिट्री कमिशन (CMC) के सदस्य थे। सीएमसी सीधे तौर पर राष्ट्रपति और पार्टी प्रमुख शी चिनफिंग के अधीन काम करती है। सीधे शब्दों में कहें तो जनरल झांग के ऊपर सीएमसी के चेयरमैन शी चिनफिंग ही थे। बताते हैं, जनरल झांग कभी शी के करीबी थे। बाद में मतभेद बढ़ते गए।

Q चीन ने वजह क्या बताई? चीन के रक्षा मंत्रालय ने उन पर अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगाए गए। साथ ही, CMC के अंदर गुटबाजी करने और पार्टी में फूट डालने का भी आरोप है। चीन की परंपरा के मुताबिक, आरोपों का ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया, लेकिन चीन में करप्शन और टॉप लीडरशिप के प्रति वफादारी न दिखाने पर ऐसे ही आरोपों के तहत जांच शुरू की जाती है।

Q असल वजह क्या मानी जा रही? अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि जनरल झांग पर चीन के परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़ा डेटा अमेरिका को लीक करने का शक है। जनरल झांग पर पूर्व रक्षा मंत्री की नियुक्ति के लिए रिश्वत लेने, प्रभाव बढ़ाने के लिए राजनीतिक गुट बनाने जैसे आरोप भी हैं।

Q क्या तख्तापलट की कोशिश थी? रिपोर्ट है कि जब राष्ट्रपति शी जून 2025 में दो हफ्तों के लिए 'गायब' हुए तो जनरल ने मिलिट्री कमिशन में पकड़ मजबूत करने के लिए कमिशन के अन्य सदस्यों से सीक्रेट मीटिंग्स कीं। इन्हें 'तख्तापलट' की कोशिशों के रूप में देखा गया। **एपी**

SC ने एसिड अटैक की घटनाओं का ब्योरा मांगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एसिड अटैक के मामलों पर मंगलवार को कड़ा रुख अपनाया और सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों से ऐसे मामलों की विस्तृत जानकारी मुहैया कराने को कहा। कोर्ट ने कहा कि सरकारें साल-दर-साल एसिड अटैक के मामलों की संख्या, अदालतों में उनकी स्थिति और पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कदमों का ब्योरा पेश करें। कोर्ट ने चार हफ्तों में ब्योरा मांग गया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में हाई कोर्टों समेत अपीलीय अदालतों में दायर अपीलों की संख्या भी बताएं। साथ ही, केंद्र से यह विचार करने को कहा कि कानून में ऐसे बदलाव किए जाएं, जिससे एसिड अटैक के दोषियों को असाधारण सजा दी जा सके। सुप्रीम कोर्ट जनहित याचिका सुन रहा है।

भारत में विमान बनाएगी ब्राज़ील की कंपनी एम्ब्रेयर



■ मनीष अग्रवाल, नई दिल्ली: ब्राजील की एम्ब्रेयर (Embraer) कंपनी और भारत की अदाणी डिफेंस ऐंड एयरोस्पेस ने हाथ मिलाते हुए भारत में मेक-इन-इंडिया कॉन्सेप्ट पर विमान बनाने की घोषणा की है। यह साझेदारी भारत में मौजूदा 'उड़ान' स्कीम की तरह टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद करेगी। इसमें रीजनल कनेक्टिविटी की डिमांड को पूरा करने के लिए स्मॉल और मीडियम कैटिगरी के 80 से 152 सीट वाले प्लेन बनाए जाएंगे। एनबीटी के सवाल पर अदाणी डिफेंस ऐंड एयरोस्पेस के डायरेक्टर जीत अदाणी ने बताया कि पांच साल के अंदर पहला प्लेन भारत में उड़ान भरना शुरू कर देगा। एम्ब्रेयर के साथ मिलकर जल्द ही भारत में हवाई जहाज बनाने की यूनिट लगाई जाएगी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक – २०२५–२०२६

जाहीर सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक– २०२५–२६ करिता बृहन्मुंबई महानगरपालिकेच्या सर्व १ ते २२७ निवडणूक प्रभागांकरिता निवडून आलेल्या उमेदवारांची नावे, त्यांचा पक्ष आणि त्यांनी मिळवलेली वैध मते याबाबतची अधिसूचना दिनांक १९ जानेवारी, २०२६ रोजी महाराष्ट्र शासन राजपत्र असाधारण भाग दोन असाधारण क्रमांक ११ अन्वये प्रसिद्ध करण्यात आलेली होती. त्यामध्ये प्रभाग क्रमांक १४१ करिता निवडून आलेल्या उमेदवाराला मिळालेल्या वैध मतांमध्ये सुधारणा करण्यात आलेली असून त्याबाबतचे शुद्धीपत्रक शासन राजपत्रामध्ये दिनांक २८ जानेवारी, २०२६ रोजी प्रसिद्ध करण्यात येत आहे.

दिनांक २७ जानेवारी, २०२६

सही/–
भूषण गगराणी
आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका

PRO/2787/ADV/2025-26

कर मतदान, सांगतंय संविधान!

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
Office of the Executive Engineer,
North Mumbai Division,
Public Works Department,
Andheri, Mumbai.
EPC E-TENDER NOTICE NO.1 (2025-2026)
(CORRIGENDUM NO.04)

1. This office EPC e-tender notice No.1 of 2025-26 letter No.NMD/TC/7022 dated 28/10/2025,
2. This office EPC e-tender notice No.1 (Corrigendum No.1) of 2025-26 letter No.NMD/TC/ 7854 dated 26/11/2025,
3. This office EPC e-tender notice No.1 (Corrigendum No.2) of 2025-26 letter No.NMD/TC/8035 dated 03/12/2025,
4. This office EPC e-tender notice No.1 (Corrigendum No.3) of 2025-26 letter No.NMD/TC/8838 dated 24/12/2025,
5. The following changes are made in notice please read as under.

SR. NO.	DESCRIPTION	ALREADY PUBLISHED	NOW READ AS
1	2	3	4
1	E-Tender Available Date	03/11/2025, 9.45 Hrs to 17/02/2026, 17.00 Hrs	03/11/2025, 9.45 Hrs to 17/03/2026, 17.00 Hrs
2	Pre Bid Meeting Date	02/02/2026 at 15.00 Hrs, in the office of the Chief Engineer, Mumbai, (P.W.) Region, Mumbai Bandhakam Bhavan, 4th Floor, Fort, Mumbai-400001	02/03/2026 at 15.00 Hrs, in the office of the Chief Engineer, Mumbai, (P.W.) Region, Mumbai Bandhakam Bhavan, 4th Floor, Fort, Mumbai-400001
3	E- Tender Opening Date	20/02/2026. at 17.00 Hrs	20/03/2026. at 17.00 Hrs
4	Last date for receiving queries from the interested bidders	28/01/2026 at 17.00 Hrs	25/02/2026 at 17.00 Hrs

All other particulars of the original notice remain unchanged

No.EE/NMD/TC/416
Office of the Executive Engineer,
Northl Mumbai Division,
Public Works Department,
Andheri, Mumbai.
Dute:- 27/01/2026

Sd/-
Executive Engineer,
North Mumbai (P.W.) Division,
Andheri, Mumbai.

DGIPR/2025-2026/ 5378

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

नगर उप अभियंता/इ.नि./3531/पू.उ. दि. 27.01.2026

ई-निविदा सूचना

निविदा सं.	2026_MCGM_1271963
संगठन का नाम	बृहन्मुंबई महानगरपालिका
विषय	टी विभाग में नाहूर गांव, मुलुंड (प) स्थित सीटीएस सं. 551/59 बी भूखंड पर पीसीओ चौकी तथा जिमनाशियम का प्रस्तावित निर्माण
निविदा शुल्क	रु. 18,150/- (अधिक 18% जीएसटी)
ई-निविदा की किंमत (अनुमानित लागत)	रु. 3,77,60,499/- (जीएसटी छोड़कर)
बयाना जमा राशि/ईएमडी	रु. 3,77,700/-
ई-निविदा बिक्री एवं प्रकाशन की तिथि	दि. 28.01.2026 को सुबह 11.00 बजे से दि. 17.02.2026 को दोपहर 14.00 बजे तक
निविदा-पूर्व सभा	05.02.2026 को सुबह 11.30 बजे
निविदा पूर्व सभा का स्थान	निदेशक (ई एस तथा पी) कार्यालय, 3 री मंज़िल, महापालिका विस्तार इमारत, महापालिका मार्ग, मुंबई - 400001.
पत्राचार के हेतु पता	नगर उप अभियंता (ई नि) पू.उ. कार्यालय, 6वीं मंज़िल, म्युनिसिपल गैरेज बिल्डिंग, घाटकोपर बस डेपो के पीछे, पंतनगर, घाटकोपर (पू), मुंबई - 400075
निविदा खोलने का स्थान	नगर उप अभियंता (इ.नि.) पूउ के कार्यालय में ऑनलाईन
संपर्क	श्री. एस. एन. येले, मोबाईल 8451072019 ई-मेल ae04dyce.bces@mcgm.gov.in

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।

ई-निविदा http://mahatenders.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है। हेडर डाटा में विनिर्देशित निविदा प्रस्तुति तथा खोलने की तिथि एवं समय, तिथि में कोई परिवर्तन हो तो वह http://mahatenders.gov.in वेबसाईट पर प्रकाशित किये जाएंगे या नगर उप अभियंता (इनि) पू.उ. के कार्यालय में सूचना पट पर प्रकाशित किये जाएंगे।

कोई कारण बताए बिना उपरोक्त विषय के बारे में प्राप्त कोई आवेदन स्वीकार करने या कोई या सभी आवेदन अस्वीकार करने का अधिकार बीएमसी सुरक्षित रखते हैं।

PRO/2778/ADV/2025-26

स्वाक्षरित/-
नगर उप अभियंता (ई नि) पूर्व उपनगर

Avoid Self medication

भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान मुंबई
संपदा कार्यालय, पवई, मुंबई - ४०००७६
ई-निविदा सूचना

विज्ञापन संख्या: एस-११/२५-२६

भा.प्रौ.सं. मुंबई निम्नलिखित कार्य के लिए हस्ताक्षरित तकनीकी बोली (Technical Bid) एवं वित्तीय बोली (Financial Bid) आमंत्रित करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

कार्य का नाम : आईआईटी बी परिसर में सेंट्रल, लेकसाइड, हिलसाइड क्षेत्र, अमलतास, गुलमोहर एवं सभी गेस्ट हाउसों में रखरखाव एवं मरम्मत कार्यों हेतु टर्म कॉन्ट्रैक्ट।

EO/A/UMBRELLA/CENTRAL, LAKESIDE & HILLSIDE/WKS-220/25-26.

अनुमानित लागत : रु.११,११,११,१११/-, ईएमडी: रु. ४०,००,०००/- ,
समय सीमा: ०१ वर्ष।

इच्छुक बोलीदाता २९.०१.२०२६ से टेंडर दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है।

अधिक विवरण एवं नवीनतम अपडेट के लिए कृपया हमारी वेबसाइट https://www.iitb.ac.in/resources/vendors-tenders

हस्ता/-
अधिशासी अभियंता

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in